वर्ष 69 अंक 166 पृष्ठ 12
भोपाल, सोमवार 16 मार्च, 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत् 2082
महानगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"जीवन आपको बार-बार कुचलता है
और आत्मा को थका देता है,
लेकिन कला आपको याद दिलाती
है कि आपके पास एक आत्मा है।
- स्टेला एडलर

## ऑफ बीट

### वर्ल्ड रिकॉर्ड: अंगूठों के सहारे किए 64 पुशअप



*स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के फिट इंडिया कार्निवल के दूसरे दिन पंजाब के कपूरथला जिले के खिलाड़ी हरप्रीत सिंह उर्फ विक्की देओल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने महज 40 सेकेंड में अंगूठों के सहारे 64 पुश-अप्स लगाकर अपना ही पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। विक्की देओल ने यह रिकॉर्ड हवा में तीन लोहे की रॉड पर संतुलन बनाते हुए बनाया। करीब तीन फीट ऊंचाई पर लगी तीन लोहे की रॉड पर शरीर को हवा में संतुलित रखते हुए उन्होंने केवल अंगूठों के सहारे पुश-अप्स लगाए। उनके इस प्रदर्शन को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। विक्की देओल ने इससे पहले 15 अगस्त 2021 को इसी तरह का रिकॉर्ड बनाया था। उस समय उन्होंने 40 सेकेंड में 40 पुश-अप्स लगाए थे।*

## तमिलनाडु, केरलम, असम, पुडुचेरी में एक चरण में वोटिंग, बंगाल में दो चरण में

# प. बंगाल समेत पांच राज्यों में विस चुनाव का ऐलान, नतीजे 4 मई को

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चुनाव आयोग ने रविवार को असम, केरलम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। पांचों राज्यों में मतदान अप्रैल में होगा, जबकि सभी चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही इन राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि इन पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में कुल 17.4 करोड़ मतदाता हैं। यहां 824 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे। सभी सीटों पर वोटों की गिनती 4 मई को होगी।

इन पांच राज्यों के चुनावों को आगामी राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने वाला भी माना जा रहा है, क्योंकि यहां के नतीजे आने वाले वर्षों में राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि इन सभी विधानसभाओं का कार्यकाल मई-जून 2026 के दौरान समाप्त हो रहा है, इसलिए उससे पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

गौरतलब है कि पिछली बार यानी 2021 के विधानसभा चुनावों का ऐलान 26 फरवरी को किया गया था। उस समय पश्चिम बंगाल में 8 चरणों में मतदान हुआ था, जबकि असम में 3 चरणों में चुनाव हुए थे। तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में तब भी एक ही चरण में वोटिंग हुई थी।

**05 राज्यों में चुनाव:** असम, केरलम, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होंगे।
**04 मई को नतीजे:** सभी राज्यों के चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

**03 तारीखों में मतदान:** असम, केरल, पुडुचेरी में 9 अप्रैल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल (पहला चरण) में 23 अप्रैल और पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा।

**824 सीटों पर मतदान:** पांच राज्यों में कुल 824 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग कराई जाएगी।
**17.4 करोड़ मतदाता:** करीब 17.4 करोड़ वोटर मताधिकार का प्रयोग करेंगे।




रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग ने चुनावी तारीखों का ऐलान किया।

### चुनाव शेड्यूल

| राज्य | सीटें | वोटिंग |
|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल | 294 | 23-29 अप्रैल |
| तमिलनाडु | 234 | 23 अप्रैल |
| असम | 126 | 9 अप्रैल |
| केरलम | 140 | 9 अप्रैल |
| पुडुचेरी | 30 | 9 अप्रैल |




51 दिन चलेगी चुनाव के ऐलान से नतीजों तक पूरी चुनाव प्रक्रिया

रिजल्ट 4 मई 2026

**मतदाता सूची संशोधन में नाम कटे:** चुनाव से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 74 लाख 7 हजार 207 नाम हटाए गए। पश्चिम बंगाल में करीब 58 लाख, केरलम में लगभग 8 लाख, असम में 2 लाख, जबकि पुडुचेरी में सबसे कम 77 हजार मतदाताओं के नाम हटे हैं।



- **तमिलनाडु** में राजनीति लंबे समय से डीएमके और एआईएडीएमके के बीच केंद्रित रही है। फिलहाल राज्य में एमके स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके की सरकार है, जिसने 2021 के चुनाव में कांग्रेस और वामपंथी दलों के साथ गठबंधन कर सत्ता हासिल की थी।



- **केरलम** में परंपरागत रूप से हर चुनाव में सत्ता बदलती है, लेकिन 2021 में वाम मोर्चे ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाई।



- **असम** में 10 सालों से भाजपा सत्ता में है। भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस ने कई विपक्षी दलों के साथ गठबंधन बनाया है।



- **पुडुचेरी** में 2021 में भाजपा ने गठबंधन से सत्ता हासिल की। पहली बार था जब भाजपा सत्ता में सीधे तौर पर भागीदार बनी।

### चार बार सीएम बनने वाली पहली नेता बन सकती हैं ममता

पश्चिम बंगाल में पिछले तीन कार्यकाल से ममता बनर्जी मुख्यमंत्री हैं और उनकी पार्टी टीएमसी का मुकाबला मुख्य रूप से भाजपा से है। यदि इस बार भी टीएमसी जीतती है तो ममता बनर्जी लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री बनने वाली देश की पहली महिला नेता बन सकती हैं।



## कालाबाजारी: 35 सौ में बिका 950 रुपए का सिलेंडर

# सिलेंडर के लिए कई जगहों पर लगा जाम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देश में एलपीजी संकट बढ़ गया है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब-चंडीगढ़, हरियाणा और राजस्थान सहित अन्य राज्यों में सिलेंडर के लिए सुबह से ही गैस एजेंसियों और गोदामों पर लाइनें लग गई हैं। एलपीजी संकट के कारण गैस सिलेंडर की कालाबाजारी भी बढ़ गई है। 950 रुपए में आने वाला घरेलू गैस सिलेंडर 3500 रुपए और 2 हजार रुपए के कमर्शियल सिलेंडर 5 हजार रुपए में बेचा जा रहा है। कई जगहों पर लोग सुबह से ही गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर लंबी कतारों में खड़े नजर आए।

**उत्तर प्रदेश:** कानपुर में एक गैस एजेंसी के बाहर सुबह 9 बजे 'आज गैस नहीं मिलेगी' का नोटिस लगाए जाने के बाद लोगों ने हंगामा कर दिया। लखनऊ में रिसॉर्ट से 88 सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

**राजस्थान:** एलपीजी और सीएनजी स्टेशनों पर भी एक-एक किलोमीटर लंबी लाइनें लग रही हैं। कई वाहन चालक पूरी रात स्टेशन के बाहर इंतजार करने को मजबूर हैं।

**बिहार:** पटना में लोग सुबह 4 बजे से गैस एजेंसी के बाहर लाइन में खड़े दिखाई दिए। नाराज लोगों ने सड़क जाम किया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ।

**पंजाब-चंडीगढ़:** बरनाला में एक चाय विक्रेता के ठेले से सिलेंडर चोरी होने की घटना सामने आई है।

**हरियाणा:** पेट्रोल पंपों पर डीजल की बिक्री सामान्य से ज्यादा हो रही है, लोग अतिरिक्त स्टॉक करने लगे हैं।



### मध्य प्रदेश: सिलेंडर के लिए सुबह से कतारें

मध्य प्रदेश में भी गैस की कमी से आम लोगों और कारोबारियों दोनों को परेशानी हो रही है। कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से कई होटलों और ढाबों के चूल्हे ठंडे पड़ गए हैं। इटारसी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस संकट को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ विरोध जताया।

### पीएनजी उपभोक्ताओं को एलपीजी नहीं मिलेगा

देश में गहराते गैस संकट के बीच सरकार ने सप्लाई नियमों में बदलाव किया है। नए निर्देश के मुताबिक जिन घरों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का कनेक्शन है, उन्हें अब एलपीजी सिलेंडर नहीं दिया जाएगा। सरकार का कहना है कि इससे सीमित गैस आपूर्ति को बेहतर तरीके से उन घरों तक पहुंचाया जा सकेगा जहां केवल एलपीजी पर ही खाना बनता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सेना की ताकत बढ़ी
### पिनाका रॉकेट रेजिमेंट भारतीय सेना में शामिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय सेना ने लंबी दूरी की मारक क्षमता को मजबूत करने के लिए एक और 'पिनाका रॉकेट रेजिमेंट' को शामिल कर लिया है। सातवां पिनाका रेजिमेंट पूरी तरह ऑपरेशनल हो चुका है, जबकि आठवें के आधे से ज्यादा उपकरण मिल चुके हैं। यह रेजिमेंट इस साल के अंत तक सक्रिय हो जाएगा। वर्ष 2020 में छह नए पिनाका रेजिमेंट की खरीद का आदेश दिया गया था। इनमें से दो और रेजिमेंट अगले साल तक सेना में शामिल हो जाएंगे। इसके बाद भारतीय सेना के पास कुल 10 पिनाका रेजिमेंट हो जाएंगे। दरअसल, चीन के साथ गलवान घाटी संघर्ष के बाद सेना ने रॉकेट आर्टिलरी की क्षमता बढ़ाने पर तेजी से काम शुरू किया।



### एच-1बी वीजा: सैलरी के आधार पर होगा चयन

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका ने विदेशी पेशेवरों के लिए जारी किए जाने वाले एच-1बी वीजा की चयन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब तक इस वीजा के लिए आवेदकों का चयन रैंडम लॉटरी सिस्टम के जरिए होता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया वेतन (सैलरी) के आधार पर तय की जाएगी। अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी ने इसके लिए फॉर्म आई-129 का नया सिस्टम लागू करने की घोषणा की है, जो 1 अप्रैल 2026 से अनिवार्य होगा। नए नियम के तहत कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल की जाने वाली याचिका में नौकरी से जुड़ी विस्तृत जानकारी देनी होगी। इसमें वेतन, पद और कार्य की प्रकृति जैसे विवरण शामिल होंगे। इस बदलाव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अधिक अनुभवी और उच्च वेतन वाले प्रोफेशनल्स को एच-1बी वीजा मिलने की संभावना ज्यादा हो। नई प्रक्रिया में आवेदकों को चार अलग-अलग वेतन स्तरों में बांटा जाएगा। इसमें शुरुआती स्तर के पेशेवर, मध्यम अनुभव वाले कर्मचारी और सबसे अनुभवी और उच्च वेतन वाले प्रोफेशनल्स होंगे।

## जंग का 16वां दिन: ईरान का बड़ा आरोप

# एपस्टीन गैंग रच रहा 9/11 जैसी साजिश

**वॉशिंगटन/तेहरान, जेएनएन।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग रविवार को 16वें दिन में प्रवेश कर गई। इस बीच, ईरान के वरिष्ठ अधिकारी अली लरिजानी ने दावा किया है कि अमेरिकी कारोबारी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े कुछ लोग 9/11 जैसे हमले की साजिश रच रहे हैं और इसका आरोप ईरान पर लगाने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने कहा, ईरान किसी भी आतंकी हमले का समर्थन नहीं करता, उसका अमेरिकी जनता से युद्ध नहीं है।

ईरान ने इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया है। मिसाइल के टुकड़े गिरने से उस इमारत को नुकसान पहुंचा है जहां अमेरिकी राजनयिक काम करते हैं। इधर ईरान के खार्ग आइलैंड पर अमेरिकी हमले के बावजूद तेल टैंकरों में कच्चा तेल लोड करने का काम जारी है। वहां 5 टैंकर पहले ही फ्यूल ऑयल भर चुके हैं, जबकि 2 लोड होने का इंतजार कर रहे हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी कि कोई भी देश ऐसा कदम न उठाए जिससे जंग का विस्तार हो।

( संबंधित खबरें पेज 11 पर भी )



### ईरान: सुप्रीम लीडर को लेकर अफवाहें खारिज

ईरान ने सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई के घायल होने की खबरों को खारिज किया है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि वे पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें कोई चोट नहीं लगी है।

**नेतन्याहू को 'ढूंढकर मारने' का ऐलान**

साथ ही ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेकर बड़ा बयान दिया है। आईआरजीसी ने कहा है कि अगर 'बच्चों की हत्या करने वाला अपराधी नेतन्याहू जिंदा है तो उसे ढूंढकर मार दिया जाएगा।' नेतन्याहू की सेहत को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि अफवाहों के बीच वे रविवार को कॉफी पीते दिखाई दिए हैं।

### होर्मुज स्ट्रेट खोलने की कोशिशें तेज

ब्रिटेन के ऊर्जा मंत्री एड मिलिबैंड ने कहा है कि उनके देश समेत कई सहयोगी देश मिलकर होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोलने के विकल्पों पर काम कर रहे हैं। इस अहम समुद्री रास्ते के बाधित होने से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो इसका असर सिर्फ मध्य पूर्व ही नहीं बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ सकता है।

### उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकी ढेर

**पुंछ/उरी, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की एक और कोशिश नाकाम कर दी है। बारामूला जिले के उरी सेक्टर में चल रहे 'ऑपरेशन डिग्गी-2' के दौरान एक पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया गया। वहीं पुंछ जिले में जारी 'ऑपरेशन शेरीकलां' के दौरान एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) शहीद हो गए। सेना के मुताबिक उरी सेक्टर में एलओसी के पास संदिग्ध गतिविधि देखे जाने के बाद सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। 14-15 मार्च की रात बुछार इलाके में घुसपैठ कर रहे आतंकियों को रोकने के दौरान मुठभेड़ हुई।

**पुंछ ऑपरेशन में जेसीओ शहीद**

## नेपानगर में जनजातीय सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने की घोषणा

# प्रोसेसिंग हब बनाया जाएगा बुरहानपुर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुरहानपुर जिला मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उदाहरण है। हम बुरहानपुर को एग्री एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग का हब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश के जनजातीय वर्ग का समग्र विकास हमेशा से ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है। विकास तभी सार्थक है, जब इसके प्रकाश का पूरा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री रविवार को बुराहनपुर जिले के नेपानगर में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने बताया कि नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में दो प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं को शासकीय मंजूरी दी गई है। यह योजनाएं क्षेत्र के 34 हजार 400 किसान परिवारों की तकदीर और तस्वीर बदल देंगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि किसी अनर्गल प्रलाप से कतई प्रभावित न हों। इन परियोजनाओं के निर्माण में हमारी सरकार किसी भी व्यक्ति या किसान को घर से बेघर नहीं होने देगी। हम सबके हितों का बराबर ध्यान रखेंगे। प्रदेश के वनवासियों को दिए गए वन अधिकार पट्टों को अब राजस्व विभाग के माध्यम से संपत्ति की रजिस्ट्री के रूप में बदला जाएगा।



### राहुल गांधी पर साधा निशाना

सीएम ने सम्मेलन के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष को देश की प्रगति पच नहीं पा रही है। विपक्ष देश की साख गिराने का काम कर रहा है। विशेषकर राहुल गांधी अपनी नादानियों से पद की गरिमा का मान लगातार गिरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र का मजाक बनाती है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में हमारे नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने दुनिया में भारत का मान बढ़ाया, लेकिन राहुल गांधी क्या कर रहे हैं, यह पूरा देश देख रहा है।

# भारतीय श्रद्धालुओं की बस खाई में गिरी

## नेपाल: मनकामना मंदिर से लौटते समय हादसा, सात की मौत

**काठमांडू, जेएनएन।** नेपाल के गंडकी प्रांत के गोरखा जिले में शनिवार रात भारतीय तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य यात्री घायल हो गए। सभी यात्री प्रसिद्ध मनकामना मंदिर में दर्शन करने के बाद लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार श्रद्धालुओं को लेकर जा रही माइक्रोबस मंदिर से वापस आ रही थी, तभी अचानक वाहन नियंत्रण खो बैठा और करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर गया। हादसे के बाद मौके पर राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया।

दुर्घटना में घायल सात लोगों को भरतपुर स्थित चितवन मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक बस में एक दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। प्रशासन ने बताया कि बस मनकामना मंदिर से तनहुन जिले के अंबुखैरेनी इलाके की ओर जा रही थी। घटना के बाद देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा। हादसे में बस का ड्राइवर सुरक्षित बच गया, जबकि उसका सहायक घायल हुआ है। नेपाल में पहाड़ी भूगोल और खराब सड़कों के कारण सड़क दुर्घटनाएं आम हैं। विश्व बैंक के मुताबिक 2007 के बाद सड़क हादसों से आर्थिक नुकसान तीन गुना बढ़ गया है।



**सभी मृतक भारतीय नागरिक**

गोरखा जिला ट्रैफिक पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज अर्याल के मुताबिक मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं और सभी भारतीय नागरिक थे। जिला पुलिस प्रमुख भरत बहादुर बीके के अनुसार मृतकों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामालिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलरसी (60) के रूप में हुई है।

### राहुल ने की कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक और दलित नेता कांशीराम को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग एक बार फिर उठाई है। उन्होंने कांशीराम को सामाजिक सशक्तिकरण और उम्मीद का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके योगदान को देश का सर्वोच्च सम्मान मिलना चाहिए।

राहुल गांधी ने कांशीराम की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर यह मांग की। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि कांशीराम ने भारतीय लोकतंत्र की नींव को मजबूत किया और समाज के वंचित वर्गों में राजनीतिक जागरूकता पैदा की।

## कारगर तकनीक | लक्षद्वीप में बन रहा अनोखा प्लांट; मीठे पानी के साथ 24 घंटे मिलेगी बिजली

# अब समंदर का खारा पानी भी बनेगा पीने लायक

**कवरत्ती, जेएनएन।** चारों ओर समुद्र से घिरे द्वीपों के सामने आमतौर पर दो बड़ी चुनौतियां होती हैं- पीने के लिए मीठे पानी की कमी और सस्ती तथा भरोसेमंद ऊर्जा का अभाव। अब लक्षद्वीप में इन दोनों समस्याओं का समाधान खुद समुद्र से ही मिलने वाला है। राजधानी कवरत्ती में एक ऐसा अत्याधुनिक प्लांट तैयार किया जा रहा है, जो समुद्र के तापमान के अंतर से बिजली पैदा करेगा और उसी प्रक्रिया में समुद्री पानी को शुद्ध कर पीने योग्य भी बनाएगा।

यह महत्वाकांक्षी परियोजना पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत काम करने वाले नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी (एनआईओटी) द्वारा विकसित की जा रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह प्लांट इस साल के अंत तक तैयार हो सकता है और पूरी दुनिया के लिए एक नई तकनीकी मिसाल बनेगा।

### ओटीईसी तकनीक पर आधारित होगा प्लांट

कवरत्ती में बन रहा यह प्लांट ओशन थर्मल एनर्जी कन्वर्जन (ओटीईसी) तकनीक पर आधारित है। इस तकनीक में समुद्र की सतह के गर्म पानी और गहरे समुद्र के ठंडे पानी के बीच तापमान के अंतर का उपयोग किया जाता है। इस प्रक्रिया में पहले समुद्र की सतह से लिए गए गर्म पानी को वैक्यूम चेंबर में डाला जाता है, जहां वह भाप में बदल जाता है। यह भाप टरबाइन को घुमाती है, जिससे बिजली पैदा होती है। इसके बाद गहरे समुद्र से लाए गए बेहद ठंडे पानी से इस भाप को ठंडा किया जाता है। इस प्रक्रिया के दौरान संघनन से मीठा पानी तैयार होता है। इस तरह यह प्लांट एक साथ दो काम करेगा- बिजली उत्पादन और समुद्री पानी को मीठे पानी में बदलना।



**रोज बनेगा एक लाख लीटर मीठा पानी**

नए प्लांट से हर दिन करीब एक लाख लीटर पीने योग्य पानी तैयार होगा। सबसे खास बात यह है कि इसे चलाने के लिए न तो डीजल की जरूरत होगी और न ही बाहर से बिजली लेनी पड़ेगी। यह प्लांट अपनी बिजली खुद पैदा करेगा।

### बिजली जरूरत भी पूरी होगी

वर्तमान में लक्षद्वीप में बिजली उत्पादन के लिए मुख्य रूप से डीजल जनरेटरों पर निर्भर रहना पड़ता है। मुख्य भूमि से जहाजों के जरिए डीजल लाना महंगा होने के साथ-साथ समुद्री पर्यावरण के लिए भी जोखिम भरा होता है। नया प्लांट रोजाना करीब 65 मेगावाट बिजली पैदा करने में सक्षम होगा। पूरे लक्षद्वीप की दैनिक बिजली जरूरत 10 से 12 मेगावाट ही है। यह प्लांट यह जरूरत पूरी करने के साथ अन्य द्वीपों को भी अतिरिक्त स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध करा सकेगा।

### पहले से इस्तेमाल हो रही है दूसरी तकनीक

लक्षद्वीप के आठ द्वीपों में अभी लो टेम्परेचर थर्मल डीसैलिनेशन (एलटीटीडी) तकनीक से समुद्री पानी को मीठा बनाया जा रहा है। इस तकनीक में समुद्री पानी को भाप बनाकर और फिर ठंडा करके मीठा पानी तैयार किया जाता है। हालांकि इन प्लांटों को चलाने के लिए डीजल जनरेटर से बिजली लेनी पड़ती है, जिससे लागत बढ़ जाती है और पर्यावरण पर भी असर पड़ता है।

### समुद्र की 1000 मीटर गहराई से आएगा ठंडा पानी

परियोजना का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा समुद्र की गहराई से ठंडा पानी लाना है। इसके लिए वैज्ञानिक 3.8 किमी लंबी पाइपलाइन बिछा रहे हैं। 900 मिमी व्यास की हाई डेंसिटी पॉलीएथीलीन पाइपलाइन 1000 मीटर गहराई से समुद्र का ठंडा पानी ऊपर लाएगी। कवरत्ती के लैगून क्षेत्र में इस पाइपलाइन को जोड़ने और समुद्र में स्थापित करने का काम तेजी से चल रहा है।

## एयर इंडिया: अबू धाबी की सभी और दुबई की पांच उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात पर भी साफ दिखाई देने लगा है। इसी बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एयरपोर्ट अथॉरिटी के निर्देशों के बाद एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने दुबई और अबू धाबी के लिए अपनी अधिकांश उड़ानें रद्द कर दी हैं। 15 मार्च 2026 के लिए कई एड-हॉक उड़ानें रद्द करना पड़ी, जिससे भारत और यूएई के बीच यात्रा करने वाले सैकड़ों यात्री प्रभावित हुए हैं। एयर इंडिया ने बताया कि दिल्ली-दुबई रूट पर अब केवल एक रिटर्न फ्लाइट संचालित होगी, जबकि तय पांच उड़ानों में से चार को रद्द कर दिया गया है। वहीं एअर इंडिया एक्सप्रेस की दुबई के लिए निर्धारित छह में से पांच उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इसी तरह अबू धाबी के लिए एयरलाइन की सभी पांच उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।




### पायलट ड्यूटी बढ़ाने की मंजूरी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण हवाई मार्गों में आए बदलाव को देखते हुए विमानन नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया को अपने पायलटों की ड्यूटी अवधि बढ़ाने की अस्थायी अनुमति दे दी है। अब यूरोप-अमेरिका की लंबी दूरी की उड़ानों के लिए पायलटों की ड्यूटी अवधि 1 घंटा 45 मिनट तक बढ़ाई जा सकेगी।

### अकासा ने बढ़ाया फ्यूल सरचार्ज

इधर, एयर इंडिया और इंडिगो के बाद अब अकासा एयर ने भी फ्यूल सरचार्ज लगाने का फैसला किया है। 15 मार्च से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों पर 199 रुपये से 1,300 रुपये तक का ईंधन अधिभार लगाया जाएगा।

## नगर में आज

### कला प्रदर्शनी
- स्थान: आलियांस फ्रांसिस, शाहपुरा
- समय: सुबह 10 से 6 बजे

### स्वंय सिद्धा-3
- स्थान: रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप
- समय: शाम 7 बजे

### चित्र प्रदर्शनी
- स्थान: मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहलय
- समय: सुबह 11 बजे से

## संक्षिप्त खबरें

### उपभोक्ताओं को मिलावट के प्रति किया जागरूक

**भोपाल।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर रविवार को जिला खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने मिंटो हॉल में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के जरिए उपभोक्ताओं को जागरूक किया। इस दौरान उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही घरेलू स्तर पर मिलावट की पहचान के सरल तरीकों के बारे में बताया गया। गर्मी में बिकने वाले पेय पदार्थों जैसे जूस, मैंगोशेक, आइसक्रीम, आइस कैंडी एवं आइसगोला में मिलाए जाने वाले कृत्रिम रंग और आर्टिफिशियल स्वीटनर के बारे में भी जानकारी दी गई। उपभोक्ताओं को पैक्ड फूड सामग्री खरीदते समय निर्मित तिथि और बेस्ट बिफोर अवश्य देखने की सलाह दी गई।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत

**जागरण, भोपाल।** अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 42 वर्षीय समीर विश्वास अब्दुल्लागंज का रहने वाला था। वह डॉक्टर था। 11 मार्च को वह घर से कचरा फेंकने के लिए पैदल जा रहा था। जहां मरघट के पास रोड़ क्रॉस करते समय अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। इधर, श्यामला हिल्स इलाके में 10 मार्च को पॉलिटेक्निक चौराहे पर हुए एक्सीडेंट में 40 वर्षीय अज्ञात महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने महिला की शिनाख्त करने में जुटी है।

### पेड़ पर फांसी लगाकर महिला ने की खुदकुशी

**जागरण, भोपाल।** अशोकागार्डन थाना क्षेत्र में महिला ने पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका ने कोई सुसाइड नोट नहीं छोड़ा है। जिससे आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 45 वर्षीय सविता थापा पति कृष्णा मूल रूप से नेपाल रहने वाली थी। पिछले 14 साल से वह परिवार के साथ औद्योगिक क्षेत्र में रहकर वहीं पर काम करती थी। शनिवार रात दो बजे उसने पेड़ से फांसी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### करोंद सहित कई इलाकों में आज बिजली कटौती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** सोमवार को शहर के विभिन्न इलाकों में लाइन मेंटेनेंस व अन्य कारणों के चलते बिजली कटौती की जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार आज लाइन मेंटेनेंस कार्य के चलते अशोक विहार, अशोक सम्राट, दशहरा मैदान, अंत्योदय नगर, दुर्गा मंदिर, अशोका गार्डन, नगर निगम कालोनी, दशमेश नगर और आसपास के इलाकों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। इसी तरह करोंद स्थित एज्युकेशन सोसायटी, मित्तल कालेज, अवस्थी फार्म, रीगल एस्टेट, रॉयल होम्स सहित आसपास के इलाकों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक, जनता नगर, जनता क्वार्टर, पंचवटी फेस 1 और फेस 2, नबीबाग, आराधना नगर, रतन कालोनी, मोतीलाल नगर, कृष्णा कालोनी, व्यंजन ढाबा, निशातपुरा थाना व आसपास सुबह 10 से शाम 4 बजे तक, एमपी एमएलए क्वार्टर, जवाहर चौक, नॉर्थ टीटी नगर, गंगोत्री भवन, प्रियदर्शिनी, दशहरा मैदान व आसपास सुबह 9.30 से 1.30 बजे तक और टीनशेड, राम मंदिर, कमला नेहरू स्कूल, अपेक्स बैंक, 74 बंगलो, छप्पन भोग, वीनस स्केल, मालवीय नगर आईसीएच, न्यू मार्केट व आसपास सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। सुहागपुर, हिनौतिया, शुभालय सुहागा, नरेला हनमुंत, गुराड़ी घाट, पिपलिया केशो, आस्ट्रिया कालोनी, सिग्नेचर व आसपास सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी।

---

#### जुएं की फड़ चलाने को लेकर ब्लैकमेलिंग के चलते चली हिस्ट्रीशीटर के घर और बेटे पर गोलियां

# लल्लू ने शादाब को उकसाया, हिजड़ा, रात में पैदा हुए घांघरे में छिप गया बोलकर हमीदिया आने को ललकारा था

### टैंकर व मौलाना के टुकड़ों पर पलने की बात कही, मां-बहन की दी गाली



शादाब कुरैशी



लल्लू रईस



**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** अशोका गार्डन और हमीदिया अस्पताल में चली अंधाधुंध गोलियों के पीछे जुए की फंड संचालित होने की बात सामने आई है। हिस्ट्रीशीटर जुए की फड़ को लेकर आरोपी शादाब कुरैशी उर्फ शादाब गेट को ब्लैकमेल कर रहा था। बेटे इमरान को गोली लगने के बाद लल्लू रईस ने शादाब को फोन पर उकसाया था। उसने गाली-गलौच करते हुए हिजड़ा बोला। टैंकर और मौलाना के टुकड़ों पर पलने की बात कही।

खुद को शेर बता हमीदिया आने के लिए ललकारा था। इसके बाद हमीदिया अस्पताल के इमरजेंसी गेट पर शादाब गेट और साजिब गेट ने गोली चलाई थीं। पूरे शहर की पुलिस आरोपियों की तलाश में 48 घंटे से लगी है, लेकिन आरोपियों का सुराग नहीं लगा है। राजधानी में बदमाशों का नंगा नाच देख सभी दहशत में हैं। इधर, भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने टीम को आदेश दिया है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। जिस पर शक है उसे दबोच लो, पनाह देने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा। जानकारी के मुताबिक, शनिवार अलसुबह पौने पांच बजे हिस्ट्रीशीटर लल्लू रईस का बेटा इमरान (19) सेहरी करने जा रहा था। तिरंगा चौराहे पर उसे शादाब गेट, साजिब गेट, अनस, अल्लू परवेज, गुड्डू स्टेशन, शावर मौलाना समेत अन्य बदमाशों ने घेर लिया और गोलियां चला दीं। इमरान जान बचाकर घर की ओर भागा। आरोपियों ने उसका पीछा और रास्ते में उस पर गोलियां चलाईं। इमरान घर में घुस गया। आरोपियों ने घर में घुसकर गोली चलाईं। एक गोली इमरान के बाएं पैर में लगी। शेष गोलियां दीवार, खिड़की में लगीं। आरोपियों 10-12 राउंड फायर किए। इसके बाद वह भाग निकले थे। घटना के वक्त घर में लल्लू रईस था। बेटे का खून से लथपथ देख वह तुरंत उसे हमीदिया अस्पताल ले गया। जहां उसके साथ चार पुलिसकर्मी भी थे। जैसे ही इमरान का इमरजेंसी वार्ड में इलाज शुरू हुआ। लल्लू रईस ने गुस्से में आकर शादाब गेट को फोन लगा दिया।

### लल्लू ने बोला- गोली तो बच्चा भी चला लेता है, गाली दी

लल्लू रईस ने फोन पर बोला- अबे हिजड़ों रात में गोलियां चलाते हो.., गाली दी। रात में गोलियां चलाते हो.. गाली दी..। रात में पैदा हुए थे क्या? रात में गोलियां चलाते हो। हिजड़े, हसीव टैंकर, शावर मौलाना के टुकड़ों में पल रहा है। गाली दी। तू मर्द होता तो दिन में गोली चलाता। मुझ पर गोली चलाता, तेरा भी नाम होता। मेरा बेटा शेर का बच्चा है। मैं शेर हूं, तुझसे निपट लेंगे। गोली तो बच्चा भी चला लेता है। गाली दी। कहां बिल में घुस गया। हसीव टैंकर, शावर मौलाना, गड्डू स्टेशन के घांघरे में छिप गया क्या? तेरे आकाओं के बिल में घुस गया क्या?

हिम्मत है तो आजा मैं हमीदिया अस्पताल पे हूं।

### किसी ने रोकने की हिम्मत नहीं जुटाई

इस फोन के कुछ देर बाद शादाब गेट और साजिब गेट हमीदिया अस्पताल मोपेड से पहुंचे थे। उन्होंने जैसे ही इमरजेंसी गेट के अंदर लल्लू रईस को देखा कट्टे से गोली मार दी। गोली गेट के कांच में लगी थी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल हो गया। गोली चलाने के बाद आरोपी कट्टा लहराते हुए फरार हो गए। उन्हें किसी ने रोकने की हिम्मत नहीं जुटाई। मौके पर चार पुलिसकर्मी और हमीदिया अस्पताल के गार्ड मौजूद थे। इस मामले में थाना अशोका गार्डन और कोहेफिजा में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज हुई हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

---

### बैरागढ़ फ्लाईओवर निर्माण के चलते ट्रैफिक डायवर्ट,एडवाइजरी जारी




**जागरण,भोपाल।** बैरागढ़ क्षेत्र में बन रहे फ्लाईओवर के कारण ट्रैफिक का दबाव होने के चलते पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है कि खजूरी बायपास से शहर में प्रवेश करने वाले ऐसे वाहन जिनका बैरागढ़ क्षेत्र में कोई काम नहीं है, वे बैरागढ़ आने के बजाय बायपास मार्ग का उपयोग करें। ये वाहन खजूरी बायपास से बायपास रोड होते हुए मुबारकपुर से दाईं ओर मुड़कर गांधी नगर और लालघाटी मार्ग से आवागमन कर सकते हैं। इसी तरह शहर से बाहर जाने वाले वाहन लालघाटी, गांधी नगर और मुबारकपुर बायपास मार्ग का उपयोग कर आ-जा सकते है। पुलिस ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है। बता दें कि लोक निर्माण विभाग द्वारा लाउखेड़ी सीवेज पम्प हाउस से नगर निगम विसर्जन घाट तक फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते बैरागढ़ क्षेत्र में ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है।

---

#### अशोका गार्डन इलाके में बीटेक छात्र की फांसी का मामला

## डिग्री दिलाने के नाम पर हड़पे सवा लाख, तब से तनाव में था इफ्तिखार



**बिहार से भोपाल पहुंचे परिजन, पीएम के बाद शव लेकर हुए रवाना**

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** अशोका गार्डन इलाके में बीटेक थर्ड ईयर के छात्र मोहम्मद इफ्तिखार ने गर्लफ्रेंड को वीडियो कॉल कर लाइव सुसाइड दिखाया था। युवती ने उसके दोस्त को फोन कर इफ्तिखार के घर जाने को कहा। जब तक दोस्त कैपिटल पेट्रोल पंप से उसके घर अशोका गार्डन पहुंचा तब तक छात्र फांसी के फंदे से झूल चुका था।

रविवार को शव का पीएम हुआ। बिहार से उसके पिता मोहम्मद नवाब अली भोपाल पहुंचे। उनका आरोप है कि एक रिश्तेदार ने डिग्री दिलाने के नाम पर सवा लाख रुपए लिए थे। कई बार कहने के बावजूद वह रकम नहीं लौटा रहा था। बल्कि उलटा धमकाता था। प्रताड़ना के कारण बेटा तनाव में था। इसी के चलते उसने फफांसी लगा ली। पीएम के बाद पिता शव लेकर रवाना हो गए। पुलिस की जांच जारी है।

अशोका गार्डन पुलिस के मुताबिक, मूलतः पूर्वी चंपारण बिहार निवासी मोहम्मद इफ्तिखार यहां बैंक कालोनी अशोका गार्डन में किराए से रहता था। वह रातीबड़ स्थित एक निजी कालेज में बीटेक थर्ड ईयर का छात्र था। शुक्रवार रात करीब 12 बजे छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। इससे पहले उसने गर्लफ्रेंड को वीडियो कॉल कर लाइव फांसी का फंदा दिखाया। इससे युवती घबरा गई। उसने इफ्तिखार के दोस्त को कॉल किया। जब तक वह पहुंचा, इफ्तिखार फांसी के फंदे से झूल चुका था। उसका मोबाइल दीवार से चिपका था, ठीक उसने सामने वह फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मृतक के दोनों मोबाइल जब्त कर जांच के लिए भेजे हैं। इधर, छात्र के दोस्तों व युवती के बयान भी दर्ज किए जाएंगे। पुलिस की जांच जारी है।

---

## श्वानों से बच्चों को सुरक्षित रखने मांगा बाउंड्रीवाल के लिए बजट

**सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध के बाद भी स्कूलों में घूम रहे कुत्ते**



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल ।** सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों को श्वान से मुक्त करने के लिए आदेश जारी कर दिए हैं, लेकिन स्कूलों में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नजरअंदाज किया जा रहा है। स्कूलों में बादस्तूर श्वानों की आवाजाही बनी हुई है। क्योंकि स्कूलों में उनकी रोकथाम के लिए कोई इंतजाम नहीं है। भोपाल में करीब 300 प्रायमरी और मिडिल स्कूलों में बाउंड्रीवाल ही नहीं हैं। यह अव्यवस्था आज कल की नहीं बल्कि लंबे समय से बनी हुई है।

कोई व्यस्था को दुरूस्त करने आगे नहीं आ रहा है। इसके चलते गत वर्ष राज्य शिक्षा केंद्र से बजट तक मांगा गया, लेकिन कोई राशि आवंटित नहीं की गई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दोबारा से प्रस्ताव भेजने की तैयारी चल रही हैं। जिला शिक्षा केंद्र का कहना है कि उक्त स्कूलों में लंबे समय से बाउंड्रीवाल नही है। इनमें 50 स्कूलों में बाउंड्रीवाल है, जो जर्जर हो चुकी हैं। लोगाों ने अपने मकान और आंगन को ठीक करने के लिए स्कूल की बाउंड्रीवाल में लगी ईंटें निकाल ले गए और जरूरत होने पर उसके पत्थर तक नहीं छोडे उन्हें भी निकालकर ले गये। शासन की तरफ से कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं होने के कारण लोगों की आवाजाही बनी हुई है। उनसे कोई रोकटोक करता है, तो विवाद करने लगते हैं। उन्हें स्कूलों के प्रांगण में आने से रोका नहीं जा रहा है, जिसके कारण स्कूल का सामान तक चोरी हो रहा है।

### फैल रही गंदगी

बाउंड्रीवाल के अभाव में श्वान के अलावा अन्य दूसरे जानवर भी स्कूल के प्रांगण में जमावड़ा लगा लेते हैं। इससे स्कूल में गंदगी भी फैल रही है। उक्त समस्त समस्याओं को देखते हुए नय प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, ताकि उक्त समस्याओं से निजाद पाने बजट मिल सके सके।

### बढ रही चोरी की घटनाएं

सुरक्षा के माकूल इंतजाम नहीं होने के कारण स्कूलों से बर्तन, भोजन सामान की चोरी होना आम बात है। भदभदा रोड स्थित सेवनिया गौड़ स्कूल से लोग टेबल-कुर्सियां तक चोरी कर ले गए हैं। स्थित से अवगत होने पर राशिकें द्वारा बाउंड्रीवाल बनवाई गई थी। वहीं विदिशा रोड स्थित चैपडाकलां मिडिल स्कूल में चोर मध्यान्ह भोजन के बर्तन चुरा ले गये थे। बैरसिया के नजीराबाद व सोहाया संकुल तहत प्रायमरी और मिडिल स्कूलों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

### डिमांड पर तैयार होगा प्रस्ताव

बीआरसीसी की रिपोर्ट पर बजट केलिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसमें आकलन किया जा रहा है कि एक स्कूल की बाउंड्रीवाल पर कितनी राशि खर्च होगी। राज्य शिक्षा केंद्र के इंजीनियर आकलन करने में लगे हुए हैं। यह पूरा परीक्षण होने के बाद प्रस्ताव राज्य शिक्षा केंद्र को भेजा जाएगा। बजट प्राप्त होने पर स्कूलाों में बाउंड्रीवाल तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

---

## शहरी सीमा में चिन्हित 113 अवैध कालोनियों के अलावा अन्य जगहों पर भी जांच करेगी निगम टीम

### राजधानी में सक्रिय भूमाफिया और अवैध कालोनी विक्रेताओं पर जल्दी ही कसेगा शिकंजा



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में सक्रिय भूमाफिया और अवैध कालोनी विक्रेताओं पर जल्दी ही शिकंजा कसने वाला है। जिला प्रशासन के बाद नगर निगम द्वारा भी कलेक्टर से मिले निर्देश के बाद अवैध कालोनाइजर और भूमाफिया पर शिकंजा कसने के लिए स्पेशल टीम का गठन कर दिया गया है। वर्तमान में जिला प्रशासन के साथ नगर निगम ने इन सभी कॉलोनाइजर और भूमाफिया को चिह्नित कर नोटिस जारी किए हैं और शहर के आसपास बसाई गई कालोनियों की अनुमति से संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। इनमें से जो भी कलेक्टर न्यायालय में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके थे। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी कराई जा रही है। अवैध कॉलोनियों को काटने वाले बिल्डर, कालोनाइजर, किसान व अन्य सहित करीब 113 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराए जाने की तैयारी है। नगर निगम की टीम उन अवैध कालोनियों को भी चिन्हित करेगी, जो अब तक पकड़ में नहीं आ सकी हैं। शहरी क्षेत्र में प्रॉपर्टी के दामों में बेतहाशा हुई बढ़ोत्तरी के बाद लोग शहर क्षेत्र की सीमा के पास ग्रामीण क्षेत्रों में प्रापर्टी की खरीदारी कर रहे हैं। इन्हीं क्षेत्रों में सक्रिय अवैध कालोनाइजर की खोज करने के साथ उनके खिलाफ मामले भी दर्ज किए जाएंगे।

### इन क्षेत्रों में विकसित हो रही हैं कालोनियां

नगरीय सीमा से लगे सेवनिया ओंकारा, कोटरा, पिपलिया बेरखेड़ी, कुराना, थुआखेड़ा, सुरैया नगर, छावनी पठार, कानासैया, खंडाबर, सिकंदराबाद, शोभापुर, कोलुआ खुर्द, अरेड़ी, नरेला वाच्याफ्त, इब्राहिमपुरा, जगदीशपुर, कलखेड़ा, हज्जामपुरा, अचारपुरा, बसई, ईंटखेड़ी सड़क, अरवलिया, मुबारकपुर, बीनापुर, गोलखेड़ी, चौपड़ा कलां, हच्जाम सहित बसई शामिल हैं।

---

### रंजिश के चलते युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जागरण,भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना को 6 आरोपियों ने अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्ष गुड़ा बदमाश है। जिनके खिलाफ पहले से ही कई मामले दर्ज है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 21 वर्षीय संजना ठाकुर पिता राजू अटल अयूब नगर में रहती है। वह एनडीपीएस के एक्ट के तहत तीन बार जेल जा चुकी है। उसका भाई दुर्गेश(19) इलाके का गुड़ा है। जिसका दूसरे बदमाश निखिल रैकवार पिता मुना से पुरानी रंजिश थी। इसका बदला लेने के लिए निखिल अपने अन्य साथियों अजय, करण शाहू, अंकित, विवेक, शिवा के साथ शनिवार रात साढ़े 9 बजे वह उसके घर पहुंचा। जहां दुर्गेश के नहीं मिलने पर उन्होंने वहां पर मौजूद लोगों से मारपीट कर पत्थरबाजी शुरू दी।

## गाली देने से मना किया तो दो भाइयों ने युवक के सिर पर मारा डंडा, मौत

**हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने बढ़ाई धारा**

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गोविंदपुरा इलाके में नाबालिग समेत दो भाइयों ने एक युवक के सिर पर डंडा मार दिया। सात दिन चले इलाज के बाद युवक की मौत हो गई। हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस पहले ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि बाल अपचारी बाल सुधार गृह भेजा है। घायल की मौत के बाद मामले में हत्या की धारा बढ़ा दी गई है। पुलिस के मुताबिक, 40 वर्षीय विष्णु मोरे पिता भीका मोरे पुराना नगर झुग्गी में रहते थे। वह मजदूरी करते थे। आठ मार्च की शाम को उनका भाई संतोष मां से मिलने आया था। संतोष व मां दोनों घर के बाहर बैठे थे। तभी वहां पर पुराना नगर निवासी दो भाई शराब के नशे में गाली गलौच कर रहे थे। संतोष ने उन्हें गाली देने से मना किया। इसके बाद दोनों भाई वहां से चले गए। कुछ देर बाद संतोष भी अपने घर के लिए अन्ना नगर निकल गए। शाम करीब साढ़े छह बजे दोनों भाई डंडा लेकर आए। उन्होंने संतोष को बाहर भेजने को बोला। विष्णु ने बताया कि वह अपने घर चले गए, मां से मिलने आए थे। दोनों भाइयों ने विष्णु से गाली गलौच की। विष्णु ने विरोध किया तो नाबालिग ने उनके सिर पर डंडा मार दिया। इससे विष्णु गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके कान व सिर से खून आ गया। परिजन उन्हें जेपी अस्पताल ले गए। जहां से उन्हें हमीदिया रेफर कर दिया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार शाम को विष्णु ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने रविवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

---

**कार्रवाई** | एडीएम ने जारी किए निर्देश, निजी गैस एजेंसी के कनेक्शन लें होटल, रेस्टोरेंट संचालक

# कलेक्टर के आदेश के बाद भी 50 फीसदी गैस एजेंसियों पर लटके मिले ताले

### अन्य जगहों पर स्टॉक न होने से खाली हाथ लौटे लोग

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में पिछले एक सप्ताह से जारी रसोई गैस की किल्लत लगातार बनी हुई है। लोगों को रसोई गैस की परेशानी से राहत दिलाने के लिए भले ही प्रशासन द्वारा तमाम वादे किए जा रहे हों, लेकिन युद्ध के चलते आई रसोई गैस की किल्लत का असर शहर में लगातार देखने को मिल रहा है। ऐसे में लोगों को समय पर सिलेंडर की डिलीवरी के लिए प्रशासन ने गैस एजेंसी संचालकों को रविवार को भी एजेंसी और गोडाउन को खुला रखने के निर्देश दिए थे, लेकिन आदेश के बाद भी शहर में आधी गैस एजेंसी मालिक एजेंसी पर ताला लगाकर गायब हो गए और जहां एजेंसी खुली भी हुई थी। वहां स्टॉक न होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में इंडेन के सबसे ज्यादा एजेंसियां हैं। इसके अलावा भारत और एचपी की भी एजेंसियां हैं, लेकिन कई जगहों पर उपभोक्ताओं को ताला लगा होने के कारण लौटना






### मुश्किल से हो रही बुकिंग, एजेंसी पर नहीं मिल रहे सिलेंडर

गैस की किल्लत होने की खबरों के बीच ज्यादातर लोगों ने सिलेंडर को जमा करना शुरू कर दिया है, जिसके चलते गैस एजेंसियों के सर्वर लगातार व्यस्त बने हुए हैं। ऐसे में लोगों के सिलेंडर की बुकिंग बहुत ही मुश्किल से हो रही है। इसके अलावा एजेंसी और गोदामों पर भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इस कारण एजेंसी मालिक भी ताला लगाकर गायब हो जा रहे हैं। रविवार को जंबूरी मैदान स्थित विनीत गैस एजेंसी, चांदबड़ स्थित आर्य गैस एजेंसी, नेहरू नगर की राजीव गैस एजेंसी और जवाहर चौक स्थित आरके डिस्ट्रीब्यूटर पर ताला लगा हुआ मिला। वहीं शाहपुरा स्थित शाहपुरा राय गैस और कोलार इंडेन पर स्टॉक उपलब्ध न होने के कारण लोगों को खाली हाथ लौटना मिला। लोगों का कहना है कि एक तो सिलेंडर की बुकिंग नहीं हो पा रही। वहीं दूसरी ओर एजेंसी संचालकों की मनमानी के कारण उन्हें परेशान होना पड़ रहा है।

### होटल और रेस्टोरेंट संचालक करें थिंक गैस का उपयोग

रसोई गैस की किल्लत का असर आम उपभोक्ताओं के अलावा होटल और रेस्टोरेंट संचालकों पर भी पड़ा है। इसके अलावा अन्य व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं। इसे देखते हुए एडीएम सुमित कुमार पांडेय ने आदेश जारी कर कहा है कि होटल संचालक व्यावसायिक सिलेंडरों के बजाय थिंक गैस (पीएनजी) का उपयोग करें। शहर का करीब 35 प्रतिशत क्षेत्र थिंक गैस नेटवर्क से जुड़ चुका है। चूंकि व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति पर कड़ाई बरती जा रही है, इसलिए थिंक गैस का कनेक्शन लेना संचालकों के लिए राहतकारी साबित होगा।

### एलपीजी की जांच के चलते 3 अनफिट बस और 2 डंपरों पर कार्रवाई

जिले में चल एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए जहां प्रशासन की टीमें विभिन्न गैस एजेंसियों की नियमित जांच कर रही हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में प्रशासन, पुलिस और आरटीओ की टीमों अभियान चलाकर वाहनों की जांच कर रही हैं। बैरसिया की राजस्व विभाग, पुलिस, जिला परिवहन अधिकारी की टीम द्वारा वाहनों का विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कुल 200 वाहनों को रोककर जांच की गई। इस दौरान टीम बिना फिटनेस दौड़ रहीं 3 बसों, बिना परमिट के खनन के परिवहन में लगे दो डंपरों सहित 54 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। करीब 93 हजार 200 का जुर्माना वसूल किया गया। जांच अभियान के दौरान तीन बसें अनफिट बसें सड़क पर दौड़ते हुए मिलीं। जिनका फिटनेस आरटीओ द्वारा निरस्त करवाया गया। साथ बिना रॉयल्टी के खनिज परिवहन में लगे दो डंपरों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्त कर गुनगा थाना में खड़ा कर दिया गया। इस दौरान तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वाले, तीन सवारी बैठाने वाले और हेलमेट न लगाने वाले दो पहिया चालकों और सीट बेल्ट न लगाने वाले कार चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई और उन्हें ट्रैफिक नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### भोपाल की रिषिका आहूजा को उद्यम के क्षेत्र में मिला सम्मान



**जागरण, भोपाल।** विश्वमांगल्य सभा द्वारा मध्यभारत प्रांत के आयोजित दो दिवसीय अधिवेशन के दूसरे दिन विधिव सामाजिक एवं कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाली सात महिलाओं 'सप्तमातृ' को सम्मानित किया गया। यह सम्मान्न विश्वमांगल्य सभा के संस्थापक एवं श्रीनाथ पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी जितेंद्रनाथ महाराज एवं महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलपति ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चन्द्र वर्मा ने सातों महिला शक्तियों को अंगवस्त्र एवं प्रसस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित 'सप्तमातृ' में भोपाल की रिषिका आहूजा को उद्यम के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है। इसके अलावा दतिया जिले की रमा आर्य को ज्ञान के क्षेत्र में, बैतूल की साधना मिश्रा का कला क्षेत्र में, ग्वालियर की महिमा तारे का समाजसेवा के क्षेत्र में, कोकिला सेठ का मातृत्व के क्षेत्र में और भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सोनाली पोंकशे वायंगंकर का शक्ति क्षेत्र में तथा नर्मदापुरम की प्रज्ञा भारती का धर्मक्षेत्र में सम्मान हुआ। प्रज्ञा भारती के स्थान पर उनके प्रतिनिधि ने सम्मान प्राप्त किया। रिषिका आहूजा ने वर्ष 2017 में मात्र तीन कर्मचारियों के साथ आरबी एसोसिएट कंपनी की स्थापना की और आज इसे 400 करोड़ रुपए से भी अधिक के वार्षिक टर्नओवर वाले सफल संगठन के रूप में स्थापित किया है। वर्तमान में रिषिका आहुजा के नेतृत्व में 20 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त हैं। उन्होंने किसानों के हित में राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम)डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रशिक्षण देकर दिया। साथ ही किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### कैचमेंट एरिया के अवैध निर्माणों पर कभी भी चल सकता है बुलडोजर

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में रसोई गैस की किल्लत के बीच बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में हुए अवैध कब्जों पर कार्रवाई भले ही थम गई हो, लेकिन प्रशासन का अमला अवैध अतिक्रमणों को हटाने के लिए कभी भी बुलडोजर एक्शन शुरू कर सकता है। बता दें कि टीटी नगर व बैरागढ़ नजूल में सीमांकन का काम पूरा हो गया है। जिसमें सबसे पहले 16 मार्च 2022 के बाद बने निर्माणों को तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद अन्य चिन्हित अतिक्रमणों को सुनवाई का समय दिया जाएगा और इनके दस्तावेज देखने के बाद आगे की कार्रवाई की तैयारी की जाएगी। जानकारी है कि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह टीटी नगर, बैरागढ़ एसडीएम को कार्रवाई के लिए निर्देश भी दे चुके हैं। वहीं टीटी नगर नजूल में सूरज नगर, गोरागांव, सेवनियां गोंड सहित आसपास के क्षेत्रों में कई रसूखदारों के अवैध कब्जे मिले हैं। इन कब्जों को प्रशासन की टीम लाल निशान लगाकर चिन्हित कर चुकी है और जल्दी ही कब्जों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### गोविंदपुरा बिजली कंपनी परिसर में सूखी झाड़ियों और पत्तियों में लगी आग



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** रविवार को गोविंदपुरा स्थित बिजली कंपनी के परिसर के पास रिहायशी इलाके में दोपहर दो बजे टीन शेड में अचानक आग लग गई, जिसके कारण आसपास अफरा तफरी का माहौल हो गया। बताया जा रहा है कि कंपनी परिसर में पतझड़ के मौसम के चलते सूखी झाड़ियों और पत्तियों में बीड़ी या सिगरेट की वजह से आग लग गई और देखते ही देखते यह तेजी के साथ फैली, जिसके कारण मौके पर बड़ी बड़ी आग की लपटे उठने लगी और इसका धुआं कंपनी परिसर से दो किमी दूर तक देखा जा सकता था। आग लगने की जानकारी लोगों के द्वारा फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम को दी गई, जिसके बाद तीन दमकलों ने काफी देर बाद आग पर काबू पाया। फायर कर्मियों से मिली जानकारी के अनुसार आगजनी के चलते न तो किसी को चोट लगी और न ही कोई बड़ा नुकसान हुआ है। हालांकि इस दौरान शेड के पास रखी प्लास्टिक की सामग्री चल गई। आगजनी के दौरान लपटें शेड के पास रखे एलपीजी गैस सिलेंडर तक नहीं पहुंची। वरना कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

**दो किलोमीटर दूर से दिखा उठा धुंआ**

### प्रापर्टी डीलर से 55 लाख की डकैती का मामला, 12 आरोपी गिरफ्तार, 35 लाख रुपए बरामद

# सट्टे में हारे पांच लाख का कर्ज चुकाने के लिए अकाउंटेंट ने रची थी लूट की साजिश

### तीन नामजद आरोपी समेत अन्य की तलाश जारी, संगठित गिरोह ने दिया था वारदात को अंजाम

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गुजरात के प्रापर्टी डीलर से 55 लाख की लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा कर इसे डकैती माना है। एक सप्ताह बाद मामले का खुलासा कर पुलिस ने 12 आरोपी गिरफ्तार कर उनसे 35 लाख रुपए बरामद किए हैं। मास्टर माइंड अकाउंटेंट निकला। सट्टे में हारे पांच लाख रुपए का कर्ज चुकाने के लिए एक दिन पहले लूट की साजिश रची थी। अगले दिन लुटेरों के गिरोह बनाकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल वाहन, मोबाइल बरामद किए हैं। इस मामले में पुलिस को नामजद तीन आरोपियों समेत अन्य की तलाश है। दैनिक जागरण ने पहले ही दिन इस मामले में आरोपी फरदीन का नाम खोल दिया था, जो अब भी फरार है।



**गौरव ने दी फरियादी की लोकेशन व गाड़ी नंबर :** योजना के मुताबिक 7 मार्च की रात पॉलीटेक्निक चौराहे पर शान, फरदीन, हैदर, मुच्जमिल, अल्फेज और भूरा इकट्ठा हुए। इसी रात आरोपी गौरव ने अनवर शेख के जरिए फैसल व अन्य आरोपियों को फरियादी का लोकेशन और गाड़ी नंबर बताया। इसके बाद जैसे ही फरियादी दिव्यांग और उसका भाई तारक एक्टिवा से पॉलीटेक्निक चौराहा होते हुए स्मार्ट सिटी रोड की ओर मुड़े, आरोपी शान, फरदीन, हैदर, मुच्जमिल, अल्फेज और फाजिल उर्फ भूरा ने दो एक्सेस गाड़ियों से पीछा कर उन्हें ओवरटेक कर रोका। चाकू और तलवार अड़ाकर 55.50 लाख रूपए से भरा बैग लूट कर फरार हो गए।

**भागने वाले रूट का मैप तैयार किया :** वारदात के बाद पुलिस की अलग-अलग टीमों ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने घोड़ानक्कास, रेतघाट, कमला पार्क, पॉलीटेक्निक चौराहा, स्मार्ट सिटी रोड, लालघाटी, डिपो चौराहा, जवाहर चौक, न्यू मार्केट, रोशनपुरा चौराहा से लेकर चूनाभट्टी के बीच सैकड़ों सीसीटीवी की फुटेज खंगाली। आरोपियों के भागने वाले रूट का मैप तैयार किया। इसी बीच पुलिस को आरोपियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिला। जिससे पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**हवाला की रकम की आयकर विभाग करेगा कार्रवाई :** पुलिस पूछताछ में फरियादी दिव्यांग ने 55.50 लाख की रकम हवाला की होने की बात स्वीकार की है। इस कारण पुलिस आयकर विभाग को इस संबंध में जानकारी देगी। जिससे हवाला के संबंध में आयकर विभाग आगे की कार्रवाई कर सके।

#### चार वाहन और 9 मोबाइल बरामद

पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बताया कि स्टर्लिंग ग्रीन बिला-2 चूनाभट्टी निवासी दिव्यांग बरोट व उसके भाई तारक बरोट के साथ बीती 7 मार्च यानी रंगपंचमी की रात स्मार्ट सिटी रोड आंचलिक विज्ञान केंद्र के पास 55.50 लाख की लूट हुई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी खलील मंजिल पीरगेट निवासी हैदर उर रहमान(21), प्रताप नगर श्यामला हिल्स निवासी फाजिल उर्फ भूरा (19), लक्ष्मीगंज गल्ला मंडी जहांगीराबाद निवासी अलफेज अली पिता (18), पठार वाली गली जीपीओ के पास निवासी मुज्जमिल हसन(19), आईपीसी कालेज के पास खानूगांव निवासी शान डिसेन्ट उर्फ उमाम (19), हाऊसिंग बोर्ड कालोनी करोंद निवासी सोहेल उर्फ गुड्डा (29), नव बहार सब्जी मंडी मंगलवारा निवासी अनवर शेख (32), न्यू औकाफ कालोनी बागफरहत अफजा ऐशबाग निवासी अब्दुल नावेद (38), नीम रोड जिंसी निवासी शानू उर्फ साजिल अहमद (21), चौकी इमामबाड़ा निवासी सलमान समद (36), हाऊसिंग बोर्ड कालोनी टीला जमालपुरा निवासी गौरव चेतवानी (31) और अर्जुन नगर एमपी नगर निवासी फैसल खान (28) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से नगदी 35 लाख रूपए और लूटपाट की वारदात में इस्तेमाल दो बाइक, एक एक्सेस स्कूटी, एक सवारी आटो और 9 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। वारदात में शामिल आरोपी फरदीन, जावेद और आसिम समेत अन्य तलाश जारी है। बताया गया है कि फरार आरोपियों के पास लूटी गई अन्य रकम और हथियार हैं।

#### 5 दिन पहले बनाई लूट की योजना, एक-एक कर लुटेरे जुटे

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि लूटपाट का मास्टर मांइड आरोपी गौरव चेतवानी है, जोकि घोड़ानक्कास स्थित एक दुकान पर अकांउटेंट का काम करता है। उस पर ऑनलाइन सट्टा खेलने के कारण 4-5 लाख रूपए का कर्ज हो गया था। उसे पता था कि इलाके से हवाला का पैसा इधर-उधर होता है। वह फरियादी दिव्यांग बरोट पर नजर रखे था। उसे पता था कि दिव्यांग प्रापर्टी का काम करता है और हवाला का पैसा लेकर जाता है। वारदात के करीब पांच दिन पहले उसने अपने दोस्त अनवर शेख को यह बात बताई और हवाला का पैसा लूटने की योजना बनाई। अनवर शेख ने अपने दोस्त अब्दुल नवेद और नवेद ने अपने दोस्त आसिम से बात की। इसके बाद वारदात के एक दिन पहले आसिम, नवेद, सलमान, शानू भोपाल टाकीज के पास मिले और हवाला की रकम लूटने की योजना बनाई। उसी दिन नवेद, आसिम, फैसल व अनवर ने घटनास्थल और रूट की रैकी की थी। वहीं शानू ने शान, हैदर व फरदीन को हवाला का पैसा लूटने को कहा।

### शादी हॉल संचालक के घर से अवैध दो रायफल और ९९ कारतूस बरामद

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** क्राइम ब्रांच ने एक शादी हॉल संचालक के घर पर दबिश देकर दो रायफल समेत 99 कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के घर में दबिश देने के लिए पुलिस ने सर्च वारंट जारी करवाया था। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पूछताछ में आरोपी ने हथियार बेचने वाले का भी नाम बताया है, जिसकी पुलिस तलाश में जुटी है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, सूचना मिली थी कि ऐशबाग थाना इलाके में स्थित अहाता मनकशा पुल बोगदा के पास स्थित आलम शादी हाल का संचालक आलम अली ने अपने घर में अवैध हथियार और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस छिपाकर रखे हैं। इस सूचना के बाद पुलिस ने सर्च वारंट के साथ शनिवार दोपहर आरोपी आलम अली के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान टीम को रैक पर रखे लकड़ी के बॉक्स मिली, जिसे खोलने पर उसमें से एक 22 बोर की हाई पावर रायफल और दो जिंदा कारतूस, एक 22 की रायफल और 97 जिंदा कारतूस मिले। जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने पूछताछ में आरोपी आलम अली ने बताया कि उसने अपने एक परिचित व्यक्ति ने दो रायफल और सभी जिंदा कारतूस खरीदे हैं। पुलिस ने आरोपी आलम अली को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। वहीं उसे अवैध हथियार बेचने वाले आरोपी की भी पुलिस तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि अवैध हथियार बेचने वाला आरोपी वन प्राणियों का शिकारी है, उसकी इंदौर वन विभाग की टीम लंबे समय से तलाश कर रही है। इधर, गांधीनगर पुलिस एयरपोर्ट से अवैध कारतूस बरामद किया है। कारतूस आरोपी महेंद्र सिंह से मिला है। इस संबंध में विनोद विश्वकर्मा से पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी महेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### मां कर्मा देवी की जयंती पर निकली शोभायात्रा



**जागरण, भोपाल।** राजधानी में साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती राजधानी में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर शहर के लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां सुबह मां कर्मा देवी का पुष्प श्रृंगार और महाआरती संपन्न हुई। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, महिलाओं और युवाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही और मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

## ईद की खरीदारी पर महंगाई और खाड़ी युद्ध का साया, दुकानों से ग्राहक गायब

### सभी बाजारों के व्यापारी चिंतित, महंगे से परहेज, सस्ता माल ढूंढ रहे ग्राहक

**नगर संवाददाता, भोपाल।** रमजान का महीना अब अंतिम दौर में है। 20 या 21 मार्च को ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाएगा। ईद से पहले मुस्लिम समुदाय बड़े पैमाने पर बाजार से खरीदारी करता है। लेकिन इस बार बाजार में ग्राहक गायब है। जानकारी अनुसार राजधानी भोपाल के पारंपरिक पुराने शहर के बाजारों जैसे चौक बाजार, लखेरापुरा, इब्राहिमपुरा और इतवारा में बिजली की सजावट और रौनक तो है, लेकिन व्यापारियों के चेहरों पर वह मुस्कान नहीं है जो पिछले वर्षों में हुआ करती थी। इस बार राजधानी के बाजारों में वह उछाल गायब है जिसकी उम्मीद व्यापारी साल भर करते हैं।

**कपड़ा बाजार: रेडीमेड गारमेंट्स की चमक फीकी**– भोपाल का कपड़ा बाजार, विशेष रूप से लखेरापुरा और इब्राहिमपुरा, ईद की खरीदारी का मुख्य केंद्र माना जाता है। लखेरापुरा के कपड़ा व्यापारी बताते हैं कि इस साल पिछले वर्ष की तुलना में बिक्री में करीब 20 से 25 प्रतिशत की गिरावट देखी जा रही है। इस गिरावट का एक बड़ा कारण कपड़ों की बढ़ती लागत है। कॉटन और रॉ मटेरियल महंगा होने के कारण रेडीमेड सूट, शेरवानी और बच्चों के कपड़ों की कीमतों में 15 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। व्यापारी विनोद अग्रवाल के अनुसार, ग्राहक बाजार आ तो रहे हैं, लेकिन उनका बजट सीमित है। जहां पहले एक परिवार चार जोड़ी कपड़े खरीदता था, अब वे केवल एक या दो जोड़ी में काम चला रहे हैं। साथ ही, युवा वर्ग का झुकाव तेजी से ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स की ओर बढ़ा है।

#### रसोई का बजट बिगड़ा

ईद की मिठास यानी शीर-खुरमा इस बार महंगी पड़ेगी। किराना बाजार में सूखे मेवों और मसालों की कीमतें आसमान छू रही हैं। जुमेराती के थोक किराना व्यापारियों का कहना है कि अफगानिस्तान और मध्य-पूर्व में चल रहे तनाव के कारण काजू, बादाम और पिस्ता की सप्लाई प्रभावित हुई है, जिससे इनकी कीमतों में 20 प्रतिशत तक की तेजी आई है। इसके अलावा, भोपाल के कई मध्यमवर्गीय परिवारों की आय का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आने वाली रकम पर निर्भर करता है। वहां चल रही आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता के कारण इस बार घरों में आने वाला पैसा कम हुआ है।

### चैकिंग के दौरान ट्रैफिक आरक्षक से मारपीट, दो महिला समेत 7 पर केस

**आधा घंटे तक बीच सड़क हुआ हंगामा, कोलार रोड स्थित डी मार्ट के सामने की घटना**

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** ट्रैफिक पुलिस की चैकिंग के दौरान एक आरक्षक के साथ झूमाझटकी और मारपीट की गई। आधा घंटे तक बीच सड़क पर रेलवे कर्मी और पुलिस कर्मियों के बीच हंगामा हुआ। आरक्षक की रिपोर्ट पर कोलार पुलिस ने दो महिला समेत सात लोगों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने व मारपीट का केस दर्ज किया है। घटना कोलार रोड स्थित डी मार्ट के सामने रविवार शाम की है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में महिलाओं व रेलवे कर्मियों ने आरक्षक पर मारपीट का आरोप लगाया है।

कोलार पुलिस के मुताबिक, सरजीत यादव पुलिस विभाग में आरक्षक है। इन दिनों उनकी पदस्थापना ट्रैफिक पुलिस में है। रविवार को सरजीत अपनी टीम के साथ कोलार रोड स्थित डी मार्ट के सामने चैकिंग कर रहे थे। शाम करीब साढ़े छह बजे मध्य भारत ट्रेवल्स की बस सामने से आ रही थी। आरक्षक का कहना था कि नंबर प्लेट के ऊपर बैनर लगा था, जिसे उसने हटाने के लिए बोला। इस बात को लेकर उसकी बहस हो गई। बस में रेलवे कर्मी और महिलाएं सवार थीं। उन्होंने आरक्षक का विरोध किया। दोनों ओर से बहस होने लगी। आरोप है कि आरक्षक ने एक युवक को चांटा मारा। इससे बात बढ़ गई। रेलवे कर्मियों ने आरक्षक से झूमाझटकी कर मारपीट कर दी। आधा घंटे तक बीच सड़क पर हंगामा चला। इस बीच राहगीर भी आ गए। कुछ लोग वीडियो बनाने लगे। रात साढ़े नौ बजे तक दोनों पक्ष थाने में रहे। बाद में हरेंद्र रघुवंशी, अंकित सिंह, पुष्पलता पाठक व रजनी समेत 2-3 अन्य पर एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### कृष्ण जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**जागरण, भोपाल।** राजधानी के दशहरा मैदान में पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री 'दद्दा जी' एवं पूज्य गुरुमाता 'जिज्जी' की असीम अनुकंपा से आयोजित सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं दिव्य श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के चौथे दिन भक्ति की अविरल धारा बही। पूज्य बड़े भैया डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री के सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में आज श्री कृष्ण जन्मोत्सव का पर्व अत्यंत धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। अहंकार से पतन का संदेश देते हुए कथा व्यास डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री जी ने चौथे दिन की कथा में जीवन के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को सचेत किया। उन्होंने कहा कि अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। जब व्यक्ति के भीतर मैं का भाव जागृत होता है, तो उसका विवेक समाप्त हो जाता है।

## गायत्री शक्तिपीठ भोपाल में सामूहिक पुंसवन संस्कार में उमड़ी मातृशक्ति


**जागरण, भोपाल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के आध्यात्मिक केंद्र शांतिकुंज के तत्वावधान तथा गायत्री शक्तिपीठ भोपाल के मार्गदर्शन में संस्कारवान पीढ़ी के निर्माण के उद्देश्य से 15 मार्च को भव्य सामूहिक पुंसवन संस्कार का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों कोलार, अन्ना नगर, श्यामला हिल्स, एमपी नगर, मीनाल, अयोध्या नगर, बैरागढ़ और मंडीदीप सहित अन्य स्थानों से बड़ी संख्या में मातृशक्तियों की सहभागिता रही।



कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। लगभग 200 मातृशक्तियों की सहभागिता का लक्ष्य रखा गया था, जो उत्साहपूर्वक पूर्ण हुआ और कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम के दौरान गर्भ संस्कार एवं भावी पीढ़ी को संस्कारित बनाने के महत्व पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। मुख्य अतिथियों में वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. कविता सिंह डीन गांधी मेडिकल कालेज, डॉ. वरुणा पाठक, तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्री चतुर्वेदी जी उपस्थित रहे। डाक्टर अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि गर्भकाल के दौरान माता के विचार, भावनाएं और जीवनशैली का सीधा प्रभाव आने वाली पीढ़ी के व्यक्तित्व और संस्कारों पर पड़ता है, इसलिए सकारात्मक वातावरण और श्रेष्ठ संस्कारों का संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। अतिथि ओ पी चतुर्वेदी जी ने शासन की योजना के अंतर्गत जो सुविधा गर्भवती महिला को दी जाती है उसकी संपूर्ण जानकारी दी और उनका लाभ उठाने का आग्रह किया।

**परेशानी** पंजीयक बोले- कोई समस्या नहीं जरूरत पड़ने पर बढ़ा देंगे स्लॉट

# गाइडलाइन बढ़ने से पहले रजिस्ट्री कराने उमड़ी भीड़



### दूसरे दिन 234 रजिस्ट्रियों से हुई 4 करोड़ 13 लाख की आय

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में रजिस्ट्री करवाने वालों की भीड़ शहर के तीनों रजिस्ट्री कार्यालयों में उमड़ रही है। शनिवार को शहर में हुई 536 रजिस्ट्रियों के बाद दूसरे दिन भी तीनों रजिस्ट्री कार्यालयों में 234 रजिस्ट्रियां दर्ज की गईं। इस दौरान बार बार संपदा 2.0 का सर्वर डाउन होने से लोगों के दस्तावेज अपलोड नहीं हो सके। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरे दिन भी परी बाजार, आईएसबीटी और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालयों में लोगों की भारी भीड़ रही। अवकाश के बाद भी सुबह 10 बजे ही पंजीयन कार्यालय खोल दिए गए थे, जो देर शाम तक खुले रहे। पहले दिन शनिवार को पंजीयन विभाग को 4 करोड़ की आय हुई। दूसरे दिन 4 करोड़ 13 लाख 31 हजार 045 रुपए की आय हुई। वित्तीय वर्ष का अंतिम माह होने के कारण आने वाले अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे ताकि लोगों को किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

**533 रजिस्ट्री प्रतिदिन तक पहुंची क्षमता :** जिले में पंजीयन विभाग द्वारा प्रॉपटी खरीदारों की सुविधा के लिए जिले के सभी 13 सब रजिस्ट्रार को दिए गए स्लॉट की संख्या को बढ़ाकर 41 कर दिया है। इससे जिले में रोजाना 533 रजिस्ट्री तक की जा सकती हैं और आवश्यकता पड़ने पर स्लॉट को और बढ़ाया जा सकता है। अधिकारियों के अनुसार जिले में रोजाना 700 रजिस्ट्री तक की जा सकती हैं। अगर खरीदारों की संख्या बढ़ेगी तो जरूरत के हिसाब से स्लॉट की संख्या बढ़ा दी जाएगी। जिला पंजीयक स्वपनेश शर्मा का कहना है कि सर्वर और स्लॉट की कोई समस्या नहीं है। जिले में प्रति पंजीयक 41 स्लॉट ओपन किए गए हैं। इसे और भी अधिक बढ़ाया जा सकता है।

**मुख्य मार्गों की जगह अंदरूनी मार्गों में की जा रही दामों में बढ़ोत्तरी :** नई कलेक्टर गाइड लाइन में शहर के मुख्य मार्गों के से लगी हुई जमीन पर प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोत्तरी की तैयारी है। इसमें संत हिरदाराम नगर के पास स्थित सीआरपी लाइन, आदर्श नगर, राजा भोज एयरोसिटी, रॉयल मार्केट जीपीओ के पास, करोंद रोड सहित अन्य इलाकों में दाम बढ़ा देंगे। इसके अलावा बीडीए व हाउसिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट वाले स्थानों पर भी दाम बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

## चित्रगुप्त न्यास का मिलन समारोह संपन्न

**जागरण, भोपाल।** ईरावती चित्रगुप्त संस्कृति एवं सामाजिक न्यास द्वारा कोटरा स्थित रमेश चंद्र स्मृति सामुदायिक भवन में होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता एवं खेलकूद मंत्री विश्वास सारंग ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना और आरती के साथ की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने गुलाब के फूलों से होली खेलकर आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर भोपाल जिले के विभिन्न कायस्थ समाज के पदाधिकारियों और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चित्रांश पत्रकारों को शाल, श्रीफल, माला और कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को भी मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली लोगों के सम्मान से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।



**नरेला में खेली गई फूलों की होली :** नरेला विधानसभा में स्वामी विवेकानंद एवं शहीद भगत सिंह मंडल में आयोजित होली मिलन समारोह में फूलों की होली खेली गई। इस मौके पर मंत्री विश्वास सारंग सम्मिलित हुए । यहां अपने संबोधन में मंत्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा क्षेत्र में सभी पर्व और त्योहार पूरे उत्साह, अपनत्व और सामूहिक भागीदारी के साथ मनाए जाते हैं, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकजुटता का जीवंत उदाहरण है। स्थानीय कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण की झांकी, पारंपरिक भजन, लोकगीत और होली के लोकनृत्यों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं।



## चतुर्थ अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन

# वैज्ञानिक साक्ष्यों के साथ तैयार होगा 'राम वनगमन पथ'

**जागरण, भोपाल।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान, रामायण केन्द्र और श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास के संयुक्त तत्वावधान में मानस भवन में 'चतुर्थ अन्तरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों और अतिथियों ने रामायण की प्रासंगिकता और भगवान राम के जीवन मूल्यों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृति विभाग के संचालक और श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास के सीईओ एन.पी. नामदेव ने कहा कि श्रीराम के आदर्श अद्भुत और अद्वितीय हैं, जो हमें जीवन जीने का सही मार्ग दिखाते हैं। नामदेव ने कहा कि आज की पीढ़ी शोध और तर्कों के साथ सनातन के भावों को जन-जन तक पहुंचा रही है, जिससे स्पष्ट है कि हमारी संस्कृति सुरक्षित हाथों में है। नामदेव ने जानकारी दी कि सरकार वैज्ञानिक और तार्किक साक्ष्यों के आधार पर राम के वनगमन मार्ग की पुष्टि कर रही है, जिसके लिए देशभर के शोधार्थियों को न्यास से जोड़ा गया है। पूर्व राच्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक समरसता का वास्तविक पाठ रामचरितमानस के पात्रों में समाहित है।

- **रुद्र रामायण:** लोकमानस कल्याण ट्रस्ट द्वारा अनुमानित 51 लाख 'श्रीराम' शब्दों से लिखित अद्भुत रामायण।
- **दिव्य रामशिला:** श्रीराम सेतु से लाई गई विशेष शिला के दर्शन।
- **डाक टिकट प्रदर्शनी:** दयाराम मंडल और अरुण कुमार सक्सेना द्वारा संकलित राम-रामायण पर आधारित डाक टिकटों का संग्रह।
- **ऐतिहासिक संकलन:** भारत के 500 से अधिक समाचार पत्रों में प्रकाशित राम-रामायण संबंधी कतरनों का अनूठा प्रदर्शन।

वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने आयोजन की सराहना करते हुए प्रदर्शनी को अत्यंत उपयोगी बताया। नॉर्वे से आए सुरेशचन्द्र शुक्ल 'शरद आलोक' ने वहां के नागरिकों के स्व-अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को राम के चरित्र से प्रेरित बताया। कार्यक्रम के दौरान रघुनंदन शर्मा ने कहा कि यह सम्मेलन प्रभु राम के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का उत्सव है। इस अवसर पर 'मंगलायन' पत्रिका सहित प्रभुदयाल मिश्र, कमलकिशोर दुबे और अथर्व चौबे की पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया। आयोजन में प्रदर्शनी के साथ-साथ विजया शर्मा (कथक), राजकुमारी शर्मा (भजन) और सोनिया मानेवर (ओडिसी) की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।




## ड्रीम ऑन रैम्प



- **नाम-** चेतना मालविया
- **जन्मतिथि-** 19-11-1996
- **ऊंचाई-** 5 फीट 3 इंच
- **वजन-** 56 किलोग्राम
- **आंखें-** भूरी
- **कॉम्प्लेक्शन-** गोरा
- **बॉडी टाइप-** ऑवरग्लास

मेरा चेतना मालविया नाम है। मैं पेशे से नर्सिंग ऑफिसर और दिल से कलाकार हूं। मैंने इंदौर के गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज से पढ़ाई कि है। मैं न केवल स्वास्थ्य सेवा में समर्पित हूं, बल्कि मॉडलिंग की दुनिया में भी अपनी एक अलग पहचान बना चुकी हूं। साथ ही मैं एक कराटे प्लेयर, स्केच आर्टिस्ट, हारमोनियम वादक और कुशल डांसर भी हूं। 2021 से मॉडलिंग में मालाबार च्वेलर्स, खादी ग्रामोद्योग और लक्मे अकैडमी जैसे बड़े ब्रांड्स का चेहरा रह चुकी हूं। इसके अलावा मैं 'मिस ओरिफ्लेम 2022' और 'मिस एंड मिसेज सेंट्रल इंडिया 2026' में बॉडी ब्यूटीफुल और बेस्ट ड्रेस्ड का अवार्ड भी अपने नाम कर चुकी हूं।

### 'आनंदमठ' और 'वंदे मातरम्' पर परिचर्चा

# वाईटीएफ ने किया स्वाधीनता का शंखनाद

**जागरण, भोपाल।** यंग थिंकर्स फोरम, भोपाल की 104वीं पुस्तक समीक्षा बैठक में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के कालजयी उपन्यास 'आनंदमठ' पर एक सारगर्भित चर्चा आयोजित की गई। पुस्तक समीक्षक स्वर्णा तिवारी ने उपन्यास की कथा और उसके ऐतिहासिक संदर्भों को अत्यंत रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 'आनंदमठ' केवल एक साहित्यिक कृति नहीं, बल्कि उस दौर की राष्ट्रीय चेतना और संन्यासी विद्रोह का जीवंत दस्तावेज है, जिसने स्वाधीनता संग्राम में नई ऊर्जा फूंकी थी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष की गौरवमयी यात्रा पर केंद्रित रहा। चर्चा के दौरान प्रतिभागियों ने इस गीत के ऐतिहासिक महत्व और राष्ट्रीय स्वाभिमान में इसकी भूमिका पर विस्तार से विचार रखे। इस




वर्ष राष्ट्रव्यापी स्तर पर इसके 150 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया जा रहा है, साथ ही भारत सरकार के मूल 6 छंदों को पुनः आधिकारिक रूप से स्थापित करने के निर्णय की भी सराहना की गई। फोरम के सदस्य जय पराशर और कौशिक चतुर्वेदी सहित अनेक साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति में संपन्न इस कार्यक्रम का समापन सामूहिक 'वंदे मातरम्' गान के साथ हुआ। जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया।

# जब वनविहार की फिजाओं में घुली कविता की महक



**जागरण, भोपाल।** शहर की भागदौड़ से दूर, प्रकृति की गोद में शब्दों का उत्सव मनाना अब भोपाल की पहचान बन चुका है। रविवार सुबह छतनारा समूह की 77वीं पोएट्स वॉक का आयोजन हुआ, जहां वनविहार के चीकू द्वार से शुरू हुआ कारवां झील किनारे एक जीवंत महफिल में बदल गया। यहां न कोई मंच था, न कोई औपचारिक दूरी बस कविता और शायरों का एक अनूठा संवाद था। होस्ट निशांत की अगुवाई में शुरू हुए इस सफर में वरिष्ठ कवियों से लेकर युवा प्रतिभाओं तक, तीस से अधिक साहित्य प्रेमियों ने भागीदारी की।

**77वीं पोएट्स वॉक में गूंजे शब्द**

अभय शुक्ला की गजलों ने महफिल में समां बांधा, तो अमित गांगले और मनन मशरूफ के शेरों ने श्रोताओं से खूब दाद बटोरी। सफर के दौरान जहां अरमान की उर्दू नज्मों ने जज्बात उभारे, वहीं प्रतीक केकड़ की हिंदी कविताओं ने गहराई दी। सीता सिन्हा ने पहाड़ों की शांति को शब्दों में पिरोया, तो देवेंद्र जेठवानी के हास्य ने माहौल में ठहाके बिखेर दिए। अंत में समूह की निदेशिका मोहिनी शर्मा ने नरेश सक्सेना की कविताओं का पाठ कर समापन किया और युवा लेखकों को छतनारा लाइब्रेरी से जुड़ने का निमंत्रण दिया।

### 'आद्या समारोह' 17 मार्च से

**जागरण, भोपाल।** भारत भवन का रंगमंडल प्रभाग 17 से 22 मार्च तक छह दिवसीय 'आद्या समारोह' का आयोजन करने जा रहा है। यह अनूठा सांस्कृतिक उत्सव पूर्णतः स्त्री रचनाशीलता, संवेदना और नेतृत्व को समर्पित है। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि समारोह का उद्देश्य रंगमंच पर महिला निर्देशकों की सशक्त उपस्थिति और उनकी सृजनात्मक दृष्टि को मंच प्रदान करना है। छह दिनों तक चलने वाले इस समारोह में प्रत्येक शाम 7 बजे से नाटकों का मंचन होगा। उद्घाटन दिवस 17 मार्च को 'दुविधा' नाटक से शुरुआत होगी। इसके बाद 18 मार्च को 'दर्प चूर्ण', 19 मार्च को 'मध्यांतर', 20 मार्च को 'सुदामा', 21 मार्च को 'त्रासदी' और 22 मार्च को समापन दिवस पर 'सैनाणी' का मंचन किया जाएगा।

### 'चौथी सिगरेट' में दिखी साहित्य की कड़वी सच्चाई

# जब लेखक की कलम मजबूरी के हाथों बिक जाती है....

**जागरण, भोपाल।** क्या साहित्य का मोल सिर्फ सिक्कों में तौला जा सकता है? क्या एक लेखक की आत्मा उसकी आर्थिक तंगी से बड़ी होती है? इन गहरे सवालों को लेकर चेतन्य सोशियो कल्चरल सोसायटी द्वारा एलबीटी में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य एवं बैले समारोह 'स्वयं सिद्धा-3' का आगाज हुआ। समारोह की पहली प्रस्तुति थी योगेश त्रिपाठी द्वारा लिखित और प्रख्यात रंगकर्मी राजीव वर्मा द्वारा निर्देशित नाटक 'चौथी सिगरेट'। भोपाल थिएटर द्वारा प्रस्तुत इस नाटक ने न केवल दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि लेखक की उस टीस को भी उजागर किया जिसे अक्सर सिस्टम की चकाचौंध में दबा दिया जाता है।



**किताबों का सौदा, पर कलम की नहीं**

नाटक की कहानी लेखक वीरेश्वर और एक महत्वाकांक्षी बिजनेसमैन समरेंदु सान्याल के इर्द-गिर्द बुनी गई है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे वीरेश्वर के पास प्रतिभा तो है, पर पहचान नहीं। वहीं, समरेंदु को शोहरत की भूख है। दोनों के बीच एक अनूठा सौदा होता है-वीरेश्वर अपनी पांडुलिपियां समरेंदु के नाम से छपवाने को तैयार हो जाते हैं। किताबें छपती हैं, पुरस्कार मिलते हैं और समरेंदु एक मशहूर लेखक बन जाता है, जबकि असली रचनाकार अंधेरे में गुमनाम रहता है। कहानी में मोड़ तब आता है जब समरेंदु को अपने इस साहित्यिक अपराध का बोध होता है। वह सच बताने को बेकरार है, लेकिन वीरेश्वर उसे रोकता है क्योंकि उसे अपनी गरीबी से डर लगता है। जब समरेंदु कहता है, 'किताब के सौदे हुए थे, कलम के नहीं,' तो यह संवाद हॉल में सन्नाटा पसर देता है। डेढ़ घंटे का यह नाटक लेखक की आर्थिक विवशता और बाजारवाद के उस क्रूर तंत्र को आईना दिखाता है, जहाँ श्रेष्ठ रचनाएं पाठक तक पहुंचने से पहले ही सिस्टम की भेंट चढ़ जाती हैं।

# प्रतिभाओं को तलाश रहा है 'अपना स्टेज'

**जागरण, भोपाल।** शहर के छिपे हुए कलाकारों को मुख्यधारा की पहचान दिलाने के उद्देश्य से 'अपना स्टेज' का कारवां तेजी से आगे बढ़ रहा है। रंगा थिएटर और 'इंडिमून्स' आर्ट फेस्टिवल के संयुक्त तत्वावधान में संचालित यह पहल भोपाल के युवाओं के लिए एक संजीवनी की तरह है।

पिछले एक महीने से प्रत्येक रविवार को शहर के विभिन्न कैफे और रेस्टोरेंट्स में आयोजित होने वाली इस गतिविधि का मुख्य लक्ष्य भोपाल के स्थानीय टैलेंट को तराशकर उन्हें बड़े मंच तक पहुंचाना है। रविवार को हुए 'अपना स्टेज' के इस सत्र में काव्य पाठ, गायन,



थिएटर और स्टैंड-अप कॉमेडी जैसी विविध विधाओं का अनूठा प्रदर्शन देखने को मिला। नीलामी की तरह कलाकारों की सूची से चुनिंदा प्रतिभागियों ने अपनी कला का जौहर दिखाया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य कलाकारों को केवल मंच देना नहीं, बल्कि उन्हें चुनकर आगामी 26 से 29 मार्च तक रवींद्र भवन में होने वाले फेस्टिवल के मुख्य आयोजन में प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करना है। युवाओं में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह है। यह मंच साबित कर रहा है कि भोपाल की गलियों में भी कला की असीम संभावनाएं छिपी हैं, बस उन्हें सही दिशा और अवसर की आवश्यकता है। आने वाले दिनों में यह मंच और भी कई उभरते सितारों को बड़े कैनवास पर स्थापित करने के लिए तैयार है।

# बुंदेलखंड विरासत बचाओ मंच का होली मिलन समारोह संपन्न

**जागरण, भोपाल।** बुंदेलखंड विरासत बचाओ मंच द्वारा छोटे तालाब स्थित बोर्ड क्लब में पारंपरिक होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और भाईचारे के साथ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत बुंदेलखंड के महान योद्धा महाराजा छत्रसाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद मंच के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बुंदेली परंपरा के अनुसार होली मनाई और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष प्रसाद बुंदेला, उपाध्यक्ष आर.एस. ओंकार, संरक्षक आलोक खरे सहित अन्य पदाधिकारियों ने बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने और समाज को संगठित करने पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान रमाशंकर द्विवेदी को उत्तर प्रदेश बुंदेलखंड का संयोजक तथा रमन तिवारी को विरासत रक्षा दल का अध्यक्ष और विशाल सिंह को सचिव मनोनीत कर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

# प्रभात साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी में गूंजे 'खूबियों' के स्वर




**जागरण, भोपाल।** प्रभात साहित्य परिषद द्वारा राजधानी के हिंदी भवन स्थित नरेश मेहता कक्ष में 'खूबियों' विषय पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार महेश प्रसाद सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बलराम गुमाश्ता और विशिष्ट अतिथि कुसुम श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमल सिंह कमल ने किया। गोष्ठी का शुभारंभ मंजू मिश्रा की सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद कवियों ने 'खूबियों' के विभिन्न आयामों को अपनी रचनाओं के माध्यम से अभिव्यक्त किया।

**देखते ही चेहरा खूबियां तलाश लेता हूं...**

महेश प्रसाद सिंह ने अपनी पंक्तियों में कहा कि "देखते ही चेहरा खूबियां तलाश लेता हूं।" प्रदीप कश्यप, रमेश नन्द, हीरालाल पारस, हरिओम सोनी, आबिद काजमी, अदिति पारवानी और कृष्ण देव चतुर्वेदी सहित अनेक रचनाकारों ने मानवीय गुणों और जीवन की विशेषताओं पर मार्मिक कविताएं पढ़ीं। गोष्ठी में चन्द्रभान राही, आर.के. झा, पूनम गुप्ता, डॉ. सीमा अग्रवाल और शोभा जोशी सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में अशोक निर्मल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### लोक-नृत्य और गायन की प्रस्तुतियों से गूंजा मंच

# जनजातीय संग्रहालय में 'संभावना' की रंगारंग प्रस्तुति

**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की साप्ताहिक गतिविधि 'संभावना' में रविवार को नृत्य, गायन और वाद्य यंत्रों का संगम देखने को मिला। संग्रहालय में हर रविवार आयोजित होने वाली यह गतिविधि प्रदेश की पांच लोकांचलों और सात जनजातियों की कला परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने का अनूठा मंच बनी है, जिसमें इस बार सागर, डिण्डोरी, रीवा और शाजापुर के कलाकारों ने लोक-संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की। इसके अलावा रीवा की टीम ने 'निमिया के पेड़' और 'लक्ष्मण लिहे बांण' जैसे बघेली गीतों से रस घोला, वहीं शाजापुर के रामबाबू मालवीय और साथियों ने कबीर गायन के माध्यम से 'बाबा मेरे अवधु' और 'नगर उड़े झंकार' जैसे भजनों की प्रस्तुति दी।

### बधाई नृत्य (सागर)



बुन्देलखण्ड अंचल की इस परंपरा में जन्म, विवाह और तीज-त्यौहारों का उल्लास झलकता है। मनौती पूरी होने पर या घर में मांगलिक अवसरों पर ढपला, टिमकी, रमतूला और बांसुरी की थाप पर नर्तक और नर्तकियां जोश के साथ नृत्य करते हैं। नर्तकों की देह की लचक, चेहरे का उल्लास और उनकी रंगारंग वेशभूषा दर्शकों का मन मोह लेती है।

### गुदुमबाजा नृत्य (डिण्डोरी)



गोण्ड जनजाति की उपजाति ढुलिया का यह पारंपरिक नृत्य है। विवाह एवं अन्य मांगलिक अवसरों पर कलाकार कमर में गुदुम बांधकर, शहनाई की धुन पर लय और ताल के साथ विभिन्न मुद्राओं में नृत्य करते हैं। इसमें गोण्ड कर्मा और सैला गीतों की धुनों पर वादन और नृत्य का अनूठा सामंजस्य देखने को मिलता है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## संसद में बहस के साथ आम सहमति भी जरूरी

*संसद में जरूरत के हिसाब से बहस जितनी जरूरी है, उतनी ही जरूरी है आम सहमति बनाते हुए चलने की कोशिश। विपक्ष की शिकायत के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर जो चर्चा हुई, उस पर तमाम राजनीतिक दलों को ईमानदारी से विचार करना चाहिए।*

*बेशक, संख्या बल सरकार के पास है, पर यह उम्मीद की जाती है कि विपक्ष को शिकायत का मौका कम से कम दिया जाएगा। भारत में विपक्ष को सदन में अपनी बात रखने का अवसर और समय देने का समृद्ध इतिहास रहा है। इस मामले में भारतीय संसद को दुनिया में आदर्श माना जाता है। जिन लोगों को भारतीय लोकतंत्र से बहुत शिकायत है, उन्हें अगल-बगल के देशों में झांककर देखना चाहिए कि वहां के प्रमुख विपक्षी नेता आज किस हाल में हैं?*

*आश्चर्य नहीं, हमारी संसद की कार्यवाही देखने के लिए दुनिया भर से नेता और जन-प्रतिनिधि आते हैं और यहां से सीखकर जाते हैं। कोई संदेह नहीं, सत्ता पक्ष पर विपक्ष का दबाव जरूरी है, इससे शासन-प्रशासन के निर्णयों में संतुलन बना रहता है और सुधार के रास्ते भी खुलते हैं। सत्ता पक्ष के लिए यह गौर करने की बात है- विपक्ष को ऐसा क्यों लग रहा है कि उसकी बातों को सुना नहीं जा रहा है? क्या भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में विपक्षी नेताओं को संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है?*

*विपक्ष का आरोप बहुत स्पष्ट है और उसके प्रमुख नेता विदेश में भी अपनी बात कह चुके हैं कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है। इसका जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन पर आरोप जड़ा कि सदन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव लाकर इंडिया ब्लॉक ने भारतीय लोकतंत्र की नींव को पाताल में पहुंचा दिया है। विपक्ष को घेरते हुए उन्होंने यह भी बताया है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की उपस्थिति कितनी रही है। यहां आंकड़ों को देखना बहुत जरूरी है। अगस्त 2023 में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर हुई बहस को देखें, तो भाजपा को 6 घंटे, 41 मिनट का समय मिला था और बाकी विपक्षी व अन्य दलों को 4 घंटे, 25 मिनट का समय दिया गया। दरअसल, सांसदों की संख्या के हिसाब से ही दलों और उनके नेताओं को बोलने का समय मिलता है। किसको कितना समय मिलेगा, इसका संसदीय गणित तय है और इस गणित से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। हां, राजनीति में आरोप से बचने की कोशिश होती है, तो कई बार गैर-जरूरी आरोप भी लगाए जाते हैं। फिर भी, आज दुनिया या देश जिस हाल में है, लोग यह उम्मीद तो कर ही सकते हैं कि संसद आदर्श तरीके से काम करेगी।*

*कोई दोराय नहीं कि देश में राजनीति दिनों-दिन तल्ख होती जा रही है। राजनेताओं के बीच परस्पर संबंध पहले की तरह नहीं हैं, तभी तो शिकायतों का अंबार लग रहा है। फिर भी व्यापकता में विचार करना चाहिए। संसद एक परंपरा है, इसे राजनीति का अखाड़ा बनाने की किसी भी कोशिश से बचना होगा। इधर, विपक्षी सांसदों के माइक बंद करने या उनसे कैमरा हटाने की जो शिकायत बढ़ रही है, उन पर भी अवश्य ध्यान जाना चाहिए। अगर विपक्ष की उपेक्षा होगी, तो पूरी संवेदना से यह ध्यान रखना होगा कि लोकतंत्र में सबको कभी न कभी विपक्ष में बैठना पड़ता है। अतः यह समय राजनीतिक एवं कूटनीतिक समन्वय का है, यह समय विपक्षी दलों की जिम्मेदारी का भी है। हमें यह उम्मीद जरूर करनी चाहिए कि शिकायतों का ठोस समाधान होगा और संसद समन्वय के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेगी।*

अंतरराष्ट्रीय तनाव | **सोशल मीडिया के दौर में युद्धक्षेत्र के दावे सत्यापन से पूर्व ही दुनिया में फैल जाते हैं**

## युद्ध में सच और नैरेटिव की पहचान जरूरी

श्याम भाटिया

सदा से युद्धों के दौरान सरकारें नैरेटिव गढ़ती रही हैं। लेकिन जब आधिकारिक संदेश व डिजिटली गढ़ी खबरें एक साथ हों, तो सच और नैरेटिव के बीच रेखा खतरनाक रूप से धुंधली हो जाती है। सोशल मीडिया के दौर में युद्धक्षेत्र के दावे सत्यापन से पूर्व ही दुनिया में फैल जाते हैं।

ईरान और इजराइल के बीच आरंभिक झड़पों के कुछ ही घंटों में, नाटकीय वीडियो ऑनलाइन चलने लगीं, जिनमें दावा किया गया कि लड़ाकू जहाज मार गिराए और शहर मलबे में तब्दील हो गए। जल्द ही कई वीडियो मनगढ़ंत निकले। कुछ क्लिप तो वीडियो गेम्स फुटेज की निकलीं। कुछ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनायी लगती हैं- ऐसी सामग्री जिसके सत्यापन से पूर्व ही दुनिया यकीन कर ले।

ऐसे ही एक उदाहरण में, बहुत ज़्यादा शेयर किए क्लिप में दावा किया गया कि एक अमेरिकी युद्धपोत ने ईरानी लड़ाकू जहाज मार गिराया है, बाद में शिनाख्त हुई कि यह तो वीडियो गेम 'वॉर थंडर' का फुटेज है। इस वीडियो को ऑनलाइन लाखों व्यूज़ मिले व 'फैक्ट-चेकर्स द्वारा गेम फुटेज साबित करने के बाद और इसे डिलीट करने से पूर्व ग्रेग एबॉट तक ने शेयर किया। समीक्षकों ने पाया कि फुटेज में दिखे हथियार दूसरे विश्वयुद्ध के वक्त के थे, जिससे यह क्लिप मनगढ़ंत निकली।

एक और मामले में, एक वायरल वीडियो में ईरानी मिसाइल हमलों से तेल अबीब तबाह होता दिखा, बाद में विश्लेषकों ने इसकी शिनाख्त बतौर एआई निर्मित रील की। जब तक इस हेरफेर का खुलासा हुआ, तब तक क्लिप को लाखों लोग देख चुके थे। ऐसी सामग्री सोशल मीडिया पर तेज़ी से फैलती है। अक्सर असलियत सामने आने से पूर्व ही बहुत ज्यादा लोगों तक पहुंच जाती है।

यह घटनाक्रम वर्तमान दौर की युद्ध कवरेज में एक बड़ी समस्या पेश करता है। युद्ध के मैदान के शुरुआती दावे अक्सर सबसे कम भरोसेमंद होते हैं, तथापि डिजिटल युग में पत्रकारों द्वारा सत्यापित करने से पूर्व ही दुनिया में फैल जाते हैं। लंदन के टॉक रेडियो स्टेशन एलबीसी पर ईरान युद्ध पर चर्चा सुनते हुए, मैंने हाल ही में एक प्रस्तोता को यह अनुमान लगाते सुना कि ईरान के रेवोल्यूशनरी गार्ड्स किसी प्रदर्शनकारी को मारने वाले को पुरस्कृत कर रहे हैं। कोई सबूत नहीं दिया गया, फिर भी यह बात खबर देने के अंदाज़ में कही गई। एक सदी से भी पूर्व, अमेरिकी सीनेटर हाइरम जॉनसन ने कहा था 'जब युद्ध होता है, तो सबसे पहली मौत सच की होती है'। वैसे ये कहावत पुरानी है, फिर भी मौजूदा संघर्ष संबंधी दावों की बाढ़ बताती है कि यह पूर्ववत प्रासंगिक है।



हालांकि, सवाल है कि आज के दौर में अन्य युद्धों की तुलना में ईरान-इजराइल संघर्ष की खबरें इतनी अलग-अलग सी क्यों हैं। यूक्रेन पर रूसी हमले के दौरान, पश्चिमी टीवी नेटवर्क और अखबारों ने अग्रिम मोर्चे पर पत्रकारों की टीमें तैनात की थीं। कीव, खार्किव और यहां तक युद्ध के मैदान से निरंतर रिपोर्टिंग ने पत्रकारों को सरकार द्वारा किए जा रहे दावों की असलियत परखने का मौका दिया। लेकिन, ईरान से जुड़ा संघर्ष बहुत अलग दिखता है। जहां ईरान में चंद पश्चिमी रिपोर्टर काम कर रहे हैं वहीं इजराइली सैन्य सेंसरशिप युद्ध-विवरण की रिपोर्टिंग पर अंकुश लगा रही है। नतीजन, मिसाइल हमलों, हताहतों और सैन्य हानि बारे जो जानकारी ज्यादातर फैल रही है, वह रिपोर्टरों से नहीं, बल्कि सरकारों, सेना प्रवक्ताओं और सोशल-मीडिया पोस्टों के जरिए आती है।

यह ऐसा युद्ध है जिस पर चर्चा तो खूब हो रही, लेकिन हैरानी है कि खबरें देने वाली स्वतंत्र पत्रकारिता बहुत कम है। मिसाइल हमलों और हवाई हमले की चेतावनियों की रिपोर्टिंग पर गौर करें। ईरान-इजराइल के बीच हालिया हमलों के दौरान, ऐसी खबरें चलीं जिनमें बताया गया कि यरुशलम में हवाई हमला चेतावनी सायरन बार-बार बज रहे हैं। अगर यह सच है, तो यह इजराइल की हवाई-रक्षा प्रणाली में मिसाइलों की होती निरंतर घुसपैठ और शहर में बमबारी का स्तर दिखाता है, जो पहले शायद ही कभी देखा गया। हताहतों के आंकड़े भी ऐसी ही समस्या दिखाते हैं। ईरानी अधिकारियों ने बताया कि इजराइली हमलों में आम लोगों को भारी नुकसान हुआ। वहीं इजराइली अधिकारी वरिष्ठ ईरानी कमांडरों के मारे जाने और मिलिट्री ठिकानों को नुकसान पर ज़ोर देते हैं। सुर्खियों में संख्या का स्रोत युद्धरत सरकारों का आंकड़ा ही है।

इतिहास सावधानी बरतने की सलाह देता है। 2003 के इराक युद्ध से पहले, पश्चिमी सरकारों ने कहा था कि सद्दाम हुसैन के पास तबाही मचाने वाले हथियारों के जखीरे हैं। हमले के बाद, कथित जखीरे कहीं दिखाई नहीं दिए। इससे भी पहले, 1991 के खाड़ी युद्ध के दौरान, टेलीविज़न दर्शकों को 'स्मार्ट बमों' द्वारा इराकी निशानों पर एकदम सटीक प्रहार करती नाटकीय फुटेज दिखाई गई थीं। बाद के विश्लेषणों ने दर्शाया कि इस्तेमाल हथियारों में बहुत कम संख्या प्रिसिजन-गाइडेड अस्त्रों की थी। जाहिर है, युद्ध में शुरुआती दावे सबसे कम भरोसेमंद होते हैं, और डिजिटल युग में गलत सूचना कहीं ज़्यादा तेज़ी से फैल रही है। सरकारें अपने नैरेटिव गढ़ती हैं।

ईरानी सरकारी मीडिया सैन्य कामयाबी पर ज़ोर देता है। वहीं, इजराइली अधिकारी अपने प्रहारों का असर रेखांकित करते हैं। इनमें से कोई भी बात बीते वक्त के पत्रकार दिवंगत फिलिप नाइटली को हैरान न करती, जिनकी किताब 'द फर्स्ट कैजुअल्टी' में युद्ध-पत्रकारिता में प्रोपगंडे के लंबे इतिहास की पड़ताल की गई। नाइटली ने कहा कि सरकारें युद्ध के समय हमेशा सूचना प्रबंधन करने की कोशिशें करती हैं-'मिथ्या-प्रचार के अध्ययन बताते हैं कि यह कितना ताकतवर हथियार है- विचार को नियंत्रण करना ज़रूरी है'।

बीसवीं सदी के ज़्यादातर वक्त बड़े अखबारों ने मध्य-पूर्व में विदेशी रिपोर्टरों का नेटवर्क कायम कर रखा था। ये रिपोर्टर घूमते थे, गवाहों का इंटरव्यू लेते थे। वे ज़मीनी जानकारी के बूते आधिकारिक बयानों को चुनौती देने की स्थिति में थे। आज उनमें से कई ब्यूरो गायब हो चुके। कवरेज ज़्यादातर स्टूडियो वार्ता, सोशल-मीडिया फ़ीड और आधिकारिक प्रेस व्यक्तव्यों से आती है, न कि सीधी रिपोर्टिंग से। परिणाम उल्टा है। पहले कभी किसी युद्ध संबंधी आज जितनी जानकारी वास्तविक समय में नहीं मिलती थी। तथापि यह जानना शायद ही कभी इतना मुश्किल रहा कि असल में क्या हो रहा है।

भारत के लिए, ऐसे झगड़ों को स्पष्ट समझने में बहुत कुछ दांव पर लगा है। भारत की नीति लंबे समय से पश्चिम एशिया में रणनीतिक स्वायत्तता की है, और ईरान, इजराइल और अरब खाड़ी मुल्कों ये व्यावहारिक संबंध हैं। जब किसी युद्ध के बारे में जानकारी प्रोपगंडा, अनुमान और डिजिटली गढ़ी सामग्री से ढक जाए, तो पत्रकारों व नीति निर्माताओं के लिए भी घटनाओं का सही आकलन कठिन हो जाता है। जब अटकलें, डिजिटली गढ़ी बातें और आधिकारिक संदेश एक साथ आ जाएं, तो सच और नैरेटिव के बीच रेखा खतरनाक रूप से धुंधली पड़ जाती है।

जॉनसन की चेतावनी सदीभर गूंजने के बाद, आज भी प्रासंगिक है। जब युद्ध शुरू होता है, तो असल में सबसे पहली मौत सत्य की होती है।

**( लेखक पूर्व विदेश सचिव हैं।)**

खुला मंच

## कृपया इस ऑडियो पर ध्यान 'न' दें....

अशोक गौतम

इस ऑडियो से किसी का कोई लेना देना नहीं है। यह मात्र समय पास के लिए है। इस ऑडियो का उद्देश्य किसी की सही भावानाओं को आहत करने का बिल्कुल नहीं है। सज्जनो! कल एक ऑडियो हाथ लगी। अच्छी लगी सो आपके साथ शेयर कर रहा हूं।

'भाई साहब! आप वही बोल रहे हैं न जिसे मैंने फोन किया है?' 'जी! मैं वही बोल रहा हूं जिसे आपने फोन किया है।'

'तो बात ये है कि मेरा मेरीटोरियस कम जीनियस बेटा आपके सेंटर में अपीयर हो रहा है।' ' बधाई जी!' 'मेरी आपसे हाथ जोड़ गुजारिश है कि आप उसे अपना ही बच्चा समझें।' 'हम तो सबके बच्चों को अपना ही बच्चा समझते हैं !'

'जी थैंक्यू! असल में क्या है कि वह है तो मेरीटोरियस, पर परीक्षा के नाम से बहुत डरता है।' 'जी कोई बात नहीं। पर आपको किसने बताया कि जहां आपके मेरीटोरियस जी एग्जाम दे रहे हैं वहां मेरी ड्यूटी लगी है?'

'जी हेड ऑफिस से पता किया था कि आप यहां पेपर लेने आ रहे हैं। तो सर! ऐसा है कि मैं आपके व्हाट्सएप पर अपने जीनियस बेटे का रोल नंबर सेंड कर रहा हूं। इसके बदले मेरे भी ऊपर तक लिंक हैं।'

'आपके मेरीटोरियस कम जीनियस जी को लिखना तो आता है न?' 'जी लिखने में बहुत स्लो है। क्या है न कि उसके दिमाग में एक सवाल के बहुत सारे जवाब आते हैं, इसलिए वह कन्फ्यूज हो जाता है कि लिखे तो क्या लिखे? हो सके तो उसे अलग कमरे में बैठा दें। क्या यह हो जाएगा?'

'जी! जब आप कह रहे हैं तो हो जाएगा।' 'तो जनाब! उसे आप अलग कमरे में बैठा दें। वहां किताबें चलेंगी न?' 'आप कह रहे हैं तो चलानी पड़ेंगी। किताब में सवालों के आंसर तो ढूंढ लेगा न? छोटे छोटे प्रश्नों की पर्चियां मैं उसे दिलवा दूंगा। वैसे भी हमारा काम किसी पेपर देने वाले की पूरी सहायता करना होता है। आप चिंता न करें सर!'

'मैं तो सोच रहा हूं कि मैं उसी सब्जेक्ट का टीचर उसका पेपर करवाने भेजूं? बुरा तो नहीं लगेगा आपको?' 'जनाब! ये तो मेरी खुशकिस्मती है।'

'आप चिंता न करें। मैं आपको कुछ नहीं होने दूंगा। वैसे तो वह बहुत होशियार है! समझ लीजिए, आपने मेरे नहीं, अपने बच्चे को टॉप टेन में लाने के लिए कमर में कफन बांधा है। तो पेपर होने के बाद मिलता हूं आपसे। सच कहूं! आपने मेरा दिल जीत लिया। आप चाहें तो हर पेपर होने के बाद हम पार्टी कर सकते हैं।' 'देखते हैं, समय कैसे इजाजत देता है सर?' ऑडियो खत्म।

प्रसंगवश

## 'चूल्हे' तक पहुंचा युद्ध समन्वय की जरूरत

*ईरान युद्ध का असर हमारी रसोई और चूल्हे तक आ जाएगा, यह आकलन करने में केंद्रीय कैबिनेट ने 11 दिन खपा दिए। अंततः कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को ऐसे निर्देश देने पड़े कि सभी मंत्रालय आपस में मिल कर काम करें। संभावित चुनौतियों के लिए तैयार रहें। देशवासियों पर युद्ध का असर कम पड़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने 'चुनौती' की बात स्वीकार की है और 'चाहिए' शब्द का इस्तेमाल कर उपदेश दिया है। यह क्यों नहीं हो सकता कि खुद प्रधानमंत्री मंत्रियों के स्तर पर समन्वय करें। चूंकि वह देश के सर्वोच्च, संवैधानिक कार्यकारी प्रमुख हैं, लिहाजा उन्हें देश को संबोधित कर हकीकत बयां करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने नोटबंदी, कोरोना वैश्विक महामारी, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई बार राष्ट्र को संबोधित किया है। देशवासियों ने उन्हें भरपूर समर्थन और सहयोग भी दिया है।*

*बहरहाल भारत में करीब 19.5 करोड़ घन मीटर गैस की खपत औसतन हर रोज होती है, जबकि गैस का घरेलू उत्पादन करीब 10 करोड़ घन मीटर ही है, जाहिर है कि भारत को गैस आयात करनी पड़ती है। इसमें रसोई गैस एलपीजी के अलावा, एलएनजी, पीएनजी, सीएनजी भी हमारी जिंदगी की सक्रियता के लिए बेहद अनिवार्य हैं। उनके बिना जिंदगी, समाज और कारोबार का चक्का ही जाम हो जाएगा। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए हमारे घरों तक जाती है और 1.62 करोड़ इसके कनेक्शन हैं। एलपीजी के 33 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। सीएनजी वाहनों में इस्तेमाल की जाती है। एलएनजी खाद के प्लांट से लेकर औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण की इकाइयों के लिए 'संजीवनी' है। प्रधानमंत्री मोदी देश को संबोधित कर खुलासा कर सकते हैं कि भारत ने अमरीका के साथ 22 लाख टन गैस का सौदा किस आधार पर किया है? इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, नॉर्वे, पश्चिम अफ्रीका, नाइजीरिया, अंगोला और अल्जीरिया सरीखे देशों से पर्याप्त गैस की आपूर्ति का अपडेट क्या है?*



*ये छोटे, पिद्दी से देश भारत जैसे विराट, विशाल देश को गैस सप्लाई कर रहे हैं, लेकिन खुद 78 साल का भारत अपने लिए गैस का पर्याप्त उत्पादन करने में सक्षम क्यों नहीं हो सका? यह वाकई यक्ष-प्रश्न है। गैस की जानकारी देश को देने में गोपनीयता क्या है? कूटनीतिक रणनीति क्या है? आपकी तेल-गैस की सप्लाई को कौन 'तारपीडो' करेगा? यह तो आम भारतवासी की जिंदगी और चूल्हे से जुड़ा संवेदनशील विषय है। प्रधानमंत्री आपदा या संकट के दौर में देश की जनता, विपक्ष और मीडिया को खुलासा क्यों नहीं कर रहे?*

*ऊर्जा-संकट से ही हमारी खाद्य-सुरक्षा प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी है। ठीक है, केंद्र सरकार ने 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' की अधिसूचना जारी कर उसे लागू कर दिया है, लेकिन आम आदमी सड़क पर उतरने को विवश है। गैस सिलेंडर लेकर लोगों ने उसी तरह कतारें लगाना शुरू कर दिया है, जिस तरह कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर को लेकर हुआ था। वह संकट भी फर्जी था, चिंता और अफवाहें ज्यादा थीं। मौजूदा संकट आम रसोई के मद्देनजर है कि शाम को गैस का चूल्हा जलेगा या नहीं, घर का खाना बनेगा अथवा नहीं। यह संकट उस वर्ग का ज्यादा है, जिसकी जिंदगी धक्के खाने में खप जाती है, जिसके संसाधन बेहद सीमित हैं और जिसने जनादेश देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। क्या प्रधानमंत्री उन लोगों को संबोधित भी नहीं कर सकते? इस संकट के दरमियान ही अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का बयान आया है कि युद्ध का काम लगभग पूरा हो चुका है। अर्थात अमरीका युद्ध को समाप्त करने और निकलने का सुरक्षित रास्ता तलाश रहा है, लेकिन इजरायल और ईरान फिलहाल ऐसा नहीं सोच रहे, जाहिर है कि तेल-गैस का संकट बरकरार रहेगा, बल्कि बढ़ भी सकता है। हालांकि हाल ही में ईरान के भारत के प्रति सकारात्मक कदम के बाद गैस के दो जहाज आने की सूचना ने कुछ राहत अवश्य दी है। बावजूद इसके करीब 60 देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ चुकी हैं। बहरहाल रूस हमारे लिए चमकती हुई उम्मीद है। वह गैस का सबसे बड़ा निर्यातक देश है और कच्चे तेल का भी दूसरा सबसे बड़ा देश है। अमरीका ने रूस पर से तेल-गैस संबंधी पाबंदियां हटा ली हैं। रूस ने हमें कच्चा तेल और गैस की आपूर्ति शुरू भी कर दी है। करीब 95 लाख बैरल तेल भारतीय तट पर मौजूद है।*

उपभोक्ता अधिकार दिवस | **एआई तकनीक उपभोक्ता सेवा की गुणवत्ता पर नजर रखने में सहायक सिद्ध हो रही है**

## उपभोक्ता को शीघ्र न्याय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका

श्रीगोपाल नारसन

कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात एआई उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने में न सिर्फ मददगार है बल्कि नयी स्थितियों में शीघ्र, सुलभ व सस्ते न्याय का माध्यम भी बन रही है। शिकायतों को सुनने और उसका समाधान देने के लिए एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह तकनीक उपभोक्ता सेवा की गुणवत्ता पर नजर रखने में सहायक सिद्ध हो रही है।

उपभोक्ता कानून में एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग रियल-टाइम डेटा विश्लेषण द्वारा खरीदारी के पैटर्न को समझने, शिकायतों के तेजी से निपटान, और क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी को रोकने के लिए किया जा रहा है। यह तकनीक उपभोक्ता सेवा की गुणवत्ता पर नजर रखने में सहायक सिद्ध हो रही है। दरअसल, उपभोक्ता मंत्रालय उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनने और उसका समाधान देने के लिए एआई का इस्ते,माल कर रहा है। एआई के कारण शीघ्र समाधान के चलते डिजिटल शिकायतों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। एआई का उपभोक्ता कानून में उपयोग सन 2023 में पहली बार शुरू किया गया था।

**शिकायत निवारण में मददगार चैटबॉट**

आईआईटी बॉम्बे के कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. पुष्पक भट्टाचार्य और उनकी टीम ने यह चैटबॉट तैयार किया है। साथ ही एनएलएसआईयू बेंगलुरु के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राहुल हेमराजानी और उनकी टीम ने कानूनी पहलुओं को जोड़ते हुए इस चैटबॉट को प्रशिक्षित किया। डॉ. पुष्पक भट्टाचार्य और डॉ. राहुल हेमराजानी के इस प्रोजेक्ट में उपभोक्ता मंत्रालय नॉलेज पार्टनर था। उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में एआई बेहद कारगर है। इसी के कारण उपभोक्ता शिकायतों की संख्या व समाधान में इजाफा हुआ है।

**समाधान की अवधि घटी**

आंकड़ों पर गौर करें तो दिसंबर, 2015 में देश में जहां 12,553 उपभोक्ताओं की शिकायतें दर्ज हुई थीं, वहीं अब यह संख्यान बढ़कर 1,55, 138 हो गई है। साल 2023 में इन शिकायतों के समाधान में सामान्यतः 66.26 दिन लगते थे, जबकि 2024 में यह अवधि घटकर 48 दिन रह गई। वहीं जिन कंपनियों के खिलाफ शिकायतें अधिक होती हैं, उनको 'कन्वर्जेंस पार्टनर' बनाया जाता है। सन 2017 में ऐसी



कंपनियों की संख्याश 263 थी, जो कि अब बढ़कर 1,038 हो गई है। एआई बेस प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद ये कंपनियां उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता दे रही हैं। देश में 53 प्रतिशत से अधिक लोग ऐसे हैं, जो सरकारी पोर्टल का उपयोग नहीं कर पाते हैं। ऐसे में एआई चैटबॉट उनकी मदद करेगा।

**एआई चैटबॉट लॉन्च**

हाल ही में गपशप प्लेटफॉर्म ने उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के साथ मिलकर जागृति एआई चैटबॉट लॉन्च किया है,जो उपभोक्ताओं के लिए मील का पत्थर है। कानून के क्षेत्र में एआई 'न्याय गुरु' देश का पहला एआई आधारित लीगल चैटबॉट है। यह लोगों को न सिर्फ ऑनलाइन कानूनी सलाह देता है, बल्कि कानूनी तौर पर उनके अधिकारों को समझने में मदद भी करता है। इसके लिए उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर होमपेज पर चैटबॉट के आइकन पर क्लिक करना होगा। इस एआई चैटबॉट पर उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। चैटबॉट आपकी शिकायत के आधार पर कानूनी दस्तावेज, नोटिस या आवेदन तैयार करने में सहायता करता है। 'ग्राहक न्याय' का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना है। एआई द्वारा संचालित और प्रौद्योगिकी के इस तीव्र विकास के दौर में भारत में उपभोक्ताओं की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। यह अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि एआई उपभोक्ता-आधारित अर्थव्यवस्था की सुरक्षा के लिए बेहतर शासन में कैसे सहायक हो सकता है। इतना ही नहीं, अधिकांश लेन-देन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हो रहे हैं, और न्यायिक प्रक्रिया में भी एआई के कारण तेजी से बदलाव आ रहे हैं, ऐसे में भारतीय उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए एक तत्काल कानून की आवश्यकता है।

**अधिनियम में सुधार जरूरी**

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 में एआई-आधारित उत्पादों और सेवाओं को शामिल करने के लिए सुधार किया जा सकता है, जिसमें उत्पाद दायित्व और अनुचित व्यापार प्रथाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह भी सिफारिश की जाती है कि एक सरकारी एजेंसी एआई नियमों की निगरानी करे, उनके उपयोग की निगरानी करे और पारदर्शिता सुनिश्चित करे, साथ ही उपभोक्ता सेवाओं में उपयोग किए जाने वाले एल्गोरिदम की जवाबदेही अनिवार्य करे। संस्थागत क्षमता निर्माण में उपभोक्ता न्यायालय के कर्मचारियों और नियामक कर्मियों को एआई प्रशिक्षण देना शामिल होगा। जन जागरूकता अभियान आयोजित करने से लोगों को एआई से संबंधित अपने अधिकारों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी। साथ ही, संगठनों को नैतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए, लेकिन अधिकारियों द्वारा कड़ी निगरानी के साथ। वर्तमान डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने उपभोक्ता संपर्क और वाणिज्य सहित विभिन्न क्षेत्रों को रूपांतरित और नया आकार दिया है। हालांकि भारत में फिलहाल कृत्रिम बुद्धिमत्ता की कोई स्पष्ट कानूनी परिभाषा नहीं है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इसे उन तकनीकों का समूह बताता है जो मशीनों को उच्च स्तर की बुद्धिमत्ता के साथ काम करने और चीजों को समझने और कार्य करने की मानवीय क्षमताओं की नकल करने में सक्षम बनाती हैं।

**हेल्पलाइन को एआई से मजबूती**


उपभोक्ता मंत्रालय राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से सशक्त बना रहा है जिससे उपभोक्ता शिकायतों का समाधान 45 दिनों की बजाय सिर्फ 7 दिनों में हो सकेगा। इसलिए कहा जा सकता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात एआई उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने में न सिर्फ मददगार है बल्कि नए जमाने में शीघ्र,सुलभ व सस्ते न्याय का माध्यम भी बन रही है।

जीवन दर्शन

## खुद को बदलने का प्रयास करो सफलता आपकी होगी

हम हर रोज अपने विचारों, वचनों और कार्यों का निरीक्षण करने से यह जान सकते हैं कि हम कहाँ खड़े हैं? हम पाएंगे कि हमारी आत्मा पर अनेकों दाग हैं जिन्हें हमें साफ करना है। आत्म-निरीक्षण का मतलब स्वयं की जांच करना है। जब तक स्वयं के बारे में जानकर उस दाग को साफ नहीं करेंगे तब तक हम खुद को सुधार नहीं पाएंगे। अवगुणों को दूर करने का पहला कदम है कि हमें अपनी कमजोरियों का अहसास हो।

हम अपने विचारों, वचनों और कार्यों पर नजर रखेंगे और उन पर नियंत्रण रखने की कोशिश करेंगे। हमारे मन में चौबीसों घंटे उल्टे विचार आते रहते हैं जिससे कि हम दिन भर उल्टे वचन और कार्य करते हैं। ये सब हमारी हर क्षेत्र की प्रगति में सबसे बड़ी रूकावट है। क्रोध, झूठ, वासना, लालच और अहम यह सभी अवगुण हमारे मन में हर समय आंधी की तरह चलते रहते



हैं। यदि हम इन नकारात्मक विचारों को नियंत्रण में ला सकें तो हमारा मन स्थिर और शांत हो जाएगा। इन अवगुणों को दूर करने का पहला कदम यह है कि हमें अपनी कमजोरियों का अहसास हो। तब हम अपने विचारों, वचनों और कार्यों पर नजर रखेंगे और उन पर नियंत्रण रखने की कोशिश करेंगे। ठीक इसी प्रकार जब हम किसी पूर्ण गुरु के पास जाते हैं तो वे हमारे मन के अवगुणों को भांप लेते हैं और इसके साथ-साथ वे हमें इन अवगुणों को दूरने करने के उपाय भी बताते हैं कि हमें अपनी गलतियों की समीक्षा करनी चाहिये। जिसका अर्थ अपने आपको शीशे में देखना है ताकि हमें हमारी त्रुटियों का पता लगे, जिससे कि हम धीरे-धीरे उन पर विजय प्राप्त कर सकें। प्रभु प्रेम है, हमारी आत्मा भी उसी का अंश होने के नाते प्रेम है और प्रभु के पास वापस जाने का रास्ता भी प्रेम का ही है

आध्यात्मिक सत्गुरु का मिलना एक बहुत बड़ी खुशकिस्मती है। सत्गुरु आंतरिक रूहानी मंडलों में हमारी आत्मा के मार्गदर्शक होते हैं। हमारी परेशानियों में मदद करने के लिए सत्गुरु एक मित्र एवं साथी की तरह होते हैं। हमें यह समीक्षा स्वयं को कोसने के लिए नहीं बल्कि स्वयं को बेहतर बनाने के लिए करनी चाहिये। यह निराशा और निरादर का कारण नहीं बन जानी चाहिये, बल्कि जहाँ-जहाँ हम कमजोर हैं, वहाँ हम बेहतर बनाकर हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में हमारी मददगार होनी चाहिये। ध्यान-अभ्यास के द्वारा हमारे अवगुणों के सुधार की प्रक्रिया और तेज हो जाती है। प्रभु की निर्मल करने वाली प्रेम की धारा हमारे अवगुणों को हटाने में सहायक होती है। इस प्रकार हमारा जीवन संपूर्ण शांति, आनंद और प्रेम से भर जाता है।

**-संत राजिन्दर सिंह**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

बुद्धियुक्तो जहातीह उभे
सुकृतदुष्कृते।
तस्माद्योगाय युज्यस्व
योगः कर्मसु कौशलम॥

**भावार्थ**

श्री कृष्ण कहते हैं, जिस व्यक्ति की बुद्धि योगयुक्त होती है, वह पुण्य और पाप दोनों को त्याग देता है। इसलिए योग में स्थित होकर कर्म करो, क्योंकि योग ही कर्मों में कुशलता है।

### सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट का सराहनीय कार्य

# गरीबों को नहीं करना होगा ननि के वाहन का इंतजार, नए वाहन का लोकर्पण आज

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** अनेक बार नगर निगम के शव वाहन में आने में देरी के कारण शव यात्रा में देरी हो जाती है, राजधानी भोपाल में मुख्य रूप से इसकी व्यवस्था नगर निगम के जिम्मे है, वैसे अनेक सेवाभावी संस्थाए भी हैं, जिनमें छोला विश्रामघाट, भदभदा विश्रामघाट, जिनकी समितियों की तरफ से भी आम लोगों को शव वाहन उपलब्ध करवाए जाते है, हालांकि 2006 तक संत हिरदाराम नगर की जनता भी शव वाहन के लिए नगर निगम की मोहताज थी, और तत्कालीन पार्षदों के प्रयासों से फायर स्टेशन पर तो एक शव वाहन स्थाई रूप से पार्क होने लगा था लेकिन जब से इस व्यवस्था को सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट ने संभाला है, तब से नगर निगम या अन्य किसी संस्था पर निर्भरता खत्म हो गई है।

**दो शव वाहन, एम्बूलेंस व फ्रीजर:** अगर सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट की वर्तमान व्यवस्था पर एक नजर डाली जाए तो पता चलता है कि इसके पास मौजूदा समय में दो ट्रांसपेरेंट ब? शव वाहन हैं। जो आम जनता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहते हैं, इसके अलावा एक एम्बूलेंस भी है, जो किसी मरीज को अस्पताल तक पहुंचाने एवं वहां से लाकर घर छोड़ने का काम भी लम्बे समय से कर रही है। इसके अलावा चूंकि अनेक परिवारों के बच्चे शहर एवं देश से बाहर रहने लगे हैं, ऐसे में किसी की मृत्यू होने के बाद शव को कभी कभी तो दो दो दिन तक रखना प?ता है, इसके लिए सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट ने


सुशील वासवानी


रामकुमार सभनानी

एक नहीं बल्कि 8 फ्रीजर की व्यवस्था की है। ट्रस्ट के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महानगर नागरिक बैंक के अध्यक्ष सुशील वासवानी तथा सचिव रामचंद सभनानी बताते हैं, कि यह कल्चर फ्लैट का है, और अनेक परिवार बहुमंजिला इमारतों में निवास करते हैं, ऐसे में पूर्व में ट्रस्ट के पास मौजूद दो बड़े फ्रीजर ऊपरी मंजिल तक पहुंचाने में काफी दिक्कत होती थी, इसके लिए 6 पोर्टेबिल एंव छोटे फ्रीजर की भी व्यवस्था की गई है। पोर्टेबिल फ्रीजर को किसी भी ऊपरी मंजिल तक आसानी से ले जाया जा सकता है। इस तरह इनकी संख्या दो से बढ़कर अब 8 हो गई है।



2006 से अब तक 10500 शव पहुंचा चुका है विश्रामघाट

### 2006 में हुई स्थापना

सुशील वासवानी एवं रामचंद सभनानी बताते हैं कि सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट की स्थापना 2006 में कुछ सेवाभावी व्यक्तियों ने की। पहले पहल इसकी बागडोर समाज सेवी नारायणदास साधवानी के पास रही, फिर कुछ समय के लिए सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के संरक्षक ईश्वरदास हिमथानी के हाथों में रही, लेकिन कुछ समय से सुशील वासवानी अध्यक्ष एवं रामकुमार सभनानी सचिव के रूप में व्यवस्थाओं को अंजाम दे रहे है।

### गरीबों को निःशुल्क प्रदाय

दोनो पदाधिकारी बताते हैं कि वर्तमान में शव वाहन एवं फ्रीजर गरीब परिवारों को पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन चूंकि इस व्यवस्था के रखरखाव में काफी खर्चा आता है, डीजल, ड्राइवर व हेल्पर के अतिरिक्त वाहनों व फ्रीजर की देखरेख में काफी पैसा खर्च होने की वजह से समाज के जो सक्षम लोग हैं, उनसे शव वाहन के 500 एवं फ्रीजर के 1000 रूपए बतौर सहयोग लिए जाते हैं जबकि खर्चा इससे कहीं अधिक है, शेष खर्चे की व्यवस्था ट्रस्ट के पदाधिकारी अपनी जेब से करते हैं, या फिर समय समय पर कुछ दानवीर आगे आकर भी इसमें मदद करते है जैसे कि समाज सेवी करण आसवानी ने ट्रस्ट को कुछ समय पूर्व दो पोर्टेबिल फ्रीजर उपलब्ध करवाए।

### नए वाहन का लोकार्पण आज

इधर समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी से वासवानी परिवार की तरफ से 12 लाख 50 हजार की लागत से ट्रस्ट को अपने पिताश्री स्व. नारायणदास वासवानी जो कि आरएसएस के वरिष्ठ स्वयं सेवक थे, के अलावा माताश्री स्व. हरिदेवी वासवानी, भ्राता हरीश कुमार एवं बहने स्व. मोहनीदेवी, स्व. रजनीदेवी, स्वं स्व. राजू वासवानी की स्मृति में प्रदान की है, जिसका सोमवार की सुबह 9 बजे शहीद हेमू कालानी खेल स्टेडियम मे आयोजित एक सादे कार्यक्रम में सुशील वासवानी, ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ लोकार्पण कर ट्रस्ट को सौंपेंगे। इस तरह संत हिरदाराम नगर में सेवा का यह कार्य दिन प्रतिदिन फल फूल रहा है चूंकि उपनगर का विस्तार हो रहा है, और अनेक नई कालोनियां बनी हैं, फैलाव दूर दूर तक हुआ है, ऐसे में तीसरा शव वाहन सभी जगह आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

# बॉलीवुड सिंगर मोहित लालवानी 18 को संत नगर में देंगे लाइव परफॉर्मेंस

### डमरू वादको द्वारा की जाएगी महा आरती, शामिल होंगे सांसद

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** इन दिनों 19 मार्च मध्य रात्रि से प्रारंभ होने वाली नवरात्रि पर्व के अलावा वर्ष प्रतिपदा, गुड़ी पड़वा, चैटीचंड एवं हिन्दु नव वर्ष को लेकर राजधानी में जोरदार तैयारियां चल रही हैं। राजधानी सिंधी समाज ने हिन्दु नव वर्ष व चैटीचंड धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। भाजपा जिला मंत्री एवं सिंधु सेना प्रमुख राकेश कुकरेजा ने बताया कि सिंधी समाज द्वारा कई भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में भोपाल के युवाओं को एक माला में पिरोने के उद्देश्य बनी सिंधु सेना द्वारा भी भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेट्रीचंड्र के इस पावन पर्व पर 18 मार्च को शाम 7 बजे लालघाटी स्थित स्वागत गार्डन में एक शाम सिंधियत के नाम आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम के



प्रारंभ मे डमरू वादको द्वारा होगी भगवान् झूलेलाल भव्य महाआरती के साथ इंटरनेशनल गायक गायक, बॉलीवुड सिंगर मोहित लालवानी मुंबई द्वारा अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सिंधु सेना के अध्यक्ष रखेगा कुकरेजा ने बताया कि 18 मार्च को भोपाल में पहली बार अंतराष्ट्रीय गायक मोहित लालवानी को आमंत्रित किया गया है। मोहित लालवानी ने इंडियन आइडल के चैथे सीजन का खिताब जीता था। वे भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रॉक, सूफी और बॉलीवुड गानों के जाने जाते है। राकेश कुकरेजा ने बताया कि मोहित अपने बैंड श्रूहश् के साथ लाइव प्रदर्शन के लिए भी प्रसिद्ध हैं। कार्यकम में प्रवेश पूर्ण रूप से नि शुल्क रहेगा, साथ ही दर्शकों के लिए इस आयोजन में रंगारंग आतिशबाजी के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल्स भी रहेंगे। इसमें सांसद आलोक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम मे सिंधु सेना उन सभी युवाओं का कर रही है सम्मान, जो सोशल मीडिया पर अपनी एक अलग पहचान बना चुके हैं।

# हादसों को देख जागा आरटीओ एवं पुलिस, चेकिंग बढ़ाई

**बैरसिया।** भोपाल-बैरसिया रोड पर हो रहे लगातार हो रहे हादसों के बाद पुलिस प्रशासन एवं आरटीओ विभाग सक्रिय हो गया है। बैरसिया में भोपाल मार्ग पर बस, ट्रक व डंपर सहित भारी वाहनों की चेकिंग तेज कर दी गई है। चेकिंग अमला 10 डॉक्यूमेंट के साथ ओवरलोडिंग के साथ सभी दस्तावेजों की जांच कर रहा है। साथ ही रॉयल्टी लेने के बाद ओवरलोड किए जा रहे डंपरों पर भी कार्रवाई की गई। बता दें कि भोपाल बैरसिया रोड पर लगातार हादसे हो रहे हैं,। भीषण हादसों के बाद भी प्रशासन हाथ पर हाथ रखे बैठा था। मगर शासन-



प्रशासन और आरटीओ विभाग आज जाकर जाग गया। बैरसिया एसडीओपी वैशाली सिंह कराहलिया का कहना है कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा, आरटीओ कार्यालय के जितेन्द्र शर्मा, बैरसिया थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह सेन एवं गुनगा थाना प्रभारी कृष्ण ठाकुर सहित पुलिस कर्मी चेकिंग में सक्रिय रहे।

# संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज द्वारा राष्ट्रीय ई-कॉन्फ्रेंस का आयोजन

### देशभर के शोधकर्ता व शिक्षकों ने लिया भाग

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज,भोपाल द्वारा हार्नेसिंग एआई टू एम्पावर जेन जी मिलेनियल टीचर्स एंड स्टूडेंट्स फॉर इफेक्टिव क्लासरूम टीचिंग लर्निंग विषय पर राष्ट्रीय ई-कॉन्फ्रेंस का सफलतापूर्वक ऑनलाइन आयोजन किया गया। कालेज की डा. सह संयोजक डा. मीनू टहलियानी ने बताया कि सम्मेलन में देश के विभिन्न भागों से शिक्षाविद्, शोधकर्ता एवं शिक्षकों ने भाग लेकर आधुनिक शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परिवर्तनकारी भूमिका पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रवेश विजयवर्गीय, मैनेजिंग डायरेक्टर, फोर क्यूब सॉल्यूशंस, लेखक एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल पिसे, वरिष्ठ डेटा वैज्ञानिक उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के समुचित उपयोग पर बल देते हुए कहा कि एआई शिक्षण, अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना सकता है, साथ ही मानवीय रचनात्मकता, नैतिक मूल्यों और समालोचनात्मक चिंतन को भी बनाए रखना आवश्यक है। सम्मेलन में डॉ. मुनेश चन्द्र त्रिवेदी, प्रोफेसर, पीएसएस सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन द्वारा प्लेनरी सत्र आयोजित किया गया,जिसमें उन्होंने एआई आधारित उपकरणों की सहायता से कक्षाओं को अधिक इंटरैक्टिव, व्यक्तिगत एवं सुलभ बनाने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतर्गत दो तकनीकी सत्र आयोजित




किए गए, जिनमें विभिन्न संस्थानों के विद्वानों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए और शिक्षा में एआई के उपयोग पर विचार साझा किए। तकनीकी सत्रदृ प्रथम का विषय पाठ्यक्रम विकास, शैक्षणिक योजना एवं शिक्षण नवाचार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का समावेशन रहा। इस सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. रूपेश कुमार देवांग, एसोसिएट प्रोफेसर, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, एनआईटी रायपुर रहे। उन्होंने एआई के संदर्भ में डेटा गोपनीयता एवं सुरक्षा, एआई प्रणालियों में पक्षपात एवं निष्पक्षता तथा एआई युग में शैक्षणिक ईमानदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला। सत्र की अध्यक्षता डॉ. रोहित बंसल,एडजंक्ट फैकल्टी,रॉकफोर्ड कॉलेज,सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) ने की। डा. मीनू टहलियानी के अनुसार तकनीकी सत्रद्वितीय का विषय एआई के माध्यम से जनरेशन-जी एवं मिलेनियल शिक्षकों को सशक्त बनाना तथा छात्र-केन्द्रित अधिगम को प्रोत्साहित करना रहा। इस सत्र में डॉ. पल्लवी कौल, एसोसिएट प्रोफेसर, अमिटी यूनिवर्सिटी द्वारा एआई आधारित शैक्षणिक नवाचारों पर व्याख्यान दिया गया। साथ ही डॉ. रुचि जैन, एसोसिएट प्रोफेसर, लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, भोपाल ने छात्र सहभागिता और अधिगम परिणामों को बेहतर बनाने में एआई की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# शिक्षकों ने तहसील अध्यक्ष को बताईं समस्याएं

**जागरण, बैरसिया।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ बैरसिया तहसील के अध्यक्ष दिनेश शुक्ला से रविवार को बैरसिया विकासखंड के शिक्षकों ने सौजन्य भेंट की। शिक्षकों ने उन्हें अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इनमें मुख्य रूप से सोहाया संकुल के प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नत वेतनमान से जुड़े लंबित आदेशों और सेवा पुस्तिका अनुमोदन की समस्या को प्रमुखता से उठाया। शिक्षकों ने बताया कि सोहाया संकुल के कई प्राथमिक शिक्षकों का क्रमोन्नत वेतनमान आदेश अब तक जारी नहीं किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिन शिक्षकों के क्रमोन्नत वेतनमान के आदेश पहले जारी हो चुके हैं, उनकी सेवा पुस्तिका का अनुमोदन न होने के कारण अभी तक इसका लाभ नहीं मिल सका है। शिक्षकों ने मांग की कि इन सभी मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए। इसके साथ ही कुछ ऐसे प्राथमिक शिक्षक भी हैं जिनकी 12 वर्ष की सेवा अवधि 28 फरवरी को




पूर्ण हो चुकी है, लेकिन उनका क्रमोन्नत वेतनमान प्रस्ताव अब तक संकुल प्राचार्यों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को नहीं भेजा गया है। शिक्षकों ने इन प्रस्तावों को जल्द भेजने की भी मांग की। तहसील अध्यक्ष शुक्ला ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए बताया कि इस संबंध में उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एन.के. अहिरवार से दूरभाष पर चर्चा की है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए आश्वस्त किया है। इस अवसर पर तारान सिंह राजपूत, शिवनारायण पाल, मजलेश सक्सेना, मलखान सिंह जाट, जितेंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, बृजमोहन सिंह, महेश वर्मा, मुकेश राजपूत, लाल सिंह, रामबाबू प्रजापति, रामबिलास सिंह सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# मंडीदीप में एक लाख का लालच देकर धर्मांतरण का प्रयास, केस दर्ज

**जागरण, मंडीदीप।** औद्योगिक नगर मंडीदीप में एक बार फिर धर्मांतरण की कोशिश के आरोप लगे हैं। शिकायत मिलने के बाद मंडीदीप थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक महिमा धाम कॉलोनी निवासी योगेन्द्र सराठे (27) ने अपनी पत्नी और साथियों के साथ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि विरिज कुमार और उनकी पत्नी ब्यूला निराला ने उन्हें आर्थिक प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया। 15 मार्च को सुबह करीब 11 बजे वे अपनी पत्नी के साथ बमुलिया स्थित एक चर्च पहुंचे थे। वहां मौजूद आरोपियों ने कथित रूप से उनसे कहा कि यदि वे ईसाई धर्म स्वीकार कर लेते हैं तो उन्हें एक लाख रुपये दिए जाएंगे। शिकायत में यह भी बताया गया कि आरोपियों ने शुरुआत में 25 हजार रुपये



पहली किस्त के रूप में देने का प्रस्ताव रखा। उन्हें प्रार्थना करने तथा बाइबल पढ़ने के लिए कहा। योगेन्द्र सराठे का कहना है कि यह प्रस्ताव उन्हें उचित नहीं लगा, जिसके बाद वे अपनी पत्नी और बच्चे के साथ वहां से वापस लौट आए। बाद में उन्होंने इस घटना की जानकारी स्थानीय लोगों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को दी। सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3 और 5 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### साहू समाज ने कर्मा जयंती पर भंडारा कराया

**जागरण, ओबेदुल्लागंज।** कर्मा जयंती के पावन अवसर पर अर्जुन नगर सामुदायिक भवन में भव्य समारोह आयोजित किया गया। साहू समाज के लोगों ने माता कर्मा की भक्तिभाव से पूजन अर्चना की। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। माता कर्मा की प्रतिमा की विधि-विधान से पूजा के बाद शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। माता कर्मा न केवल साहू समाज की आराध्य हैं, बल्कि वे अटूट भक्ति और नारी शक्ति का प्रतीक भी हैं। उन्होंने सिखाया कि सच्ची श्रद्धा से ईश्वर को खिचड़ी का भोग भी लगाया जा सकता है और भगवान उसे सहर्ष स्वीकार करते हैं।

# सेवानिवृत्ति पर शिक्षक गोपाल सिंह का सम्मान, विदाई

**बैरसिया।** शासकीय प्राथमिक शाला हिनोतिया पीरान में पदस्थ रहे शिक्षक गोपाल सिंह राजपूत की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय में गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शाल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर राजपूत का स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य संध्या सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक संघ के प्रांतीय सह-संगठन मंत्री राजीव शर्मा उपस्थित रहे। शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे राजपूत लंबे समय से संगठन से जुड़े रहे और उन्होंने संगठन के विभिन्न दायित्वों का निष्ठा और सक्रियता के साथ निर्वहन किया। विनम्रता उनकी विशेष पहचान रही है। यही कारण है कि आज उन्हें विदाई देने बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित हुए हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक राजपूत ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने पूरे सेवाकाल में सहकर्मियों का भरपूर सहयोग और स्नेह मिला। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना उनके लिए सदैव गर्व और संतोष का विषय रहा है। उन्होंने सभी शिक्षकों से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहने का आह्वान भी किया।




## SUDOKU 176

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | 8 | | | 1 | 9 | |
| | | | | 1 | | 7 | | |
| 7 | | | | | | | 8 | 2 |
| | | | | | 8 | | 1 | |
| | 5 | | | 7 | | | 6 | |
| | 3 | | 4 | | | | | |
| 5 | 2 | | | | | | | 1 |
| | | 6 | | 2 | | | | |
| | 1 | 8 | | | 6 | 3 | | |

## SOLUTIONS 175

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 1 |
| 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 9 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 4 | 9 | 3 | 1 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 8 | 1 | 9 | 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 5 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 4 | 7 | 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी और भाग्य का सहयोग मिलने से कई अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**वृषभ :** आज का दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। कामकाज में तेजी आएगी। आपकी कोई पुरानी इच्छा आज पूरी हो सकती है।

**मिथुन :** आज कुछ मामलों में आपको सावधानी और धैर्य से काम लेना होगा। मानसिक उलझनें बढ़ सकती हैं। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

**कर्क :** दिन की शुरुआत आपके लिए काफी अनुकूल रहेगी। व्यापार से जुड़े लोगों को अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है। लंबे समय से रुका हुआ कोई काम आज पूरा हो सकता है।

**सिंह :** आज का दिन काफी अनुकूल रहेगा। भाग्य का साथ मिलने से कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे हो सकते हैं। नौकरी करने वालों को वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** आज आपकी कोई महत्वपूर्ण इच्छा पूरी हो सकती है। नौकरी से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी मिलने की संभावना है।

**तुला :** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा, लेकिन यह व्यस्तता लाभ देने वाली होगी। लंबे समय से रुका हुआ काम आज पूरा हो सकता है जिससे आपको राहत मिलेगी।

**वृश्चिक :** अचानक कोई लाभ मिलने के योग बन रहे हैं जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। हालांकि धन से जुड़े मामलों में सावधानी बरतना जरूरी होगा।

**धनु :** आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। भाग्य का साथ मिलने से आपके कई काम आसानी से पूरे हो सकते हैं।

**मकर :** आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको कोई महत्वपूर्ण अवसर मिल सकता है, भविष्य में लाभ होगा। अचानक धन लाभ हो सकता है।

**कुंभ :** आज का दिन अनुकूल रहेगा। आपके कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी।

**मीन :** आज आपको कुछ नया करने का मौका मिल सकता है। पिता या किसी वरिष्ठ व्यक्ति की ओर से लाभ मिलने के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती है।

**आज का पंचांग:** 16 मार्च सोमवार 2026। **दिशाशूल :** पूर्व। **पर्व :** प्रदोष व्रत। **विशेष :** पंचक (सायं 06.15 से प्रारंभ 20 मार्च को रात्रि 02.28 पर समाप्त।) विक्रम संवत 2082 शके 1948 उत्तरायण, दक्षिणगोल, शिशिर ऋतु चैत्र मास कृष्ण पक्ष की द्वादशी 09 घंटे 42 मिनट तक, तत्पश्चात त्रयोदशी धनिष्ठा नक्षत्र 30 घंटे 09 मिनट तक, शिव योग 09 घंटे 37 मिनट तक, तत्पश्चात सिद्ध योग मकर में चंद्रमा 18 घंटे 15 मिनट तक तत्पश्चात कुंभ में।

# सेवा सदन के नए भवन में लगा पहला ग्लूकोमा शिविर, लोगों ने कराई जांच

### आधुनिक आपेरशन थियेटर वाला अस्पताल नेत्र रोगियों को समर्पित

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** पिछले लगभग सात आठ सालों से निर्माण की प्रक्रिया में चल रहा, सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नए भवन में अब सामान्य रूप से कामकाज प्रारंभ कर दिया गया है, इसमें पहला ग्लूकोमा (काला मोतियाबिंद) निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 25 मरीजों की जांच की गई। इनकी जांच ग्लूकोमा विशेषज्ञ डा. समता पटेल ने की।

**सामान्य काम काज आज से:** सेवा सदन की विज्ञप्ति में बताया गया है कि सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन में नेत्र रोगों की जांच और उपचार का सामान्य कामकाज सोमवार 16 मार्च से विधिवत प्रारंभ कियाजाएगा। यह भवन आषाराम बापू तिराहा, एयरपोर्ट रोड गांधीनगर, भोपाल में बनाया गया है। पांच एक? के विषाल भूखण्ड में 1.31 लाख फुट में निर्मित यह चार मंजिला भवन सेन्ट्रलाईज़्ड एयर कंडीषन्ड है। भवन में नौ मॉड्यूलर ऑपरेषन थियेटर्स बनाए गए हैं। इनके अलावा सेप्टिक रोगियों तथा लेसिक सर्जरी के लिये एक-एक पृथक ऑपरेशन थियेटर्स भी बनाए गए हैं। अस्पताल में महिला और पुरूषों के लिये अलग अलग वार्ड्स निर्मित किये गये हैं। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय प्रबंधन ने अस्पताल में जुटाई गयी सुविधाएं आगामी 50 वर्षों की संभावित आवष्यकताओं को ध्यान में रखकर की हैं। स्वामी हिरदाराम साहिब जी ने अपने जीवनकाल में समाज को नियंत्रण योग्य अंधत्व से मुक्त करने का संकल्प लिया था।



### 175 रोगियों की क्षमता

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन में एक साथ 175 रोगियों को भर्ती कर इलाज करने की क्षमता बनायी गयी है। राजधानी भोपाल की ब?ती ट्रेफिक के कारण नेत्र रोगियों को पिछले वर्षो में प्रायः ट्रेफिक जाम की समस्या मिलती थी। लेकिन अब नवनिर्मित भवन में विषाल पार्किंग भी बनायी गयी है जिसमें एक साथ 500 से अधिक गा?ियां पार्क करने की सुविधा सुलभ होगी। अस्पताल में मॉड्यूलर आई बैंक, अग्निषमन प्रणाली, लिफ्ट और रैम्प, उच्च गुणवत्ता फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरा, पर्यावरण अनुकूल वातावरण और जल शोधन संयत्र तथा स्वचालित जनरेटर्स से वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था की गई है।

“यह एक कड़वी हकीकत है कि हमारी पारिवारिक संस्था में अविश्वास की सेंध लग रही है। खाओ-पियो मौज करो की पश्चिमी संस्कृति के अंधानुकरण से वैवाहिक संस्था की शुचिता को आंच आई है। समाज में अलगाव, तलाक व हिंसक प्रतिशोध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

# समाज का न्यूनॉर्मल- विवाहेत्तर संबंध



■ मोनिका विश्वकर्मा ■

हाल ही में सामने आए एक सर्वेक्षण में, यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि जीवन साथी की निगरानी के लिये बड़ी संख्या में डिटेक्टिव एजेंसियों की मदद ली जा रही है। तमाम विवाहेत्तर संबंधों की पड़ताल से बड़ी संख्या में शक सही निकल रहे हैं। हालांकि, इस सर्वे के दायरे और उसकी विश्वसनीयता की कसौटी के प्रश्न सामने हैं, लेकिन यह एक कड़वी हकीकत है कि हमारी पारिवारिक संस्था में अविश्वास की सेंध लग रही है। खाओ-पियो मौज करो की पश्चिमी संस्कृति के अंधानुकरण से वैवाहिक संस्था की शुचिता को आंच आई है। समाज में अलगाव, तलाक व हिंसक प्रतिशोध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। रही सही कसर कथित सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है, जिसने हमारे समाज में वर्जित माने जाने वाले भदेस विषयों को न्यू नॉर्मल बना दिया है। हाल के वर्षों में भारतीय समाज तेजी से संक्रमणकालीन दौर में जा पहुंचा है। कभी जिस रिश्ते को सिरे चढ़ाते वक्त जन्म-जन्मांतर साथ निभाने का वायदा किया जाता था, आज उसी जीवन साथी की निगरानी के लिये डिटेक्टिव एजेंसियों की मदद ली जा रही है। यह दुखद ही है कि जिन जीवन मूल्यों, संयम व शुचिता के रिश्तों के लिये भारत दुनिया में जाना जाता था, वहां आज यौन स्वच्छंदता व विवाहेत्तर संबंधों का दायरा बढ़ रहा है।

## दरकता भरोसा

### बुजर्गों का हस्तक्षेप अस्वीकार

दरअसल, विगत में भारतीय समाज में व्यक्ति के सार्वजनिक व्यवहार को संयुक्त परिवार व समाज संयमित करता था। लेकिन धीरे-धीरे आर्थिक आत्मनिर्भरता के बाद लोगों ने बड़े-बुजर्गों व समाज के हस्तक्षेप को अस्वीकार करना शुरू कर दिया। और इसके परिणाम में एकल परिवार बनते चले गए। अब तो नव युगला को घर के बुजुर्गों के ऊपर अपनी प्रायवेसी को तरजीह दे रहे हैं। नतीजा, उनके बीच होने वाले झगड़ों और मनमुटावों में कोई समझाने और सही गलत बताने वाला नहीं होता । धीरे धीरे रिश्ते टूटने के कगार पर पहुंच जाते हैं।



### कार्य संस्कृति में बदलाव

एक समय था कि भारतीय संयुक्त परिवार की छांव में संयमित व मर्यादित व्यवहार करते थे। बड़ों का अनुशासन मर्यादा की रक्षा करता था। कामकाज का स्वरूप और स्थानीय रोजगार भी जीवन व्यवहार को संतुलित व संयमित करते थे। लेकिन हमारी कार्य संस्कृति में बदलाव व देश-विदेश में कामकाज के लिये बाहर जाने के बाद व्यक्ति स्वच्छंद व्यवहार करने लगा। यही वजह है कि विदेश में रहने वाले पति या पत्नी के व्यवहार की पड़ताल के लिये डिटेक्टिव एजेंसियों की मदद लेने के मामले लगातार उजागर हुए हैं। जिसके बाद मुकदमेबाजी, अलगाव व टकराव की खबरें सामने आने लगती हैं।

### फिल्मों और टीवी से मिलती शह

विगत में हमारी फिल्मों व टीवी निर्माताओं ने दर्शकों की भीड़ जुटाने के लिये हमेशा असामान्य वैवाहिक रिश्तों को अपनी कथावस्तु बनाया। इन असामान्य रिश्तों को इस ग्लैमर के साथ पेश किया जाता रहा है कि कालांतर उसका प्रभाव समाज पर नजर आने लगा। आज तो विदेशी धरती से संचालित इंटरनेट व सोशल मीडिया ने तो असामान्य रिश्तों की पराकाष्ठा दर्शा दी। विडंबना यह रही है कि मीडिया ने भी ऐसी नकारात्मक प्रवृत्तियों को इतनी तरजीह दी कि समाज के एक तबके में असामान्य रिश्तों को सामान्य माना जाने लगा। एक हकीकत यह भी है कि देश पर तमाम विदेशी आक्रांताओं ने भारतीय संस्कृति को इतनी क्षति नहीं पहुंचाई होगी, जितनी इंटरनेट व सोशल मीडिया के माध्यम से परोसी जा रही अपसंस्कृति ने विकृतियां पैदा की। नई पीढ़ी ही नहीं, उम्र दराज लोग भी कामदेव के मोहपाश में बंधे वर्जनाओं को लांघने लगे हैं। सोशल मीडिया पर बालाओं के मोहपाश में बंधकर गांठ का धन गंवाने वालों में बुजुर्गों की संख्या भी कम नहीं है।

### विवाह संस्था के लिए बड़ी चुनौती

निस्संदेह, विवाह एक पवित्र बंधन है। जिसका निर्वहन संयम, सहजता, सहयोग, धैर्य और त्याग से ही होता है। लगता है कहीं न कहीं नई पीढ़ी लगातार धैर्य खोती जा रही है। रिश्तों के दीर्घकालिक निर्वहन का मूलमंत्र यही है कि हम जीवन-साथी की छोटी-मोटी कमियों को नजरअंदाज करके सामंजस्य के साथ जीवन की गाड़ी को आगे बढ़ाएं। असामान्य रिश्तों का अल्पकालिक सुख भले ही लुभाता हो, मगर उसकी कीमत परिवार को लंबे समय तक चुकानी पड़ती है। जिसका नकारात्मक प्रभाव बच्चों के मन-मस्तिष्क पर भी घातक होता है। यह भी एक हकीकत है कि जब परिवार के विवाद घर की दहलीज लांघते हैं, तो इससे लाभ उठाने वाले पेशेवरों की पूरी बिरादरी मुस्तैद खड़ी होती है। निश्चित ही रिश्तों में छल की प्रवृत्ति भारत में मूल्यों वाली विवाह संस्था के लिये एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इसका मुकाबला संयम, सहयोग, त्याग व समर्पण जैसे जीवन मूल्यों से ही संभव है। इसका समाधान कोर्ट-कचहरियों में नहीं मिलेगा।



### मैरोडी कढ़ाई फिर चलन में

## काजोल ने पहना मैरोडी कढ़ाई वाला सिल्क को-ऑर्ड सेट

“बॉलीवुड में कुछ अभिनेत्रियां हमेशा के लिए राज करने वाली हैं और सदाबहार काजोल इस सूची में सबसे ऊपर हैं। मनोरंजन जगत में 30 से अधिक वर्ष पूरे करने के बाद, वह 90 के दशक के सभी लोगों के लिए आधुनिक फैशन का प्रतीक हैं, और समय के साथ खुद को ढालने के लिए उनकी तारीफ होती है।

काजोल ने समय-समय पर कुछ न कुछ ऐसा पेश किया है जो उनका ओरिजिनल स्टाइल है। यह हालिया पारंपरिक सेट इस बात का एक और उदाहरण है। काजोल ने लज्जू सी का एक मैरोडी-कढ़ाई वाला एथनिक परिधान पहना, जिसमें बिलोवी स्लीव्स के साथ एक स्टेटमेंट नेकलाइन थी, जिसने सबका ध्यान खींचा। महीन सिल्क का फ्लोई कुर्ता, बीच में पान की आकृति के साथ सीधे, कंम्फर्टेबल सिल्हूट में काटा गया था। नेकलाइन के साथ मैरोडी फूलों की कढ़ाई से सजाए गए आस्तीन में भी वही डिटेलिंग थी। स्लीव्स पर छोटे मैरोडी मोटिफ्स थे और हेमलाइन के साथ स्टेटमेंट कढ़ाई वाले ऑर्गेना के साथ फिनिश किया गया था, जो किनारों के आसपास एक स्पष्ट फिनिश देता था। काजोल ने इस लुक को वाइड-लेग्ड सिल्क पैंट के साथ जोड़ा, जिसमें हेमलाइन के साथ समान पुष्प कढ़ाई भी थी।

अपने पहनावे को केंद्र में रखते हुए, उन्होंने एक्सेसरीज़ को सूक्ष्म रखा, केवल फिज़ी गॉब्लेट से सोने की बालियों की एक जोड़ी और एक स्टेटमेंट म्यूल पहना, जो पूरे आइवरी पैलेट को पूरक करता था और सब कुछ सुंदर और आकर्षक बनाता था।

एक तरफ बाल रखकर, उसने अपनी प्राकृतिक बनावट का प्रदर्शन किया और साफ संवरी भौहें, कोहल स्ट्रोक के साथ तटस्थ आंखें, लंबी पलकें और हल्के गुलाबी होंठों के साथ एक समान और चमकदार आधार का विकल्प चुना।

संपूर्ण तटस्थ लेकिन चमचमाता पैलेट उत्सव के अवसरों के लिए एकदम सही है और इसे रेड कार्पेट कार्यक्रमों में भी पहना जा सकता है। यह खूबसूरत को-ऑर्ड सेट निश्चित रूप से आपके ड्रेसिंग वैनिटी में होना चाहिए।

## खट्टी हो गई है दही? ऐसे ठीक करें



“दही हमारे यहां भारत में सबसे ज्यादा खाई जाने वाली चीज है। अक्सर लोगों की शिकायत होती है कि दही में खटास आ गई है। हम आपको कुछ आसान से हैक्स बता रहे हैं जिससे दही की खटास को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

■ वृंदा श्रीवास्तव ■

कई लोगों को शिकायत रहती है कि अगर दो दिन से ज्यादा हो जाए तो दही में खट्टापन आ जाता है। इसके बाद न तो ये खाने लायक होती है और न ही कोई डिश बनाने में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। दही में अच्छे बैक्टीरिया पाए जाते हैं, जो दूध को दही में बदल देते हैं। यही बैक्टीरिया समय के साथ दही में एसिड बढ़ाने का काम करते हैं। अगर ये दही ज्यादा देर तक बाहर रखी रहे या मौसम बहुत गर्म हो तो ये बैक्टीरिया ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं। इससे दही खट्टी हो जाती है।

### ऐसे खट्टापन कम करें



- अगर दही ज्यादा खट्टी हो गई है तो उसमें आधा गिलास साफ पानी मिला दें
- अब इसे करीब एक घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इसके बाद इसे बाहर निकालें और ऊपर का पानी अलग कर दें। ऐसा करने से दही की खटास काफी हद तक कम हो जाती है और टेक्सचर भी फिर से स्मूद और क्रीमी लगने लगता है।
- एक साफ केले का छिलका लें, उसे खट्टी दही में डाल दें, 10 से 15 मिनट बाद छिलके को बाहर निकाल दें। केले का छिलका दही में मौजूद ज्यादा एसिड को धीरे-धीरे सोख लेता है। इससे दही की खटास कम हो जाती है। दही बिल्कुल मीठी तो नहीं होती, लेकिन खाने लायक जरूर हो जाती है।



### संडे वाली दीदी पर भोपाल रेल मंडल को गर्व

## बच्चों की संडे वाली दीदी

- टॉप 10 गेम चेंजर महिलाओं में शामिल- डॉ. मधु शर्मा
- शनिवार को सरकारी स्कूलों में जाती हैं
- रविवार को झुग्गियों में जाकर चॉकलेट बांटती

**जागरण, भोपाल।** भोपाल रेल मंडल में कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत डॉ.मधु शर्मा को 2025 की भारत की टॉप 10 गेम चेंजर महिलाओं में शामिल किया गया था। उनकी यह उपलब्धि 116 से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई। इस सूची में ईशा अंबानी, फाल्गुनी नायर और तृप्ति डिमरी जैसी जानी-मानी महिलाएं भी शामिल हैं।

भोपाल की डॉ. मधु शर्मा एक समाज सेविका हैं। वे झुग्गी बस्ती में बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के साथ बच्चों को निःशुल्क अंग्रेजी व अन्य विषयों को सिखाती हैं। दिव्यांगजनों के लिए ऑडियोबुक्स रिकॉर्ड करती हैं। पिछले दो दशक से भी अधिक समय से ये गाँव-गाँव जाकर बच्चों के लिए काम करती हैं। डॉ. मधु शर्मा की यह उपलब्धि प्रदेश व देश के लिए गर्व की बात है। यह उनकी मेहनत और समर्पण का नतीजा है, जिसने उन्हें सच्चा गेम चेंजर बनाया।

डॉ. मधु शर्मा पिछले 25 वर्षों से गरीब बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रही हैं। अप्रैल 2025 में उन्हें इटली की 'कोनियो यूनिवर्सिटी' में डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ. मधु शर्मा पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के इंजीनियरिंग विभाग में कार्यालय अधीक्षक के रूप में कार्यरत हैं। अपने रेलवे के काम के अलावा, डॉ. शर्मा हर हफ्ते सामाजिक कार्यों के लिए समय निकालती हैं। रेलवे में पांच दिन काम करने के बाद, वे हर शनिवार को सरकारी स्कूलों में जाती हैं। वहां वे बच्चों को प्रेरणादायक बातें बताती हैं और जीवन कौशल सिखाती हैं। हर रविवार को, वे बस्तियों में जाकर बच्चों को चॉकलेट देती हैं और कहानियां सुनाती हैं। बच्चे उन्हें प्यार से संडे वाली दीदी बुलाते हैं।



### महिला स्वास्थ्य के लिए भी काम

डॉ. शर्मा महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी काम करती हैं। वे 'ईयर टू हियर' नामक संस्था की भोपाल में क्षेत्रीय प्रमुख हैं। यह संस्था महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाती है। डॉ. शर्मा इसके लिए नियमित रूप से ऑनलाइन और ऑफलाइन सत्र आयोजित करती हैं। महिलाओं के लिए यह सत्र पूरी तरह से फ्री होते हैं।

### नेत्रहीन बच्चों के लिए पाठ्य सामाग्री

दृष्टिबाधित बच्चों के लिए, डॉ. शर्मा खुद अपनी आवाज में पाठ्य-सामग्री रिकॉर्ड करती हैं। वे बच्चों को मोबाइल और नशे की लत से दूर रखने के लिए खेल और रचनात्मक गतिविधियों में शामिल करती हैं। वे सफाई और जागरूकता पर वीडियो भी बनाती हैं।

**समाज सेवा के लिए कई पुरस्कार** : डॉ. शर्मा को उनके समाज सेवा के लिए कई पुरस्कार मिल चुके हैं। इनमें मदर टेरेसा अवार्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और मध्य प्रदेश महिला रत्न सम्मान शामिल हैं। डॉ. शर्मा ने भोपाल में 12 साल और शाजापुर में 13 साल काम किया है।

## मातृत्व में लाभकारी हल्का-फुल्का योग

“हल्के-फुल्के योगासन मातृत्व के दौरान सुरक्षा प्रदान करते हैं । इनके जरिये प्रेग्नेंट महिला द्वारा श्वास पर नियंत्रण करके अपने रक्त संचार को बेहतर किया जा सकता है।



### ट्रेंड इंस्ट्रक्टर की लें मदद

जो महिलाएं प्रेग्नेंट हैं और जिन्होंने अभी तक योगा शुरू नहीं किया है, उनको योगासन करने के लिए सर्टिफाइड प्री-नेटल ट्रेंड इंस्ट्रक्टर से ही ट्रेनिंग लेनी चाहिए। शुरुआत में मंद गति से सांस लेना और छोड़ना, शरीर को धीरे-धीरे स्ट्रेच करना और गर्भावस्था के लिए विशेष तौर पर डिजाइन किए गये बेसिक पॉस्चर के साथ योगा करना चाहिए। क्योंकि गर्भावस्था में महिलाओं के शरीर में नये-नये तरह के बदलाव होते हैं। इसलिए रोज हर हाल में करने की बजाय स्वस्थ रहने के लिए योगा उतना ही करना है, जितना गर्भवती स्त्री को इससे ज्यादा थकान न लगे।

### शरीर के समझें इशारे

ज्यादा कठोर आसन और एडवांस पॉस्चर विशेष तौर पर बिना किसी के निगरानी के नहीं करने चाहिए। अपने शरीर की भाषा सुननी चाहिए। आपका शरीर जितने की आपको इजाजत देता है, आपको उतनी ही कड़ी मेहनत और श्रम करना चाहिए, तभी आपका शरीर धीरे-धीरे योगासन के लिए अपने आपको शारीरिक रूप से तैयार कर सकता है।

■ दिव्यज्योति नंदन ■

हल्के-फुल्के योगासन के जरिये श्वास पर नियंत्रण करके अपने रक्त संचार को बेहतर किया जा सकता है और अपने गर्भ में पल रहे बच्चे के साथ अपना एक गहरा कनेक्शन भी महसूस कर सकती हैं। दरअसल योगा प्रैक्टिस महिला को पेन फ्री गर्भावस्था के लिए शारीरिक-मानसिक रूप से तैयार करता है। इन दिनों में योग विशेषज्ञ की सलाह व निगरानी में करना बेहतर है।

**प्री-नेटल योगा** : प्री-नेटल योगा आमतौर पर बहुत धीमी की जाने वाली प्रैक्टिस है, जो प्रेग्नेंसी के दौरान महिला के शरीर में आने वाले शारीरिक और भावनात्मक बदलावों को सपोर्ट करने के लिए की जाती है। यह योगा गर्भावस्था के शुरुआती दिनों से शुरू होकर डिलीवरी तक आसानी से किया जा सकता है। प्री-नेटल योगा घर पर रहकर ऑनलाइन यू-ट्यूब द्वारा दिखाये गये वीडियोज के जरिये भी कर सकते हैं, जो काफी धीमी गति से योगासन करने के लिए निर्देश देते हैं। लगातार की जाने वाली यह योगा प्रैक्टिस महिला के लिए पेन फ्री गर्भावस्था के लिए उसे शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है। यह उन्हें शारीरिक गतिविधियों को खुलकर करने के लिए मोटिवेट ही नहीं करता बल्कि वे खुलकर आसनों को करके अपने आपको ऊर्जा से लबरेज पाती हैं।

### डाक्टरी सलाह से योगाभ्यास

प्री-नेटल योगासन डॉक्टर की सलाह पर ही करें।

- श्वसन क्रिया, हल्के फुल्के पॉस्चर जैसे कैट काओ, बर्ड डॉग और मलासन पर ही ज्यादा फोकस करें।
- सीने की मांसपेशियों और एडविक फ्लोर को मजबूती देने वाले आसन ही करें।
- तनाव से मुक्त रहने के लिए योगा, निद्रा और प्राणायाम करें।
- उन्हीं आसनों को करें, जो आपको एकाग्रचित होने में सहयोग करें और आपके लिए आरामदेह साबित हों।


### सावधानियां भी जरूरी

कमर को पीछे की ओर ज्यादा मोड़ने वाले, गहराई से अचानक मुद्रा में बदलाव करने वाले, जंप बैक और दूसरे कठिन आसन करने से परहेज रखें।* गर्भावस्था के दिनों में ज्यादा स्ट्रेचिंग न करें, क्योंकि इन दिनों हार्मोन्स में बदलाव होता है, जिसके कारण शरीर में लचीलापन आ जाता है, लेकिन जो जोड़ों की सेहत के लिए सही नहीं होता। वजह यह है कि इन दिनों शरीर में जोड़ों की मजबूती कम हो जाती है।



## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.2 | 18.1 |
| मुंबई | 35.0 | 23.3 |
| चेन्नई | 37.5 | 20.2 |
| कोलकाता | 33.0 | 25.7 |

सूर्यास्त 6:29 PM
सूर्योदय 6:31 AM
चन्द्रोदय 3:16 AM
चन्द्रास्त 2:04 PM

# काला गुबार देख सहमे लोग, पीलूखेड़ी एवं नीमच के प्लांट में लगी भीषण आग

## नीमच में शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा, आसपास की फैक्ट्रियों के मजदूर भी भागे




**जागरण, नीमच।** नीमच के औद्योगिक क्षेत्र झाझंरवाड़ा औद्योगिक में स्थित एक फ्रूट कोल्ड स्टोरेज प्लांट में रविवार दोपहर भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी भयानक गई कि आसपास के कारखानों के मजदूर भी काम छोड़कर बाहर निकल आए। फैक्टरी से काले धुएं के बड़े-बड़े गोले लगातार उठ रहे थे। कई किलोमीटर दूर से काले धुएं का गुबार देख लोग सहम गए। दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और मोर्चा संभाला। चश्मदीदों ने बताया कि आग बहुत तेजी से फैली, जिससे पूरा प्लांट आग के गोले में तब्दील हो गया। इस प्लांट में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई और आसपास की फैक्ट्रियों में काम कर रहे लोग डर के मारे बाहर निकल आए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। प्लांट के अंदर रखी लाखों रुपए की मशीनें और अन्य कीमती सामान जरूर जलकर पूरी तरह बर्बाद हो गया। फैक्टरी प्रबंधन अभी तक नुकसान का आकलन नहीं कर पाया है। आग लगने की शुरूआती वजह शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह कोल्ड स्टोरेज प्लांट पिछले कई दिनों से बंद था, इसलिए हादसे के वक्त वहां कोई कर्मचारी नहीं था। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर है और आग लगने के असली कारणों की जांच करने में जुट गई है।

## पीलूखेड़ी की ओसवाल डेनिम फैक्टरी में आग से मचा हड़कंप, हादसा टला




**जागरण, कुरावर।** रविवार दोपहर करीब 12.30 बजे पीलूखेड़ी स्थित ओसवाल डेनिम प्राइवेट लिमिटेड के ह्यूमिडिटी प्लांट में तकनीकी खराबी के कारण अचानक आग लग गई। आग लगते ही फैक्ट्री परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड और नगर परिषद कुरावर से पहुंची दमकल की मदद से आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार जिस ह्यूमिडिटी प्लांट में आग लगी, वहां फैक्ट्री के भीतर आवश्यक आद्रता (ह्यूमिडिटी) बनाए रखने का कार्य किया जाता है। यह प्लांट पूरी तरह ऑटोमेटिक सिस्टम पर आधारित है और यहां किसी श्रमिक की तैनाती नहीं रहती। इसका मुख्य उद्देश्य धागा बनाने वाली मशीनों के लिए जरूरी नमी को नियंत्रित करना होता हैए जिससे उत्पादन के दौरान धागा टूटने जैसी समस्या न आए। घटना के बाद कुछ समय तक फैक्ट्री परिसर में हलचल बनी रहीए लेकिन आग नियंत्रित होने के बाद स्थिति सामान्य हो गई। चूंकि जिस स्थान पर आग लगी वहां कोई कर्मचारी मौजूद नहीं थाए इसलिए किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि ह्यूमिडिटी प्लांट से लगभग 25 से 30 मीटर दूरी पर स्थित दूसरे प्लांट में मजदूर धागा बनाने का कार्य कर रहे थे।

## उज्जैन के छात्र पर कनाडा में चढ़ाई कार, मौत



**जागरण, उज्जैन।** प्रदेश के उज्जैन निवासी एक छात्र की कनाडा के फोर्ट सेंट जॉन शहर में कॉलेज के छात्रों ने हत्या कर दी। 10-12 युवकों ने पहले छात्र की पिटाई की, फिर उस पर गाड़ी चढ़ा दी। इससे छात्र को गंभीर चोटें आईं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दुख जताते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। दरअसल घटना शनिवार की है। मृतक की पहचान गुरकीरत सिंह मनोचा के रूप में हुई है, जो देवास रोड स्थित पार्श्वनाथ सिटी के निवासी थे। वह कनाडा के नॉर्दर्न लाइट्स कॉलेज में बिजनेस मैनेजमेंट के पोस्ट डिग्री डिप्लोमा प्रोग्राम की पढ़ाई कर रहे थे।

**कॉलेज के 10-12 छात्रों ने आपसी रंजिश में पहले की पिटाई**

**परिवार को दोस्त ने दी जानकारी:** रायपुर निवासी प्रबकीरत सिंह ने बताया कि वह गुरकीरत के बड़े भाई हैं। उन्हें कनाडा में ही रह रहे गुरकीरत के एक दोस्त ने देर रात फोन कर घटना के संबंध में जानकारी दी। उसने बताया कि गुरकीरत की मौत हो गई है। इसके बाद प्रबकीरत सिंह ने परिवार को सूचना दी।

## बेटे के बर्थडे पर डीजे बजाने से रोका तो पिता ने लगा ली फांसी

**जागरण, जबलपुर।** अपने बेटे के पहले जन्मदिवस की खुशी में देर रात तक डीजे बजा रहे पिता को परिवार और पड़ोसियों की आपत्ति इतनी नागवार गुजरी की उसने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक के इस कदम से परिवार और पड़ोस में खुशियों की जगह मातम पसर गया। दिल को झकझोर देने वाला यह मामला जबलपुर मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर ग्राम मझगवां का है। यहां रहने वाले 24 वर्षीय प्रिंस रजक के एक साल के बेटे का शनिवार को जन्मदिन था। बच्चे का पहला जन्मदिन घर में धूमधाम से मनाया जा रहा था। काफी रात होने पर भी घर में तेज आवाज में डीजे लगातार बज रहा था। परिवार के सदस्यों के साथ मृतक के दोस्त कार्यक्रम में डीजे की धुन पर नाच रहे थे। पड़ोसियों ने आकर प्रिंस के पिता राजेंद्र से आवाज स्लो करने को कहा, जिसके बाद डीजे बंद कर दिया। इसी बीच प्रिंस मौके पर आया और डीजे बजाने को कहा, जिस पर पिता ने कहा कि रात बहुत हो चुकी है, अब कार्यक्रम बंद करते है। पिता की सलाह प्रिंस को इस कदर नगवांर गुजरी कि उसने कमरे में जाकर अपने आपको बंद कर लिया। परिजनों के मुताबिक प्रिंस ने दोस्तों के साथ रात को शराब भी पी थी। इससे वह आग बबूला हो गया और परिवारिक सदस्यों से ही उसका विवाद हो गया। कहासुनी के बाद युवक ने नशे में अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। रविवार सुबह छोटे भाई ने दरवाजा खटखटाया तो खुला नहीं, इसके बाद पीछे की खिड़की को तोड़कर अंदर गए तो प्रिंस पंखे में चुनरी का फंदा बनाकर लटका हुआ था। परिजन उसे फंदे से निकालकर पास के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## पानी के पाइप में तार बांधकर जेल फांद गया हत्या के प्रयास का कैदी

**जागरण, शाजापुर।** शाजापुर जिला जेल से हत्या के प्रयास का एक विराधीन कैदी दीवार फांदकर फरार हो गया। रविवार को कैदी के भागने की सूचना मिलते ही जेल प्रबंधन के हाथ पैर फूल गए। यहां से पहले भी एक कैदी भाग चुका है। धारा 307 में अपने भाई के साथ बंद कैदी ने बिजली गुल होने का फायदा उठाया। उसने पानी के पाइप को तार से बांधा और उसके सहारे जेल की दीवार फांद गया। उसके साथ एक और कैदी भागने की फिराक में था, लेकिन वह नाकाम रहा और जेल पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर कैदी जयराम उर्फ जीवन पिता मोहनलाल (35) निवासी वार्ड क्रमांक 1 मक्सी किचन में काम करने के दौरान फरार हो गया। उसने किचन में रखे पानी के पाइप व तार को बांधा और जेल की दीवार फांदकर भाग निकला। उसके साथ एक अन्य कैदी राहुल ने भी भागने की योजना बनाई थी, लेकिन वह फरार होने से पहले ही पकड़ा गया। राहुल छेड़छाड़ के मामले में धारा 354 के तहत जेल में बंद है। जेल अधीक्षक के अनुसार फरार कैदी के साथ उसका भाई भी जेल में बंद है, जबकि उसकी मां कुछ दिन पहले ही जमानत पर छूटी है। जेल प्रहरियों को चकमा देकर दोनों कैदी सभागृह में छिप गए थे। प्रहरी ने जब बाहर से ताला लगा दिया तो दोनों फरार होने लगे। लालघाटी थाने में इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसी दौरान बिजली गुल हो गई तो सीसीटीवी फुटेज भी नहीं मिल सके। शाजापुर जिला जेल में कुल 124 बंदी निरुद्ध हैं। इनमें दंडित बंदी 45 हैं और विचाराधीन बंदियों की कुल संख्या 79 है। फरार हुए जयराम के खिलाफ मक्सी थाने में 4 अक्टूबर 2025 को प्रकरण दर्ज किया गया था। वह पिछले चार माह से जेल में बंद था।



## स्टोन क्रेशर में बारूद फटने से दो मजदूर झुलसे

**जागरण, दतिया।** जिले के उनाव थाना क्षेत्र के ग्राम नरगढ़ में एक स्टोन क्रेशर में रखी बारूद में रविवार दोपहर ब्लास्ट हो गया। अचानक हुए इस ब्लास्ट से दो मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घायलों में बाबूराम निवासी जयपुर (राजस्थान) और गब्बर कुशवाह यूपी के ललितपुर का निवासी है। दोनों मजदूर क्रेशर परिसर में बने एक कमरे में पहुंचे थे, जहां ब्लास्टिंग के लिए रखी बारूद में अचानक धमाका हो गया। क्रेशर में ब्लास्टिंग का काम मुरैना निवासी धर्मवीर गुर्जर करता है और बारूद उसी ने कमरे में रखी थी। मजदूर किस काम से कमरे में गए थे, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। ब्लास्ट की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है कि बारूद वैध रूप से लाई गई थी या अवैध तरीके से रखी गई थी। क्रेशर संचालक और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। जबकि खदान लंबे समय से बंद पड़ी थी और इसकी रॉयल्टी भी जारी नहीं हो रही थी। करीब एक सप्ताह पहले ही खदान को फिर से चालू किया गया था। जिला खनिज अधिकारी प्रदीप भूरिया का कहना है कि क्रेशर अवैध था। वह काफी समय से बंद था। कैसे ब्लास्ट हुआ यह स्पष्ट नहीं है।

## 25 साल पुरानी चुनावी रंजिश में पिता की पत्थर मारकर हत्या, बेटे को साइकिल की चेन से पीटा

### शादी से लौट रहे पिता-पुत्र पर 5 लोगों ने किया हमला, बेटा भोपाल रेफर



**जागरण, सागर।** सरपंच चुनाव को लेकर 25 साल पुरानी रंजिश में पांच लोगों ने शादी से लौट रहे पिता-पुत्र पर प्राणघातक हमला कर दिया। आरोपियों ने सड़क पर पड़े बड़े-बड़े पत्थरों से मार-मारकर हत्या कर डाली। जबकि बेटे पर साइकिल चेन से कई वार किए। इससे बेटा बुरी तरह घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है। हमले के बाद पांचों आरोपी फरार हो गए। यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बम्होरी तिकड्डे का है। पुलिस के मुताबिक बाग खैजरा निवासी प्रदीप पांडेय (40) अपने बेटे के रचित 21 के साथ बाइक हाईवे से लगे गांव में शादी समारोह में पहुंचे थे।

शादी समारोह में मौजूद अनिल पांडेय ने पुरानी रंजिश को लेकर विवाद शुरू कर दिया। बहस के बाद दोनों के बीच झूमाझटकी होते देख अन्य लोगों ने बीच बचाव किया और विवाद शांत करा दिया। मगर प्रदीप पांडेय अपने बेटे के साथ शादी से लौट रहे थे, तभी घटना स्थल पर अनिल पांडेय ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें रोक लिया। रोकते ही 4-5 लोगों ने पिता-पुत्र पर अचानक हमला कर दिया। दोनों को आरोपियों ने बुरी तरह पीटा। सूचना मिलते ही परिजन, पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। अस्पताल ले जाने पर पिता प्रदीप पांडेय की मौत हो गई, जबकि रचित की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रदीप के सिर और चेहरे सहित शरीर पर गंभीर चोट लगी है। उसे आरोपियों ने साइकिल की चेन से बुरी तरह पीटा है। रचित को तत्काल भोपाल रेफर किया गया है। बताया जाता है कि दोनों परिवारों के बीच करीब 25 साल पुराना विवाद चला आ रहा है। दोनों परिवार पहले गांव के सरपंच पद के चुनाव में भी आमने-सामने रह चुके हैं। पुलिस ने अनिल पांडेय समेत पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। घटना स्थल पर अभी भी खून से सने पत्थर पड़े हैं। पुलिस को मौके से साइकिल की चेन भी मिली है।

## 13 साल के लिव इन में बने संबंध दुष्कर्म नहीं, एफआईआर रद्द


**जागरण, जबलपुर।** लंबे समय तक लिव इन के दौरान रहने पर बने शारीरिक संबंध को दुष्कर्म मानने से कोर्ट ने इंकार कर दिया। महिला पुलिस आरक्षक द्वारा दर्ज कराई एफआईआर हाईकोर्ट ने यह कहते हुए रद्द कर दी कि युवती पहले तो लव रिलेशन में रहती है,आपसी सहमति से संबंध बनाती है और फिर बाद में रेप का आरोप लगाते हुए थाने में एफआईआर दर्ज करवाती है। इसे रेप की श्रेणी में नही माना जा सकता है। दोनों के बीच लंबे समय तक आपसी सहमति से संबंध बने थे। दुष्कर्म की यह एफआईटार मप्र पुलिस की एक महिला आरक्षक ने सेना में पदस्थ लेफ्टिनेंट कर्नल पर लगाए थे। कोर्ट ने सुनवाई के बाद लेफ्टिनेंट कर्नल के खिलाफ तैयार चार्जशीट भी निरस्त कर दी। महिला आरक्षक ने एफआईआर दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि वह सेना में पदस्थ लेफ्टिनेंट कर्नल वरुण प्रताप सिंह के साथ 13 साल तक रिलेशनशिप में रही है। वह कहता था कि पत्नी बेकार है, तलाक होते ही तुमसे शादी कर लूंगा। उसके मम्मी-पापा और भाई-बहन से भी बातचीत होती थी। दोनों के परिवारों के बीच संबंध मजबूत हो गए। मैं उसके साथ रिलेशन में आ गई। भोपाल से ट्रांसफर के दौरान मुझे पता चला कि उसकी शादी तो पहले ही हो चुकी है। बच्चा भी है। महिला ने लेफ्टिनेंट कर्नल पर असम में पोस्टिंग के दौरान वहां एक असमिया लड़की से उसकी दोस्ती के आरोप लगाए। वहीं सोशल मीडिया पर कई नामों से आईडी बनाने की बात कही थी।



**जिला कोर्ट ने नहीं दी जमानत:** युवती की एफआईआर पर भोपाल कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई तो, वरुण की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। पीड़िता के वकील ने आरोपी की जमानत याचिका पर आपत्ति लगाते हुए अदालत को बताया कि यदि उन्हें जमानत मिलती है तो वो सबूतों को मिटा सकते हैं। अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

## 1100 रुपए लेकर भी लड़कियां नहीं दिखाने पर हंगामा

### परिचय सम्मेलन में पहुंचे वर पक्षों ने जाम किया हाईवे, झूठे वादों का आरोप



**जागरण, दमोह।** परिचय सम्मेलन में लड़कियां नहीं दिखाने पर दमोह में जमकर बवाल हो गया। बड़ी संख्या में आए लड़कों के परिजनों ने सम्मेलन स्थल पर जमकर हंगामा किया। हंगामा उस समय और बढ़ गया, जब लड़कों के परिजनों ने दमोह हाईवे जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी आयोजकों पर झूठे वादे करने का आरोप लगाते हुए वसूली गई रजिस्ट्रेशन राशि वापस करने की मांग पर अड़ गए। इससे हाईवे पर दोनों तरफ का ट्रैफिक रुक गया। भारी अफरातफरी मचने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की समझाइश पर लोगों ने हाईवे छोड़ा। शहर के जबलपुर नाका क्षेत्र के एक निजी मैरिज गार्डन में रविवार को सर्व हिंदू समाज वर-वधू परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया था। सम्मेलन का आयोजन राधिका फाउंडेशन सेवा समिति द्वारा किया गया था।

सम्मेलन शुरू होने के बाद उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब वर पक्ष के लोगों ने आयोजकों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए आपत्ति जताई। इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए वर पक्ष से 1100-1100 रुपए रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया गया था। आसपास के गांव और नगरों से आए लोगों की नाराजगी इस बात को लेकर थी कि समिति ने अपने पंपलेट में लिखा था कि रजिस्ट्रेशन के बाद लड़कियां दिखाकर रिश्ते तय कराए जाएंगे।

आरोप है कि पैसे लेने के बावजूद उन्हें सम्मेलन में लड़कियां नहीं दिखाई गईं। सम्मेलन स्थल पर केवल लड़के वाले ही नजर आ रहे थे और लड़की पक्ष पूरी तरह गायब था। समिति द्वारा 13 मार्च को फॉर्म भरने के बाद एक महिला जब सम्मेलन में पहुंचीं, तो उन्हें लड़की दिखाना तो दूर, उनके साथ बदतमीजी कर वहां से भगा दिया गया। हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने बताया कि सुबह से ही वहां भारी अव्यवस्थाएं थीं और उन्हें ठगा हुआ महसूस हो रहा है।

**यह वादे भी निकले झूठे**

आयोजन समिति के पंपलेट में कई वादे किए गए थे। इसमें लिखा था कि शादी तय होने पर वर-वधू को गोदरेज अलमारी, फ्रिज, टीवी और वाशिंग मशीन समेत 21 तरह के उपहार दिए जाएंगे। रविवार को मौके के हालात देखकर लोग इन वादों पर भी सवाल उठा रहे हैं। वहीं, आयोजक रीना खटीक का कहना है कि यह केवल परिचय सम्मेलन था और रिश्ते तय होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जानी थी। मगर लोग वादा खिलाफी और ठगने के आरोप लगाते हुए सड़क पर आ गए। गुस्साए लोगों ने हाईवे पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। वे अपनी रजिस्ट्रेशन राशि वापस करने की मांग कर रहे हैं। दमोह एसडीएम सौरव गंधर्व ने अधिकारियों और पुलिस बल को मौके पर भेजा है, उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझाकर जाम खुलवाया।

**जाहिर सूचना**

Date-14/03/2026

**भवन क्र - B-05, सागर पर्ल, जाटखेडी, होशंगाबाद रोड, भोपाल के संबंध के**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री अंकुर जैन आत्मज डॉ. सचिन्द्र मोदी, निवासी- तेन्दूखेड़ा, धोबी रोड, नरसिंहपुर (मप्र) से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता दो मंजिला भवन (आवासीय जो कि भूमि खसरा नं. 72/1/1, 72/1/2 एवं अन्य के अंशभाग पर निर्मित होकर ग्राम-जाटखेड़ी, पटवारी हल्का नं.- 42/50, विकासखण्ड फन्दा पुरानी तहसील हुजूर, नई तहसील कोलार जिला भोपाल में 'सागर पर्ल' नामक सोसायटी में स्थित है। जिसके भूखंड का कुल क्षेत्रफल 97.69 वर्गमीटर है जिस पर एक दो मंजिला भवन निर्मित है जिसकी चतुर्थ सीमाएं निम्नानुसार है- **पूर्व में** - कालोनी का रोड, **पश्चिम में**- अन्य की भूमि, **उत्तर में**- भवन क्र. 06 व **दक्षिण में**- भवन क्र. 04 है, को क्रय करने का निश्चय करते हुए टोकन राशि अदा कर दी है। उपरोक्त वर्णित सम्पति के स्वत्व, स्वामित्व या अधिपत्य बावत या उसके विक्रय बावत् किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्थान या बैंक सोसायटी व शासकीय निगय संस्थान को कोई ऊजर, दावा या आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 05 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित रूप में दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत प्रस्तुत करे अन्यथा मेरे पक्षकार सम्पति का विक्रय पत्र अपने हक में निष्पादित करने हेतु स्वतंत्र होगा व समयावधि पश्चात कोई आपति मान्य नही होगी।

**Arpan Nagaria Advocate**
Mob.-8770609449
E-mail:- arpannagariya@gmail.com

**जाहिर सूचना**

यह जाहिर सूचना मेरे पक्षकार श्री अशोक कुमार विश्वकर्मा पुत्र श्री ए.एन. विश्वकर्मा आयु 41 वर्ष निवासी म.नं. 30 न्यू चौकसे नगर लाम्बाखेड़ा बैरसिया रोड भोपाल के द्वारा श्रीमती सीतारानी पत्नि श्री रामगोपाल आयु 81 वर्ष निवासी बी/2/203, पारस सिटी ई-3 अरेरा कॉलोनी भोपाल म.प्र. के स्वामित्व एवं अधिपत्य की एक दुकान जो कि एस.बी. 22 बी. ब्लॉक मानसरोवर कॉम्पलैक्स रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास भोपाल में द्वितीय तल पर स्थित है को विकय मौखिक अनुबंध के माध्यम से कय कर लिया जायेगा। यदि उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार के कोई व्यक्ति अथवा संस्था का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष कोई आधिपत्य, हित, स्वत्व या अधिकार, किरायेदारी, दान, गिरवी, मुखत्यारआम या किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या दावेदारी हो या कोई ऋण आंशिक अथवा पूर्णतः भार आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाश के 03 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर रसीद प्राप्त करें, किसी भी विवाद की स्थिती में प्रकरण का विचारण भोपाल जिला न्यायलय एवं सत्र न्यायालय के समक्ष विचाराधीन होगा अन्यथा, अवधि बाद किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

**अधिवक्ता श्रीमती श्वेता तिवारी**
Smt. SHWETA TIWARI ADVOCATE
MOB:-8719036270 ADVOCATE
ADDRESS: HIG 63 SHANKRACHARYA NAGAR BAG SEWANIYA, BHOPAL, M.P.
EMAIL ID:- rudra.shrivastava@gmail.com

**सुविधा** — इंदौर एयरपोर्ट से फ्लाई 91 और स्टार एयर 30 मार्च से शुरू करेंगी संचालन

# इंदौर से गोवा, हैदराबाद, जलगांव और कोल्हापुर की मिलेगी फ्लाइट

**जागरण, इंदौर।** शहर से हवाई संपर्क को एक नई उड़ान मिलने जा रही है। दो एयरलाइंस, फ्लाई 91 और स्टार एयर, शहर से कई नए गंतव्यों के लिए अपनी सेवाओं का विस्तार कर रही हैं। इससे न केवल यात्रियों को अधिक विकल्प मिलेंगे, बल्कि गोवा और बेलगाम-कोल्हापुर तक पहुंच आसान हो जाएगी। नई एयरलाइन फ्लाई 91 मई से इंदौर और गोवा के बीच सीधी उड़ान शुरू करने की योजना बना रही है, जिसके लिए डीजीसीए में आवेदन भी कर दिया गया है। इसके अलावा, कंपनी इंदौर से जलगांव और हैदराबाद के लिए भी उड़ानें शुरू करने की तैयारी में है। हाल ही में फ्लाई 91 की मैनेजमेंट टीम और ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टाफी) मप्र चैप्टर के बीच एक बैठक हुई। टाफी के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया कि नई एयरलाइन के आने से यात्रियों को बेहतर विकल्प मिलेंगे। फ्लाई 91 के प्रबंध निदेशक मनोज चाको के अनुसार, कंपनी वर्तमान में गोवा, नांदेड़, पुणे और हैदराबाद सहित नौ शहरों में परिचालन कर रही है। कंपनी की योजना मौजूदा तिमाही में चरणबद्ध तरीके से इंदौर सहित छह और शहरों को अपने नेटवर्क में जोड़ने की है, जिससे कुल स्टेशनों की संख्या बढ़कर 15 हो जाएगी।




**बेलगाम और कोल्हापुर को जोड़ेगी स्टार एयर**

स्टार एयर 30 मार्च से हुए इंदौर को बेलगाम (कर्नाटक) और कोल्हापुर (महाराष्ट्र) से जोड़ने जा रही है। ये उड़ानें मुंबई के रास्ते संचालित होंगी, जिसमें यात्रियों को विमान बदलने की आवश्यकता नहीं होगी। इन उड़ानों का संचालन सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शनिवार को किया जाएगा। गौरतलब है कि स्टार एयर ने 2019 में भी इंदौर से बेलगाम के लिए सीधी उड़ान शुरू की थी, लेकिन लॉकडाउन के कारण इसे बंद कर दिया गया था।

### यह रहेगा उड़ानों का शेड्यूल

- इंदौर-मुंबई-बेलगाम (फ्लाइट एस5-462/112): यह उड़ान शाम 5.50 बजे इंदौर से रवाना होगी और शाम 7.05 बजे मुंबई पहुंचेगी। मुंबई से 7.45 बजे प्रस्थान कर रात 8.50 बजे बेलगाम पहुंचेगी।
- कोल्हापुर-मुंबई-इंदौर (फ्लाइट एस5-163/461): यह उड़ान सुबह 10.40 बजे कोल्हापुर से चलकर 11.45 बजे मुंबई पहुंचेगी। इसके बाद मुंबई से दोपहर 12.25 बजे उड़ान भरकर 1.40 बजे इंदौर पहुंचेगी।

"नई एयरलाइन के संचालन से यात्रियों को अधिक विकल्प मिलेंगे और शहर का अन्य प्रमुख शहरों से हवाई संपर्क भी मजबूत होगा। खासतौर पर गोवा जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल के लिए सीधी उड़ान शुरू होने से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।
— **अमोल कटारिया**, अध्यक्ष, टाफी मप्र चैप्टर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि /यां.) संभाग क्र . 1, शेड नं. 11 - ए बारह दफ्तर जवाहर चौक (वि/यां.) भोपाल पिन कोड 462003**

website : www.mppwd.gov.in email: eepwdelecbpl@mp.nic.in

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा क्रमांक 157 / 2025-26 भोपाल, दिनांक 10/03/2026

निम्नलिखित कार्यो के लिये ई-टेण्डरिंग द्वारा ऑन-लाईन निविदा आमंत्रीत की जाती है। कार्य का विवरण http://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_PWDRB_489118_1 | भोपाल | वर्षिक वाहन कार्य | लोक निर्माण विभाग निर्माण भवन एवं (वि./यां.) संभाग क्रं. 1 भोपाल के अन्तर्गत पदस्थ अधिकारियों के लिए मासिक दर पर चालक सहित एवं बिना ईधन वातानुकूलित वाहन किराये पर उपलब्ध कराने हेतु। (Scorpio-N or Equivalent Vehicle) | पांचवॉ | 26.00 |

उपरोक्त बेव साईट से आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेन्ट) बेव साईट के माध्यम से दिनांक 26/03/2026 सांय 5.30 बजे तक प्राप्त हो सकेंगा। विस्तृत एन. आई. टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेव साईट में देखी जा सकती है। निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा। यह संशोधन केवल विभागीय वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जावेंगा।

जी- 27375/25

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (वि/यां.) संभाग क्र. 1, भोपाल



## बीसीसीआई नमन पुरस्कार: मंधाना 5वीं बार सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और गिल दूसरी बार पॉली उमरीगर अवॉर्ड विजेता

# पहली बार एक साथ पांच विश्व कप विजेता टीमों का सम्मान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को 2024-2025 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को आयोजित बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 समारोह में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग) चुना गया। गिल ने प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर पुरस्कार' जीता, जबकि मंधाना को यह पुरस्कार पांचवीं बार मिला। गिल का यह दूसरा 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार है, इससे पहले उन्होंने 2023 में यह पुरस्कार जीता था। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय क्रिकेट में उनके बेहतरीन योगदान को देखते हुए दिया गया। वहीं यह पहली बार है जब आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली भारत की सभी पांचों टीमों को सम्मानित किया गया। शेफाली वर्मा को 2024-25 घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला सीनियर वनडे क्रिकेटर, ईरा जाधव को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (घरेलू), हर्ष दुबे को रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर और आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवर की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### मप्र के यशवर्धन सम्मानित

अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी (एलीट ग्रुप) में सर्वाधिक विकेट लेने वाले मप्र के गेंदबाज यशवर्धन सिंह चौहान को जगमोहन दालमिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

| | |
|---|---|
| वनडे में सबसे ज्यादा रन (महिला) | स्मृति मांधना |
| वनडे में सबसे ज्यादा विकेट (महिला) | दीप्ति शर्मा |
| सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय डेब्यू (महिला) | एन श्री चरणी |
| सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय डेब्यू (पुरुष) | हर्षित राणा |

- यह पहली बार है जब आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली भारत की सभी पांचों टीमों को सम्मानित किया गया।
- चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और टी-20 विश्व कप 2026 जीतने वाली सीनियर पुरुष टीम,
- महिला वनडे विश्व कप 2025 जीतने वाली सीनियर महिला टीम
- 2026 में विश्व कप जीतने वाली अंडर-19 पुरुष टीम
- 2025 में विश्व कप जीतने वाली अंडर-19 महिला टीम

### लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



रोजर बिन्नी | राहुल द्रविड़ | मिताली राज

## खेल एक नजर

### फुटबॉल: 31 को भारत-हांगकांग के बीच एशियाई कप क्वालिफाइंग मैच

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालिफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालिफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालिफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है। क्वालिफायर के संदर्भ में यह मैच भले ही औपचारिकता मात्र हो, लेकिन फीफा रैंकिंग के अंक दांव पर लगे होने के कारण इस मैच का महत्व बना हुआ है। भारत क्वालिफाइंग का अपना तीसरा मैच घरेलू मैदान पर खेलेगा। इससे पहले उसने पिछले साल मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ शिलांग में और अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ मडगांव में मैच खेला था। यह 10 साल में पहली बार होगा जब भारतीय टीम कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मैच खेलेगी। इससे पहले उसने आखिरी बार मार्च 2016 में इस मैदान पर फीफा विश्व कप क्वालिफायर में तुर्कमेनिस्तान का सामना किया था।

### एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप: भारतीय ट्रिपल जम्पर सेल्वा प्रभु ने जीता रजत


**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने शनिवार को 17.05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी करियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कन्सास स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेलते हुए राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड भी बनाया।





## मैदान से हटकर

### 12 करोड़ की फेरारी में महिका को घुमाने निकले हार्दिक पंड्या

भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अक्सर अपनी निजी जिंदगी के कारण सुर्खियों में रहते हैं। हाल के दिनों में वे गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा के साथ रिलेशनशिप को लेकर छाए हुए हैं। टी-20 विश्व कप 2026 का खिताब जीतने के बाद हार्दिक ने ब्रॉडकास्टर से बातचीत कर माहिका के बारे में खुलकर बातचीत की थी। उन्होंने तो माहिका को अपनी मिसेज भी कह दिया। हार्दिक ने कहा कि जब से वो मेरी जिंदगी में आई है, तब से सिर्फ जीत मिल रही है।





मैदान के बाहर रॉयल जिंदगी जीने के लिए मशहूर हार्दिक ने एक और शानदार कार खरीदी है। उन्होंने 12 करोड़ रुपए की फेरारी 12 सिलिंड्री खरीदी है। खबरों के मुताबिक, हार्दिक के पास पहले से रोल्स रॉयस फैंटम, ऑडी ए6, रेंज रोवर वोग, लैम्बोर्गिनी उरुस एसई और मर्सिडीज बेंज जैसी गाड़ियां हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में हार्दिक को गर्लफ्रेंड माहिका के साथ इस शानदार गाड़ी में सवार होकर ड्राइव करते हुए देखा जा सकता है। काली रंग की फरारी में हार्दिक और माहिका एक दूसरे को देखकर मुस्कुराते नजर आए। (जेएनएन)

# प्रीमियर लीग में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बने 16 साल के डोमैन

## आर्सेनल ने एवर्टन को 2-0 से परास्त किया




जेएनएन, लंदन

आर्सेनल के 16 वर्षीय विंगर मैक्स डोमैन इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए। उन्होंने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम की 2-0 की जीत में स्टॉपेज टाइम में गोल किया। डोमैन ने अपने हाफ के बीच में गेंद को अपने कब्जे में लिया। वह एवर्टन के दो खिलाड़ियों को चकमा देकर आगे बढ़े और फिर गोल दाग दिया। उन्होंने 16 साल और 73 दिन की उम्र में यह गोल करके नया रिकॉर्ड बनाया। प्रीमियर लीग में यह उनका केवल तीसरा मैच था। डोमैन ने एवर्टन के पूर्व खिलाड़ी जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2005 में 16 साल और 270 दिन की उम्र में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ गोल किया था। आर्सेनल ने इस जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं। दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के 30 मैच में 61 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। एक अन्य मैच में न्यूकैसल ने चेल्सी को 1-0 से हराया।

डोमैन ने पिछले साल नवंबर में सबसे कम उम्र में चैंपियंस लीग में खेलने का रिकॉर्ड बनाया था। जब उन्होंने स्लाविया प्राग के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा था, तब उनकी उम्र 15 साल और 308 दिन थी। डोमैन अब भी स्कूल में पढ़ रहे हैं।

### प्रीमियर लीग के सबसे कम उम्र के गोल स्कोररों की सूची

| खिलाड़ी | उम्र | साल | टीम | विरुद्ध |
|---|---|---|---|---|
| मैक्स डोमैन | 16 वर्ष, 73 दिन | 2026 | आर्सेनल | एवर्टन |
| जेम्स वॉन | 16 वर्ष, 270 दिन | 2005 | एवर्टन | क्रिस्टल पैलेस |
| जेम्स मिलनर | 16 वर्ष, 356 दिन | 2002 | लीड्स | सुंदरलैंड |
| वायने रूनी | 16 साल, 360 दिन | 2002 | एवर्टन | आर्सेनल |
| रियो न्गुमोहा | 16 वर्ष, 361 दिन | 2025 | न्यूकैसल | सेलिवरपूल |

### एल्चे पर जीत से बार्सिलोना के करीब पहुंचा रियाल मैड्रिड

**बार्सिलोना, जेएनएन।** फेडेरिको वाल्वरडे ने तीन मैचों में पांचवां गोल दागकर शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे रियाल मैड्रिड एल्चे को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है। उरुग्वे के मिडफील्डर वाल्वरडे ने हाफ टाइम से ठीक पहले दाएं पैर से घुमावदार शॉट लगाकर मैड्रिड की बढ़त को दोगुना किया। वाल्वरडे ने इससे पहले चैंपियंस लीग के अंतिम 16 के पहले चरण के मैच में रियाल मैड्रिड की मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ 3-0 की जीत में हैट्रिक बनाई थी। उससे पहले उन्होंने लालिगा के पिछले दौर में सेल्टा विगो के खिलाफ 2-1 से जीत में भी गोल किया था। इस जीत से रियाल मैड्रिड के 28 मैच में 66 अंक हो गए हैं। बार्सिलोना के 27 मैच में 67 अंक हैं।



## न्यूजीलैंड का 10वां सबसे छोटा स्कोर दक्षिण अफ्रीका ने जीता पहला टी-20



**माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड), जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका ने पदार्पण कर रहे चार खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 14.3 ओवर में 91 रन पर समेटने के बाद पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच सात विकेट से जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका ने पदार्पण कर रहे सलामी बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन की 48 गेंद में नाबाद 45 रन की पारी की बदौलत 20 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 93 रन बनाकर जीत दर्ज की। पदार्पण कर रहे डियान फोरेस्टर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। एस्टरहुइजेन ने 17वें ओवर में काइल जेमीसन पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। न्यूजीलैंड की विश्व कप टीम के आठ सदस्य इस सीरीज का हिस्सा नहीं हैं, जिसमें फाइनल में भारत के खिलाफ 96 रन से शिकस्त झेलने वाली टीम के शीर्ष छह बल्लेबाज भी शामिल हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने पावरप्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए और अंततः टी-20 में अपने 10वें सबसे कम स्कोर पर सिमट गई, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा सबसे कम स्कोर है। गेराल्ड कोएट्जी (14 रन पर दो विकेट) ने न्यूजीलैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (01) और टॉम लैथम (07) को पवेलियन भेजा, जबकि ओटनील बार्टमैन (22 रन पर दो विकेट) ने टिम रोबिनसन (06) और निक कैली (02) की पारी का अंत किया। बेवन जैकब्स (10) इसके बाद रनआउट हुए, जिससे न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 36 रन हो गया। प्लेयर ऑफ द मैच कोबानी मोकोएना (26 रन पर तीन विकेट) ने न्यूजीलैंड के निचले क्रम को समेटा। जिमी नीशाम (26) और मिचेल सेंटनर (15) ने सातवें विकेट के लिए 26 रन जोड़े जो पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रही।

### फ्यूचर्स कप: चंद्रिका को स्वर्ण, भारत ने पांच पदक से अभियान खत्म किया



**बैंकॉक, जेएनएन।** भारत ने विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में अपना अभियान पांच पदक के साथ खत्म किया, जिसमें एक स्वर्ण पदक भी शामिल है। युवा ओलंपिक वजन वर्ग में मुकाबला करते हुए भारत की अंडर-19 पुरुष और महिला टीमों ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया। इस अभियान की अगुआई चंद्रिका पुजारी ने की, जिन्होंने महिलाओं के 51 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की मार्दोनोवा नाजोकत को सर्वसम्मत फैसले से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन भारतीय मुक्केबाजों ने अपने वजन वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बाद रजत पदक जीते। गुंजन (48 किग्रा) इंग्लैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी से 5-0 के फैसले से हार गईं, जबकि जॉयश्री देवी (54 किग्रा) कड़े मुकाबले के बाद अमेरिका की एक मुक्केबाज से 1-4 से पराजित हो गईं।

### मर्सीडीज के एंटोनेली फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बने




**शंघाई, जेएनएन।** किमी एंटोनेली ने रविवार को हुई चीन ग्रां प्री में मर्सीडीज के लिए जीत हासिल की, जिससे वह फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए। इटली के 19 वर्षीय एंटोनेली पोल पोजिशन से शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के ड्राइवर थे। रेस की शुरुआत में कु.छ समय के लिए फेरारी के लुइस हैमिल्टन ने बढ़त बनाई, लेकिन जल्द ही एंटोनेली ने फिर से बढ़त बना ली। इसके बाद पूरी रेस पर उनका ही नियंत्रण रहा। एंटोनेली के साथी जॉर्ज रसेल ने फेरारी ड्राइवरों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। लुइस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। कम उम्र में ग्रां प्री जीतने वाले एकमात्र ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन हैं, जिन्होंने 2016 में जब अपनी पहली जीत हासिल की थी तब उनकी उम्र 18 साल थी। फॉर्मूला वन और उसकी संचालन संस्था फिया ने कहा है कि ईरान युद्ध से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण अप्रैल में बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली ग्रां प्री रेस नहीं होंगी। एफवन रेस 12 को बहरीन में और 19 अप्रैल को सऊदी अरब के जेद्दा में होनी थी।

## इंडियन वेल्स: विश्व नंबर एक कार्लोस अल्काराज को हराकर मेदवेदेव फाइनल में, खिताबी भिड़ंत सिनर से

जेएनएन, इंडियन वेल्स (अमेरिका)

दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्काराज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्काराज ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्काराज और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया।



मेदवेदेव इससे पहले अल्काराज के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्काराज पर पहली जीत है। सिनर ने ज्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का जवेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत शामिल है।

### टेलर-कैटरीना की जोड़ी बनी चैंपियन

महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रूनिक को 7-6 (4), 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में गुइडो एंड्रेओजी और मैनुअल गिनार्ड ने आर्थर रिंडरकनेच और वैलेंटीन वाचेरोट को 7-6 (3), 6-3 से पराजित किया।

## पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**कराची, जेएनएन।** भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। सरफराज की कप्तानी में पाकिस्तान ने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी और 2006 का अंडर-19 विश्व कप अपने नाम किया। सरफराज ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि सरफराज के संन्यास लेने की औपचारिक घोषणा के बाद अब पीसीबी उन्हें लंबी अवधि के लिए राष्ट्रीय टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर सकता है। पीसीबी ने ऑलराउंडर अजहर महमूद का अनुबंध समाप्त कर दिया था, जिसके बाद से टेस्ट टीम के मुख्य कोच का पद खाली पड़ा है। महमूद ने पिछले साल टेस्ट टीम के अंतरिम मुख्य कोच के रूप में कार्य किया था। मई में 39 वर्ष के होने वाले सरफराज को हाल में पाकिस्तान अंडर-19 और शाहीन टीमों का मेंटोर (मार्गदर्शक) और मैनेजर नियुक्त किया गया था। सरफराज ने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल अक्टूबर ने खेला था।



- सरफराज ने 2007 से 2023 के बीच पाकिस्तान की तरफ से 54 टेस्ट, 117 वनडे और 61 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने तीनों प्रारुप में 100 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी भी की है।

### देव-कुलदीप कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने पांचवीं इंडियन ओपन जंप्स प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बेंगलुरु में आयोजित प्रतियोगिता में अकादमी के आदित्य रघुवंशी ने पुरुष हाई जंप स्पर्धा में 2.13 मीटर की शानदार छलांग लगाकर रजत पदक हासिल किया। वहीं पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा में अकादमी के देव कुमार मीणा और कुलदीप कुमार ने 5.25 मीटर की शानदार छलांग लगाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई किया। 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स 23 जुलाई से 2 अगस्त स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित होंगे।

## जेएन भाया टी-20: ग्वालियर को हराकर रीवा बना चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** रीवा की टीम ने फाइनल में ग्वालियर को 60 रन से हराकर जेएन भाया ट्रॉफी सीनियर मेंस टी-20 टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रीवा ने 7 विकेट खोकर 244 रन बनाए। रोहित गुप्ता (35 गेंदों में 72 रन), सागर पी. सिंह बघेल (22 गेंदों में 51 रन) और अनंत वर्मा (24 गेंदों में 46 रन) तेज पारियां खेलीं। जवाब में ग्वालियर की टीम 19.2 ओवर में 184 रन पर सिमट गई। अमन भदौरिया ने 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि अमन यादव ने 45 और वेदांश व्यास ने 24 रन बनाए। रीवा के त्रिपुरेश सिंह ने 4 विकेट हासिल किए। ओमकारनाथ सिंह को दो ओर अधीर पी. सिंह को एक सफलता मिली। प्लेयर ऑफ द मैच रोहित रहे। विजेता, उपविजेता टीम और खिलाड़ियों को बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, एमपीसीए ऑब्जर्वर नितिन श्रीवास्तव, सेज ग्रुप के एमडी करण खुराना और बीडीसीए के मानद सचिव शांति कुमार जैन और उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुशील सिंह ठाकुर ने पुरस्कृत किया।



## संक्षिप्त समाचार

### टीवीके प्रमुख विजय से सीबीआई की पूछताछ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** फिल्म अभिनेता और तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय रविवार को नई दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय में पेश हुए हैं। यह पूछताछ सितंबर 2025 में तमिलनाडु के करूर में विजय की पार्टी की उद्घाटन रैली के दौरान हुई भगदड़ के संबंध में है, जिसमें 41 लोगों की जान चली गई थी और 60 से अधिक घायल हुए थे। यह विजय की पूछताछ का तीसरा दौर है। इससे पहले उनसे जनवरी 2026 में दो बार पूछताछ की जा चुकी है। विजय ने चुनावों के कारण चेन्नई या तमिलनाडु के किसी कार्यालय में पूछताछ करने का अनुरोध किया था, जिसे सीबीआई ने खारिज कर दिया और उन्हें दिल्ली मुख्यालय बुलाया। इस मामले में सीबीआई ने करूर के डीएमके विधायक सेंथिल बालाजी को भी 17 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है।

### केजरीवाल-सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट का किया रुख

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को ठुकरा दिया है, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति मामले को किसी दूसरे जज के पास ट्रांसफर करने की मांग की थी। केजरीवाल ने एक पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि सीबीआई की याचिका, जो उनकी दोषमुक्ति के खिलाफ दायर की गई है, उसे जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की बेंच से किसी दूसरी बेंच में ट्रांसफर किया जाए। हाईकोर्ट के इस झटके के बाद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। यह मामला उस सीबीआई याचिका से जुड़ा है, जिसमें निचली अदालत द्वारा 27 फरवरी 2026 को केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य को आरोप मुक्त करने के फैसले को चुनौती दी गई है।

### भाजपा ने ओडिशा से 82 विधायक पारादीप भेजे

**भुवनेश्वर,जेएनएन।** ओडिशा में 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भाजपा ने 82 विधायकों को रणनीतिक रूप से पारादीप भेज दिया है। यह कदम 'रिसॉर्ट पॉलिटिक्स' का हिस्सा माना जा रहा है, ताकि विपक्षी दलों द्वारा संभावित हॉर्स-ट्रेडिंग या क्रॉस-वोटिंग को रोका जा सके। विधायक पारादीप के एक होटल में ठहरे हैं, जिसका स्वामित्व निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के पास बताया जा रहा है। वे वहां रविवार रात तक रुकेंगे। सोमवार सुबह सीधे मतदान के लिए विधानसभा पहुंचेंगे। पारादीप में विधायकों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया है। भाजपा ने मनमोहन सामल और सुजीत कुमार को उम्मीदवार बनाया है, जबकि होटल व्यवसायी दिलीप राय को निर्दलीय के रूप में समर्थन दिया है।

### अवसरवादी का ऑप्शन 'पंडित' देने पर विवाद

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश दरोगा भर्ती परीक्षा 2026 के दौरान हिंदी के एक प्रश्न में 'अवसरवादी' (अवसर के अनुसार बदल जाने वाला) शब्द के पर्यायवाची के रूप में विकल्प में 'पंडित' शब्द दिए जाने पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। यह परीक्षा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 14 और 15 मार्च 2026 को आयोजित की जा रही थी। सामान्य हिंदी खंड में एक वाक्यांश के लिए एक शब्द पूछा गया था: 'अवसर के अनुसार बदल जाने वाला'। प्रश्न के चार विकल्प थे—सदाचारी, पंडित, अवसरवादी और निष्कपट। 'पंडित' शब्द को अवसरवादिता जैसे नकारात्मक अर्थ के साथ जोड़ने पर ब्राह्मण समाज और कई भाजपा नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई है। उनका तर्क है कि 'पंडित' शब्द विद्वत्ता और धार्मिक सम्मान का प्रतीक है, इसे अवसरवादी कहना अपमानजनक है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि किसी भी जाति या धर्म को लेकर अमर्यादित टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## नारंगी पहाड़ियों के बीच रेगिस्तान में वसंत...



यह तस्वीर अमेरिका के कैलिफोर्निया के एंटेलोप वैली कैलिफोर्निया पॉपी रिजर्व की है, जहां वसंत ऋतु में कैलिफोर्निया का राज्य फूल, पॉपी, बड़े पैमाने पर खिलता है। यह रिजर्व पश्चिमी मोजवे रेगिस्तान में स्थित है और इसे विशेष रूप से इन फूलों के संरक्षण के लिए बनाया गया है। यहां वाइल्डफ्लावर सीजन आमतौर पर मध्य-फरवरी से मई तक रहता है, जिसके दौरान पहाड़ियां नारंगी और पीले रंगों से ढंक जाती हैं। पर्यटकों के लिए यहां आठ मील से अधिक के पगडंडी हैं, जहां से इन शानदार नजारों का आनंद लिया जा सकता है।

**अमेरिका-ईरान युद्ध : ट्रंप की चेतावनी बेअसर, ईरान ने फिर बनाया निशाना**

# अमेरिकी दूतावास पर गिरा मिसाइल का मलबा, इस्फहान में हमला, 15 की मौत

**तेहरान, तेल अवीव, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में चल रही जंग थमती नहीं दिख रही है। दोनों ओर से मिसाइल हमलों की खबरें आती रही हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को यरूशलेम में अमेरिकी कौंसुल के निवास स्थान वाली इमारत पर एक इंटरसेप्ट किए गए ईरानी मिसाइल का मलबा गिरा है। यह घटना यरूशलेम को निशाना बनाकर किए गए मिसाइल हमलों के दौरान हुई। हालांकि, इमारत को नुकसान पहुंचा है, लेकिन इस विशेष घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं ईरान के इस्फहान पर रविवार को इजराइल और अमेरिका के हमले में 15 लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने शनिवार को ईरान के खार्ग आइलैंड पर हमले का फुटेज जारी किया। उधर, बहरीन ने ईरान के साथ जारी संघर्ष की शुरुआत से अब तक बड़ी संख्या में हमलों को विफल किया है। बहरीन के रक्षा बल के अनुसार, युद्ध शुरू होने से अब तक 125 मिसाइलें और 211 ड्रोन इंटरसेप्ट किए जा चुके हैं। इन हमलों में बंदरगाहों, एक रिफाइनरी, एक होटल और एक जल विलवणीकरण संयंत्र को निशाना बनाया गया है। ईरानी मिसाइलों और ड्रोनों के हमले के बाद, पीक सीजन में भी पर्यटकों ने दुबई से किनारा कर लिया है। जुमेराह बीच रेजिडेंस जैसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा पसरा है। शहर के प्रमुख बाजारों में रेस्तरां की छतें और कैफे की कुर्सियां खाली पड़ी हैं। कई विक्रेताओं ने बताया है कि उन्हें दिनभर में एक भी ग्राहक नहीं मिल रहा है।



लेबनान में रहवासी इलाकों में इजराइली हमले के बाद बेरूत के बीच से उठता धुआं।

### लेबनान में 2 लाख से अधिक बच्चे बेघर

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण लेबनान और दुबई दोनों पर गहरा मानवीय और आर्थिक प्रभाव पड़ा है। लेबनान में युद्ध के कारण विस्थापन और मौतों का आंकड़ा तेजी से बढ़ा है। यूनिसेफ और अन्य संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अनुसार, लेबनान में 2 लाख से अधिक बच्चे अपने घरों से बेघर हो चुके हैं। पूरे देश में लगभग हर 10 में से एक बच्चा विस्थापित है। मार्च 2026 के मध्य तक, लेबनान में लगभग 8 लाख से 10 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं। लगभग 328 स्कूलों का उपयोग सामूहिक आश्रय स्थलों के रूप में किया जा रहा है, जिससे 1 लाख से अधिक छात्रों की शिक्षा बाधित हुई है। मार्च के पहले 10 दिनों में ही लेबनान में 80 से अधिक बच्चों की मौत की पुष्टि हुई है।

### मौत की अफवाह के बीच कॉफी पीते दिखे नेतन्याहू

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मौत की अफवाह के बीच सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है। इसमें वे रेस्टोरेंट में बैठकर कॉफी पीते नजर आ रहे हैं।



उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा-'वे कहते हैं कि मैं क्या हूं?' इससे पहले खबर फैल गई थी कि नेतन्याहू मारे गए हैं। 13 मार्च को उनके वीडियो मैसेज में कुछ लोगों ने दावा किया कि उनके दाएं हाथ में 6 उंगलियां दिख रही हैं। कई यूजर्स ने उस वीडियो को एआई या डीपफेक बताना शुरू कर दिया। इसके बाद अफवाह फैलने लगी कि ईरान के हमले में नेतन्याहू की हत्या हो गई या वे जर्मनी भाग गए हैं। हालांकि बाद में इजराइली पीएम ऑफिस ने बयान जारी कर कहा था कि नेतन्याहू पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### यूएई में 19 भारतीय सहित 35 गिरफ्तार

यूएई में इजराइल-अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच 19 भारतीयों सहित कुल 35 लोगों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर भ्रामक और फर्जी वीडियो क्लिप साझा करने के आरोप में की गई है। गिरफ्तार किए गए लोगों पर क्षेत्रीय तनाव के दौरान सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो फैलाकर जन व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। यह कार्रवाई पहले दिन पकड़े गए 10 लोगों (जिनमें दो भारतीय शामिल थे) के अलावा की गई है।

**संकट की जड़ : डिमांड और सप्लाई के बीच बड़ा गैप**

## एलपीजी: मांग में जबरदस्त उछाल रॉकेट की तरह एकदम बढ़ी खपत

आज के दौर में एलपीजी हर घर की जरूरत है, लेकिन आपके रसोई घर तक पहुंचने वाला यह सिलेंडर वैश्विक राजनीति और घरेलू उत्पादन की पेचीदा कड़ियों से जुड़ा है? पिछले एक दशक में भारत में एलपीजी की खपत में अविश्वसनीय वृद्धि हुई है, जहां 2015-16 में यह 19.6 एमएमटी थी, वहीं 2024-25 में बढ़कर 31.3 एमएमटी हो गई है। उज्ज्वला योजना और बढ़ते शहरीकरण के कारण उपभोक्ताओं की संख्या 16.6 करोड़ से बढ़कर 33 करोड़ पहुंच गई है। यानी, पहले से दोगुने घरों में अब गैस चूल्हा जल रहा है। इस वजह से, हम अपनी कुल मांग का केवल 941 फीसदी (लगभग 12 एमएमटी) ही देश के अंदर पैदा कर पाते हैं। जब हम घर में सिर्फ 41 फीसदी बना पाते हैं, तो बाकी कहां से आता है? हमें अपनी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा विदेशों से आयात (18.3 एमएमटी) करना पड़ता है।

**एलपीजी खपत**
31.3 एमएमटी 2024-25 में
19.6 एमएमटी 2015-16 में




## राजस्थान में बम ब्लास्ट के लिए पाकिस्तान से भेजा था आईईडी

**जयपुर, जेएनएन।** राजस्थान में बम ब्लास्ट की हालिया साजिश के बारे में खुलासा हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों ने खुलासा किया है कि राजस्थान के हनुमानगढ़ में बम धमाकों के लिए पाक स्थित आतंकवादी शहजाद भट्टी ने ड्रोन के जरिए पंजाब में आरडीएक्स भेजा था। आतंकवादियों की पहली योजना राजस्थान के हनुमानगढ़ में धमाका करने की थी। वहां आईईडी पहुंच चुका था, लेकिन आरडीएक्स समय पर न मिलने के कारण यह साजिश विफल हो गई। इस मामले में पुलिस ने अजमेर के एक युवक सहित तीन संदिग्धों को हरियाणा के अंबाला से गिरफ्तार किया है। ये आरोपी विस्फोटक लेकर अंबाला कैंट की ओर जा रहे थे।

**अजमेर के एक युवक सहित 3 संदिग्ध अंबाला से गिरफ्तार**

**व्हाट्सएप कनेक्शन और नेटवर्क:** जांच में सामने आया है कि आरोपी व्हाट्सएप के जरिए पाक में बैठे आतंकियों के संपर्क में थे। हनुमानगढ़ के अलावा इनके निशाने पर अंबाला की तीन जगहें भी थीं, इससे पहले मई 2025 में भी पाकिस्तान की ओर से जैसलमेर और हनुमानगढ़ बॉर्डर के पास मिसाइल हमले और जिंदा बम मिलने की खबरें आई थीं, जिन्हें भारतीय वायुसेना और सेना ने सफलतापूर्वक विफल कर दिया था। सुरक्षा एजेंसियां इन घटनाओं की गहनता से जांच कर रही हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए केंद्रीय जांच एजेंसियां भी स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय कर रही हैं। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय अधिकारियों को दें।

### गाजियाबाद में आईएसआई जासूसी रैकेट का भंडाफोड़

**गाजियाबाद, जेएनएन।** गाजियाबाद पुलिस ने एक बड़े आईएसआई जासूसी रैकेट का भंडाफोड़ किया है, जिसमें एक महिला सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह नेटवर्क दिल्ली-एनसीआर और अन्य राज्यों में 50 से अधिक संवेदनशील ठिकानों पर सौर ऊर्जा से चलने वाले कैमरे लगाकर सीधे पाकिस्तान को लाइव फीड भेजने की तैयारी में था। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपी सुहेल मलिक (मेरठ), साने इरम उर्फ महक (संभल), प्रवीन, राज वाल्मीकि, शिवा वाल्मीकि और रितिक गंगवार को कौशांबी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे। उन्हें वीडियो के लिए 20,000, फोटो के लिए 10,000 और लोकेशन शेयर करने के लिए 5,000 मिलते थे। गिरोह ने दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर पहले से ही एक छुपा हुआ सोलर-बेस्ड आईपी कैमरा लगाया था, जिसकी लाइव स्ट्रीम सीधे पाकिस्तान भेजी जा रही थी।

## प. बंगाल एसआईआर: भाषा और समय के दबाव में फंसे न्यायिक अधिकारी

**फाइलें लाखों, राज्य के 550 और ओडिशा-झारखंड के 200 अधिकारी काम में जुटे**

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची में 'तार्किक विसंगतियों' की जांच के लिए विशेष सत्यापन प्रक्रिया (एसआईआर) चल रही है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इस प्रक्रिया में 60 लाख संदिग्ध दस्तावेजों की जांच होनी है, जिसका जिम्मा जिन न्यायिक अधिकारियों को दिया गया है, वे भारी दबाव में हैं। प्रक्रिया में शामिल झारखंड से आए न्यायिक अधिकारी ने बताया कि रोजाना 300 मामलों का निपटारा करना पड़ रहा है। पश्चिम बंगाल के 550 अधिकारियों के अलावा ओडिशा और झारखंड के करीब 200 अधिकारी लगे हैं। बांग्ला में कई जगह कुछ उपनाम (सरनेम) दो-दो तरीके से लिखे जाते हैं, इनमें बनर्जी या बंधोपाध्याय, मुखर्जी या मुखोपाध्याय और चटर्जी या चट्टोपाध्याय समेत दर्जनों उपनाम शामिल हैं। अंग्रेजी में बनर्जी को अनुवाद के दौरान बांग्ला में बंधोपाध्याय करने से वैसे नाम तार्किक विसंगति की श्रेणी में आ गए, लेकिन यह फर्क वही कर सकता है, जिसे बांग्ला का समुचित ज्ञान हो। बाहरी राज्यों के न्यायिक अधिकारी शब्दों के खेल से अनजान हैं। इससे ऐसे मामलों में दस्तावेजों की जांच में समय लग रहा है।



### पुजारियों-मुअज्जिनों का मानदेय 500 रुपए बढ़ा

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को राज्य विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से ठीक पहले पुजारियों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में 500 की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। बढ़ोतरी के बाद अब पुजारियों और मुअज्जिनों को हर महीने 2,000 मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार ने मानदेय के लिए पुजारियों और मुअज्जिनों द्वारा जमा किए गए सभी नए आवेदनों को मंजूरी दे दी है। ममता बनर्जी ने एक्स पर बताया कि यह कदम इन धार्मिक सेवादारों की भूमिका को मान्यता देने के लिए उठाया गया है।

**आचार संहिता लागू होने से ऐनवक्त पहले सीएम ने किया ऐलान**

**स्वास्थ्य**

**स्टडी में सामने आया गट और ब्रेन का कनेक्शन**

# कमजोर याद्दाश्त के पीछे खराब पेट का संबंध

**नई दिल्ली, जेएनएन।** क्या आपने कभी सोचा है कि उम्र के साथ याद्दाश्त कमजोर होने का सीधा संबंध हमारे पेट और पाचन तंत्र से हो सकता है? आमतौर पर हम मानते हैं कि याद्दाश्त का कम होना उम्र बढ़ने का एक सामान्य हिस्सा है। लेकिन, हाल ही में हुए एक वैज्ञानिक शोध ने यह साबित किया है कि हमारी आंतों में मौजूद बैक्टीरिया और हमारे मस्तिष्क के बीच एक गहरा नाता है, जो हमारी याद्दाश्त को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ता क्रिस्टोफ थाइस और उनकी टीम ने यह जानने की कोशिश की कि आखिर क्यों कुछ लोग बहुत वृद्ध होने पर भी मानसिक रूप से एकदम तेज रहते हैं, जबकि अन्य लोगों की याददाश्त 50 या 60 वर्ष की उम्र से ही कमजोर होने लगती है। प्रतिष्ठित 'नेचर' पत्रिका में प्रकाशित यह शोध चूहों पर किया गया। इस अध्ययन से एक चौंकाने वाली बात सामने आई कि याददाश्त में गिरावट कोई पहले से तय प्रक्रिया नहीं है। असल में, हमारा शरीर इसे सक्रिय रूप से नियंत्रित करता है और इस पूरी प्रक्रिया में हमारा पाचन तंत्र सबसे अहम भूमिका निभाता है।



### क्या इस समस्या को पलटा जा सकता है?


इस अध्ययन की सबसे बड़ी और सकारात्मक खोज यह है कि उम्र के साथ होने वाली इस स्मृति हानि को ठीक किया जा सकता है। प्रयोग के दौरान, जब उम्रदराज चूहों की आंत से मस्तिष्क तक संकेत भेजने वाली 'वेगस तंत्रिका' को उत्तेजित किया गया और उनके गट माइक्रोबायोम की संरचना में बदलाव किया गया, तो देखा गया कि उनकी याददाश्त वापस तेज हो गई। इसका सीधा अर्थ यह है कि आंत के जीवाणुओं को नियंत्रित करके उम्र से जुड़ी याददाश्त की समस्याओं को दूर करने की दिशा में यह एक बड़ी कामयाबी है।

### गट और ब्रेन का कनेक्शन

इस पूरी प्रक्रिया को समझने के लिए हमें अपने पेट के अंदर चल रही गतिविधियों को समझना होगा। हमारी आंतों में प्राकृतिक रूप से कई तरह के बैक्टीरिया पाए जाते हैं, जिनकी आबादी को 'गट माइक्रोबायोम' कहा जाता है। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, इन जीवाणुओं की संरचना में बदलाव आने लगता है। इनमें से कुछ जीवाणु हमारे लिए दूसरों की तुलना में अधिक फायदेमंद होते हैं। पाचन तंत्र में मौजूद प्रतिरक्षा कोशिकाएं आंत के इन बदलावों को तुरंत भांप लेती हैं और शरीर में एक सूजन प्रतिक्रिया पैदा करती हैं। यह सूजन हमारे शरीर की वेगस नर्व्स के काम में बाधा डालती है। वेगस तंत्रिका का मुख्य काम आंत से मस्तिष्क के हिप्पोकैम्पस तक संकेत भेजना है (हिप्पोकैम्पस मस्तिष्क का वह हिस्सा है जो हमारी याददाश्त और दिशा-निर्देशन के लिए जिम्मेदार होता है)। जब ये संकेत मस्तिष्क तक सही से नहीं पहुंचते, तो इंसान की याद्दाश्त कमजोर होने लगती है।

### 'धुरंधर-2' ने रिलीज से पहले 27.13 करोड़ कमाए

**मुंबई, जेएनएन।** आदित्य धर के निर्देशन में बनी और रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर-2' ने रिलीज से पहले ही बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त रिकॉर्ड बना दिया है। फिल्म ने केवल पेड प्रीव्यू शो के माध्यम से भारत में लगभग 27.13 करोड़ की कमाई की है। इस उपलब्धि के साथ फिल्म ने कई बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस कलेक्शन के साथ 'धुरंधर-2' ने 'बाहुबली 2' (22 करोड़), 'दे कॉल हिम ओजी' (23 करोड़) और 'स्त्री 2' (8.5 करोड़) जैसी फिल्मों के पेड प्रीव्यू रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। पेड प्रीव्यू शो के लिए लगभग 5.38 लाख टिकट बिके हैं। अगर वैश्विक स्तर पर एडवांस बुकिंग की बात करें, तो फिल्म ने रिलीज से पहले ही 50-60 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। यह फिल्म 19 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/-
संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sq.cm.
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 415/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक


## भिंड में बरेठा टोल प्लाजा पर 'नो रोड, नो टोल' आंदोलन आज

**जागरण, भिंड।** जिले में नेशनल हाईवे-719 की खराब हालत और लगातार हो रहे सड़क हादसों के विरोध में सोमवार को बरेठा टोल प्लाजा पर आंदोलन होगा। लंबे समय से सड़क को फोरलेन करने और हालत सुधारने की मांग कर रहे संत समाज ने अब नो रोड, नो टोल का नारा देते हुए टोल वसूली के खिलाफ प्रदर्शन का ऐलान किया है। आंदोलन की घोषणा के बाद जिला प्रशासन भी सक्रिय हो गया है।

## उपभोक्ता आयोग ने दिया साडा को 13 लाख लौटाने का आदेश

**जागरण, ग्वालियर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) को एक उपभोक्ता के 13 लाख लौटाने का आदेश दिया है। आयोग ने निर्देश दिया है कि यह राशि 45 दिन में लौटाई जाए और उस पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी दिया जाए। मामला थाटीपुर निवासी जय देवी तोमर से जुड़ा है। उपभोक्ता ने बताया कि पूरी राशि जमा करने के बावजूद उन्हें न तो मकान की रजिस्ट्री दी और न ही कब्जा सौंपा गया।

## "ट्वीट ऑफ द डे"



चंद्र शेखर पेम्मासानी
संचार राज्य मंत्री

ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) कर्मचारी "ग्रामीण भारत की धड़कन" हैं। वे देश भर में सरकारी सेवाओं को नागरिकों से जोड़ते हैं। पत्रों से लेकर पार्सल तक, सरकारी योजनाओं से लेकर बैंकिंग तक, आधार कार्ड से लेकर पासपोर्ट सेवाओं तक—आप हर गांव, हर गली और हर घर तक पहुंचते हैं। चिलचिलाती धूप और बारिश में भी, आप ग्रामीण भारत के लिए विश्वास का सेतु और सेवा का उदाहरण बने रहे हैं। आधुनिक डाक प्रणाली ने 1774 में कलकत्ता में प्रधान डाक घर की स्थापना के साथ रूप लिया।

### 98वां ऑस्कर अवॉर्ड-2026 सेरेमनी आज, , प्रियंका चौपड़ा दूसरी बार बनेंगी अवॉर्ड प्रिजेंटर

# सिनर्स ने 16 नॉमिनेशन पाकर टाइटैनिक का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई, जेएनएन।**

98वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी आज लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में होगी। भारतीय समयानुसार इसे सुबह साढ़े 4 बजे से टेलीकास्ट किया जाएगा। इस साल भारत की कोई फिल्म ऑस्कर नॉमिनेशनल हासिल नहीं कर सकी है, हालांकि भारतीय मूल की फिल्ममेकर गीता गंदभीर की 2 डॉक्यूमेंट्री फिल्मों को ऑस्कर में नॉमिनेशन मिला है। प्रियंका चोपड़ा 2016 के बाद फिर एक बार ऑस्कर अवॉर्ड प्रेजेंट करने वाली हैं। 2 बार प्रेजेंटर बनने वालीं वो इकलौती भारतीय हैं। इस साल हॉलीवुड फिल्म सिनर ने 16 ऑस्कर नॉमिनेशन हासिल कर रिकॉर्ड बनाया है।




### रिकॉर्ड कायम कर सकती है फिल्म सिनर्स

अगर ये फिल्म 11 से ज्यादा ऑस्कर जीतने में सफल रहती है, तो ये दुनिया की सबसे ज्यादा ऑस्कर जीतने वाली फिल्म बन जाएगी। फिलहाल ये रिकॉर्ड 1997 की टाइटैनिक, 2003 की लॉर्ड्स ऑफ द रिंग्स और 1995 की बेन हर के पास है। 98वें एकेडमी अवॉर्ड में सबसे ज्यादा 16 नॉमिनेशन अमेरिकन फिल्म सिनर्स को मिले हैं। इसी के साथ ये फिल्म ऑस्कर के इतिहास में सबसे ज्यादा नॉमिनेशन हासिल करने वाली फिल्म बन चुकी है। इससे पहले ये रिकॉर्ड ऑल अबाउट ईव (1950), टाइटैनिक (1997) और ला ला लैंड (2016) के पास था, जिन्हें कुल 14 नॉमिनेशन मिले थे।




### बेस्ट एक्टर का नॉमिनेशन लियोनार्डो डीकैप्रियो को

लियोनार्डो डीकैप्रियो को फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए बेस्ट एक्टर का नॉमिनेशन मिला है। वो अब तक कुल 6 ऑस्कर बेस्ट एक्टर नॉमिनेशन हासिल कर चुके हैं। साल 2015 की फिल्म रेवेनेंट के लिए उन्हें करियर का पहला बेस्ट एक्टर का ऑस्कर मिला था। लियोनार्डो की फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर को इस साल अलग-अलग कैटेगरी में 13 नॉमिनेशन मिले हैं।

### भारतीय मूल की गीता गंदभीर को मिले 2 नॉमिनेशन

गीता गंभदीर को ऑस्कर में दो नॉमिनेशन मिले हैं। पहला नॉमिनेशन उन्हें फिल्म द परफेक्ट नेबर के लिए बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म के लिए और दूसरा द डेविल इज बिजी के लिए बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म केटेगरी में मिला है। इससे पहले गीता 2 एमी अवॉर्ड्स भी जीत चुकी हैं। गीता के पिता शरद गंदभीर भारतीय थे, जो 1960 में यूएस जाकर बस गए थे।

### पहली बार मिलेगा बेस्ट कास्टिंग का अवॉर्ड

98वें ऑस्कर अवॉर्ड में नई कैटेगरी जोड़ी गई है। इस साल से बेस्ट कास्टिंग के लिए भी ऑस्कर दिया जाएगा, जबकि अब तक ये कैटेगरी ऑस्कर में शामिल नहीं थी। इस साल सिनर्स, मार्टी सुप्रीम, हेमनेट, वन बैटल आफ्टर अनदर और द सीक्रेट एजेंट फिल्मों के कास्टिंग डायरेक्टर्स को नॉमिनेशन मिला है।

### 98 साल में किसी भारतीय फिल्म को नहीं मिला ऑस्कर

ऑस्कर अवॉर्ड की शुरुआत साल 1929 में हुई। साल 1957 में बेस्ट फॉरेन लैंग्वेट कैटेगरी के जरिए दुनियाभर की फिल्में ऑस्कर में भेजी जाने लगीं। इस कैटेगरी के आने के बाद 1957 में फिल्म मदर इंडिया को भेजा गया। ये ऑस्कर जाने वाली पहली फिल्म बनी। इसके बाद 1989 में 'सलाम बॉम्बे', 2003 में 'लगान' और 2004 में मराठी फिल्म 'श्वास' को फाइनल नॉमिनेशन मिला, लेकिन फिल्म को अवॉर्ड नहीं मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### जानलेवा हमले के आरोपी बीएसएफ जवान समेत 6 गिरफ्तार



**जागरण, ग्वालियर।** थाटीपुर पुलिस ने पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला करने के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लाइसेंसी और अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। मामले का मुख्य आरोपी सोबरन सिंह बीएसएफ का जवान है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। ग्वालियर के थाटीपुर इलाके में 6 मार्च की देर रात सूरज सैनी घर के बाहर बैठा था। तभी सोबरन सिंह अपने दो बेटों अभिषेक, राहुल और साथियों शुभम खटीक, सोहेल खान व सक्षम खटीक के साथ वहां पहुंच गया। सभी ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सोबरन सिंह ने 12 बोर की बंदूक से जान से मारने की नीयत से गोली चला दी, जो सूरज के कंधे में जा लगी। गोली लगते ही वह घायल होकर गिर पड़ा।

### सीएमआरएस की टीम ने इंदौर मेट्रो का फाइनल निरीक्षण किया शुरू



**जागरण, इंदौर।** सीएमआरएस की टीम ने इंदौर मेट्रो के रेडिसन चौराहे तक विस्तार के लिए रविवार से निरीक्षण शुरू कर दिया है। निरीक्षण की शुरुआत सीएमआरएस की टीम ने सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर 2 से की है। हालांकि निरीक्षण की प्रक्रिया 4 दिनों तक चलेगी। प्रबंधन सीएमआरएस से ओके रिपोर्ट मिलने के बाद ही रेडिसन तक यात्रियों को बैठाकर मेट्रो का संचालन करेगा। बता दें की सुपर कारिडोर से रेडिसन चौराहे के बीच 11.5 किमी हिस्से में मार्च अंत तक मेट्रो का कमर्शियल रन होना है। सीएमआरएस नीलाभ्र सेनगुप्ता ने रविवार को छह सदस्यीय टीम के साथ इंदौर मेट्रो का निरीक्षण शुरू किया। शुरुआत में सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 2 से लवकुश चौराहे व कुमेड़ी स्थित मेट्रो स्टेशन तक के हिस्से का निरीक्षण किया जाएगा। टीम मेट्रो के 11 स्टेशन, वायडक्ट पर बने ट्रैक, सड़क पर बने प्रवेश- निकासी गेट, सिगनलिंग, इलेक्ट्रिकल का निरीक्षण करेगी।

# एचपीवी वैक्सीन: 28 लाख के मुकाबले सिर्फ 81 हजार लड़कियों को लगा टीका

### 28 फरवरी से शुरू हुआ है अभियान, इंदौर जिला सबसे पीछे, भोपाल की स्थिति भी दयनीय

**नगर संवाददाता, भोपाल।** महिलाओं को सवाईकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी वैक्सीन का टीका लगाया जा रहा है। देश भर में यह अभियान 28 फरवरी से शुरू हुआ है। मप्र में भी इस अभियान शुरूआत बड़े उत्साह से की गई थी, लेकिन प्रदेश में बीते 15 दिन में बहुत कम संख्या में लड़कियों का टीकाकरण हो सका है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस बात को समझ नहीं पा रहे हैं कि लड़कियां या उनके अभिभावक इस टीके के प्रति इतने उदासीन क्यों हैं। यदि डाटा की बात करें तो मप्र के सभी 52 जिलों में कुल 8 लाख 3 हजार 684 लड़कियों को एचपीवी का टीका लगना है। यह टारगेट स्वास्थ्य विभाग ने निर्धारित किया है। टीकाकरण अभियान तीन महीने तक चलेगा। अभियान 28 फरवरी से शुरू हुआ है और अब तक प्रदेश में कुल 81,359 लड़कियों को यह टीका लग सका है। जो कि पूरे टारगेट का महज 10 फीसदी है। यानि 15 दिन में सिर्फ दस फीसदी लक्ष्य हासिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि यह अभियान 3 महीने तक चलेगा। यदि वैक्सीनेशन की गति ऐसी ही रही तो तीन महीन में सिर्फ 60 फीसदी लक्ष्य ही पूरा हो पाएगा।



#### वैक्सीनेशन में टॉप 5 जिले

| जिला | टारगेट | कुल टीकाकरण |
|---|---|---|
| मंडला | 9785 | 3654 |
| बालाघाट | 15,541 | 5042 |
| राजगढ़ | 15,942 | 4995 |
| खरगौन | 23,051- | 6225 |
| डिंडौरी | 7,913 | 1923 |

#### वैक्सीनेशन में 5 सबसे पिछड़े जिले

| जिला | टारगेट | कुल टीकाकरण |
|---|---|---|
| इंदौर | 33,037 | 889 |
| धार | 27638 | 896 |
| आगर-मालवा | 6079 | 208 |
| रतलाम | 16424 | 589 |
| बड़वानी | 20,402 | 768 |

### आदिवासी जिले टॉप पर

किसी भी टीकाकरण अभियान की सफलता में उसका प्रचार-प्रसार और आमजन की जागरुकता का अहम रोल होता है। प्रदेश में जारी एचपीवी वैक्सीन के मामले में शहरों से ज्यादा रिस्पांस ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में देखा जा रहा है। अब तक अभियान में जबलपुर संभाग का मंडला जिला सबसे ऊपर है। यहां 3654 लड़कियों ने सवाईकल से बचाव में कारगर एचपीवी वैक्सीन लगवा ली है। जबकि इस जिले का कुल टारगेट 9785 है। यानि मंडला जिले ने अपने टारगेट का 37 फीसदी लक्ष्य हासिल कर लिया है।

### इंदौर 52 व भोपाल 34वें नंबर पर

महिलाओं में सवाईकल कैंसर के मामले ज्यादातर बड़े शहरों में डिटेक्ट किए जा रहे हैं। फिर भी एचपीवी वैक्सीन के प्रति लोग जागरुक नहीं है। प्रदेश में सबसे पीछे इंदौर जिला है। यहां टीकाकरण के 15 दिनों में सिर्फ 889 लड़कियों ने टीका लगवाया है। जबकि इंदौर का टारगेट 33,037 है। यानि इंदौर में अब तक सिर्फ 2.69 प्रतिशत ही लक्ष्य पहुंच सका है। ऐसा ही हाल भोपाल का है। भोपाल टीकाकरण के मामले में प्रदेश में 34वें पायदान पर है। भोपाल में अभी तक 1931 लड़कियों को एचपीवी की वैक्सीन लग सकी है।

### अभियान को गति देने लेना पड़ रहा सोशल मीडिया का सहारा

प्रदेश में धीमी रफ्तार से चल रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए स्वास्थ्य विभाग अब सोशल मीडिया इंफ्यूएंसर का सहारा ले रहा है। मार्च के पहले सप्ताह में एनएचएम द्वारा भोपाल व प्रदेश के बड़े सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के साथ बैठक की गई और उनसे कहा गया कि वह अपने अपने तरीके से इस टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरुक करें। जिससे अधिक संख्या में लड़कियां टीका लगवाएं। लेकिन विभाग के इस कदम का कोई खास असर होता नहीं दिख रहा है।

# इंदौर हाईकोर्ट में भोजशाला मामले में अहम सुनवाई आज

### एएसआई सर्वे रिपोर्ट पर पेश होंगी सभी पक्षों की आपत्तियां

**जागरण, धार।** प्रदेश के धार स्थित ऐतिहासिक इमारत भोजशाला मामले में 16 मार्च को इंदौर हाईकोर्ट में अहम सुनवाई होने जा रही है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से प्रस्तुत की गई सर्वे रिपोर्ट पर कोर्ट ने सभी पक्षों को आपत्तियां दर्ज कराने के लिए समय दिया था। सोमवार से अब इन्हीं आपत्तियों पर सुनवाई शुरू होगी।

जानकारी के अनुसार मुस्लिम पक्ष की ओर से सर्वे रिपोर्ट को लेकर कई अहम बिंदुओं पर आपत्तियां पेश की गई हैं। इन आपत्तियों की जानकारी भी सभी पक्षकारों को उपलब्ध करवा दी गई है। अब कोर्ट में इन बिंदुओं पर विस्तार से सुनवाई होगी। बताया जा रहा है कि हाईकोर्ट में भोजशाला से जुड़े अन्य आवेदनों पर भी 16 मार्च को सुनवाई हो सकती है। इस मामले में तीन अलग-अलग मुस्लिम पक्षों ने खुद को याचिका में पक्षकार बनाने के लिए आवेदन पेश किए हैं। संभावना जताई जा रही है कि इन आवेदनों पर भी सोमवार को ही सुनवाई हो सकती है।



### सभी याचिकाओं पर एकसाथ सुनवाई

हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से हाईकोर्ट में दायर याचिका के पक्षकार आशिष गोयल ने बताया कि 16 मार्च को होने वाली सुनवाई में भोजशाला सर्वे रिपोर्ट का क्रमांक 45वां है। ऐसे में संभावना है कि दोपहर करीब 12 बजे तक इस मामले में सुनवाई शुरू हो जाएगी। भोजशाला से जुड़ी अलग-अलग याचिकाओं की सुनवाई अब एक साथ की जा रही है। इसमें एक अन्य याचिकाकर्ता कुलदीप तिवारी और कमाल मौलाना वेलफेयर सोसायटी द्वारा दायर याचिकाओं पर भी कोर्ट में सुनवाई होगी।

### आधुनिक तकनीक के जरिए सर्वे के दिए थे आदेश

दरअसल भोजशाला के धार्मिक स्वरूप को तय करने के लिए हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके बाद कोर्ट ने भोजशाला परिसर में आधुनिक तकनीक के जरिए सर्वे कराने के आदेश दिए थे। आदेश के बाद एएसआई ने करीब 98 दिनों तक यहां विस्तृत सर्वे किया था। सर्वे पूरा होने के बाद एएसआई ने अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की थी। इसकी प्रतियां भी सभी पक्षकारों को उपलब्ध करवाई गई थीं। इसके बाद हाईकोर्ट ने इस रिपोर्ट पर आपत्तियां, सुझाव और सलाह पेश करने के लिए 16 मार्च की तारीख तय की थी। जिस पर सोमवार से सुनवाई शुरू होगी।

# टॉपर्स बच्चियों को शिक्षक ने करवाई हेलिकॉप्टर राइड

**डीडवाना, जेएनएन।** एग्जाम टॉप करने वाले बच्चों को पैरेंट्स या परिवार की ओर से खुशियां लुटाने के तो आपने हजारों मामले देखे होंगे, लेकिन राजस्थान में सरकारी शिक्षक ने अपने खर्च पर एग्जाम में टॉप करने वाली गर्ल्स के लिए कुछ ऐसा किया है, जो कई लोगों को प्रेरित करने वाला है। दरअसल, राजस्थान के सरकारी स्कूल की तीन मेधावी बेटियों के लिए 11 मार्च का दिन जिंदगी का बेहद खास और यादगार लम्हा बन गया। डीडवाना-कुचामन जिले के केराप गांव स्थित राजकीय महात्मा गांधी स्कूल की छात्राएं खुशी मेघवाल, रंजना नायक और ज्योति ने बोर्ड परीक्षा से पहले आयोजित एक टेस्ट में क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया था। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य राजेंद्र



ढाका ने छात्राओं से पूछा कि वे इनाम में क्या चाहती हैं। इस पर छात्राओं ने मजाक में कहा कि वे हेलीकॉप्टर में घूमना चाहती हैं। लेकिन प्रिंसिपल ने उनकी इस बात को ऐसे ही नजरअंदाज नहीं किया। उन्होंने करीब एक लाख रुपये का निजी खर्च कर जयपुर के पास चौमूं में इन तीनों छात्राओं को हेलीकॉप्टर में बैठाकर आधे घंटे तक आसमान की सैर करवाई। जब छात्राओं ने आसमान से जयपुर शहर को देखा तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# शत्रू संपत्ति का दायरा सीहोर व रायसेन तक, दोनों जगह जांच समिति बनाने की मांग

**नगर संवाददाता, भोपाल।** जिले में फैली शत्रू संपत्ति का दायरा पड़ोसी जिले रायसेन व सीहोर तक जाता है। इन जिलों में कितनी शत्रू संपत्ति है, इसका लेखा जोखा नहीं है। इसकी जांच के लिए अब सामाजिक कार्यकर्ता अमिताभ अग्निहोत्री ने सरकार से मांग की है। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि भोपाल की तर्ज पर रायसेन व सीहोर जिले में भी एक जांच समिति गठित होनी चाहिए। जो इन जिलों में शत्रू संपत्ति का रिकार्ड बनाकर सरकार के समक्ष प्रस्तुत करे। अग्निहोत्री ने बताया कि पूर्व भोपाल रियासत का अधिकार क्षेत्र भोपाल, सीहोर एवं रायसेन जिला सम्मिलित था। भोपाल जिले की शत्रु संपत्तियों की जांच के लिए कलेक्टर भोपाल द्वारा 7 अधिकारियों की जांच कमेटी गठित की गई। उसी प्रकार सीहोर एवं रायसेन जिले के कलेक्टर द्वारा शत्रु संपत्तियों की जांच के लिए कमेटी गठित की जाए। पूर्व भोपाल की उत्तरी सीमा, वर्तमान भोपाल जिला अंतर्गत आती है एवं पूर्व भोपाल रियासत की पूर्व सीमा, पश्चिमी सीमा, दक्षिणी सीमा वर्तमान सीहोर एवं रायसेन जिला अंतर्गत आती है। पूर्व भोपाल रियासत में लगभग 2500 गांव थे।






**मौसम** वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से देश के अलग-अलग हिस्सों में दिखाई दिया परिवर्तन

# उत्तर भारत में हुई बर्फबारी, ओले भी गिरे

**नई दिल्ली/ शिमला /देहरादून/ जयपुर/ लखनऊ, जेएनएन।** देश के अलग-अलग हिस्सों में कई तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड के केदारनाथ-पिथौरागढ़ में बर्फबारी हो रही है, वहीं नैनीताल में ओले गिरे हैं। मौसम विभाग ने 12 जिलों में आंधी-बारिश और बर्फबारी का अलर्ट दिया है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से आंधी और बारिश का असर है। वहीं, राजस्थान के 10 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी है। मध्य प्रदेश के भी 12 जिलों में बारिश की संभावना है।

यूपी में रविवार को मौसम अचानक बदल गया। सुबह नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या समेत 15 शहरों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। लखनऊ में बूंदाबांदी के साथ धूलभरी आंधी चली।



### मार्च में बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार, 18 मार्च तक आंधी-बारिश का दौर बना रहेगा। जानकारी अनुसार 17 मार्च को एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में बादल, बारिश, आंधी और गरज-चमक का दौर लगातार जारी रहेगा।

### राजस्थान में बारिश, ओले गिरे, 10 जिलों में आंधी बारिश का अलर्ट

उत्तर भारत में एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के कारण राजस्थान में मौसम बदल गया है। जयपुर, बीकानेर सहित कई जिलों शनिवार देर रात बारिश हुई। वहीं, खैरथल-तिजारा जिले के टपूकड़ा में रविवार सुबह ओले भी गिरे हैं। अचानक बदले मौसम से रात के तापमान में दो-तीन डिग्री की गिरावट के कारण गर्मी कम हो गई है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने आज 10 जिलों में बारिश का भी अलर्ट जारी किया है। केंद्र के अनुसार 18 मार्च से फिर बारिश और ओले गिरने की चेतावनी है।

### बदला प्रदेश का मौसम, 7 जिलों में छाए बादल

पश्चिमी विक्षोभ के कारण मध्य प्रदेश का मौसम रविवार को बदल गया। एक दिन पहले तक जहां लू का प्रभाव था, वहीं अब कई जिलों में बादल छाए रहे। मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार ग्वालियर-चंबल सहित विंध्य के जिलों में बादल छाए रहे। इससे तापमान में 1.7 डिग्री तक की गिरावट हुई। मौसम विभाग के अनुसार, ग्वालियर में रविवार को अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री, दतिया में 32.4 डिग्री, छिंदवाड़ा में 36 डिग्री, सिवनी में 35.6 डिग्री, मंडला में 37.2 डिग्री, बालाघाट में 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने जिलों में मौसम में बदलाव की बात कही थी। बारिश तो दर्ज नहीं की गई, लेकिन बादल जरूर छाए रहे। इस वजह से पारे में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, पिछले 3 दिन से तीव्र लू के प्रभाव वाले नर्मदापुरम में पारा लुढ़ककर 38.9 डिग्री पर आ गया। 5 बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 36.4 डिग्री, इंदौर में 35.5 डिग्री, ग्वालियर में 32.6 डिग्री, उज्जैन में 35.5 डिग्री और जबलपुर में तापमान 35.7 डिग्री दर्ज किया गया।


मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।